96 वीं त्रैमासिक बैठक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति झारखण्ड

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति झारखण्ड

Deposit
9.72%
Y-O-Y

Credit
18.63%
Y-O-Y

CD Ratio
07.10%
Y-O-Y

Gross NPA Percentage
-15.25%
Y-O-Y

संयोजक
बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी


जून'2026
कार्यसूची एवं पृष्ठभूमि नोट



श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्य मंत्री, झारखंड सरकार



श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय वित्त मंत्री, झारखंड सरकार



बैंकिंग भू-दृश्य - झारखण्ड

जनसंख्या	:	3.29 Cr.
क्षेत्रफल	:	79,714 sq. km
ज़िला	:	24
आकांक्षित जिला	:	19
अग्रणी बैंक	:	
बैंक ऑफ इंडिया	:	15
भारतीय स्टेट बैंक	:	07
इंडियन बैंक	:	02
कुल जमा राशि	:	4,04,979 Cr
कुल अग्रिम राशि	:	2,22,613 Cr
ऋण जमा अनुपात	:	54.97 %

बैंक शाखाएं	:	3,540
ए॰टी॰एम॰	:	3,388
आर॰से॰टी॰	:	24
रुड॰से॰टी॰	:	01
एफ़॰ एल ॰ सी ॰	:	48
गांवों की संख्या	:	32,620
ब्लॉकों की संख्या	:	264
ग्राम पंचायत की ख्या	:	4,345
बी॰सी॰ (स्थायी)	:	48,418

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति
झारखण्ड

96वीं त्रैमासिक बैठक की कार्यसूची

(जून 2026)

संयोजक :-

बैंक ऑफ़ इंडिया

रिश्तों की जमापूँजी

कार्यालय: "ईश्वरी आर्केड", छठा तल्ला, होटल रैडिसन ब्लु के सामने, 5, मेन रोड, राँची-834001
प्रधान कार्यालय: "स्टार हाउस", सी-5, 'G' ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री



संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, **झारखण्ड की 96 वीं बैठक जून, 2026 को समाप्त तिमाही के संदर्भ में** आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर बैठक में सम्मिलित सभी प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

झारखण्ड के समावेशी एवं सतत विकास में बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला एवं युवा उद्यमिता तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए समय पर एवं सुगम ऋण तथा वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता आवश्यक है।

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा वित्तीय समावेशन को मजबूत करने में बैंकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के साथ सरकार, बैंकिंग संस्थानों एवं अन्य हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय समय की आवश्यकता है। इसके लिए राज्य सरकार भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, SLBC, बैंकों एवं जिला प्रशासनों के मध्य निरंतर समन्वय तथा सामूहिक सार्थक प्रयास अपेक्षित है।


मुझे विश्वास है कि इस बैठक में राज्य के आर्थिक विकास, ऋण प्रवाह, वित्तीय समावेशन तथा विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रभावी कार्ययोजना पर सार्थक विचार–विमर्श होगा।

96वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की सफलता एवं झारखण्ड के समावेशी विकास की दिशा में सार्थक परिणामों के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

जोहार!

जय झारखण्ड!

(हेमन्त सोरेन)



कांके रोड, रांची - 834 008 (झारखंड)
दूरभाष : 0651-2280886, 2280996, 2400233 फैक्स: 2280717, 2400232
ई-मेल : chiefminister.jharkhand19@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

रबीन्द्र नाथ महतो
अध्यक्ष
झारखण्ड विधान सभा
राँची

RABINDRA NATH MAHATO
SPEAKER
JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY
RANCHI

पत्रांक / Letter No. : .....

दिनांक / Date : .....



संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड (SLBC) की 96वीं बैठक जून, 2026 को समाप्त तिमाही की समीक्षा के संदर्भ में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर बैठक में सम्मिलित सभी प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

झारखण्ड प्राकृतिक एवं खनिज संपदाओं के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परिश्रमी जनशक्ति और व्यापक विकास संभावनाओं वाला राज्य है। राज्य के समावेशी, संतुलित एवं सतत विकास में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशेषकर ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार, वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक संस्थागत वित्त की पहुँच सुनिश्चित करना समय की प्रमुख आवश्यकता है।

कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ झारखण्ड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। किसानों को समय पर एवं पर्याप्त ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से वित्तीय सहायता तथा पशुपालन, मत्स्यपालन एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसी प्रकार MSME, छोटे व्यवसायों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों एवं युवाओं को सुगम ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकता है।

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुँचाने में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय साक्षरता तथा सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार को बढ़ावा देना भी आवश्यक है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, SLBC, बैंकों एवं जिला प्रशासन के बीच निरंतर समन्वय और परिणामोन्मुखी प्रयास अपेक्षित हैं।

इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी को राज्य में वित्तीय समावेशन, ऋण प्रवाह तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से आम जनता को बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे उनके निरंतर प्रयासों के लिए विशेष रूप से बधाई देता हूँ। मुझे विश्वास है कि सरकार के प्रयासों और बैंकिंग क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी से राज्य के किसानों, उद्यमियों, महिलाओं, युवाओं तथा समाज के वंचित वर्गों तक वित्तीय अवसरों की पहुँच और अधिक सुदृढ़ होगी।

मुझे विश्वास है कि जून, 2026 को समाप्त तिमाही की समीक्षा से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर ऋण प्रवाह, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं प्राथमिकता क्षेत्र, MSME, महिला एवं युवा उद्यमिता तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस एवं परिणामोन्मुखी कदम निर्धारित किए जाएंगे।

96वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की सफलता एवं झारखण्ड के आर्थिक-सामाजिक विकास की दिशा में सार्थक परिणामों के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(रबीन्द्र नाथ महतो)

अध्यक्षीय कार्यालय : दूरभाष : 0651-2440400, फैक्स : 0651-2441712, मोबाईल : 9431370329, 8002513007
आवासीय कार्यालय : दूरभाष : 0651-2281884, फैक्स : 0651-2284046
e-mail : speaker.jla@gov.in

राधाकृष्ण किशोर

वित्त मंत्री



संदेश

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के कुशल निर्देश का परिणाम है कि झारखण्ड राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के द्वारा बैंकिंग से संबंधित प्रतिवेदन का विधानसभा के पटल पर उपस्थापन कर एक नई शुरुआत की जा रही है।

सामाजिक-आर्थिक उन्नति की जिम्मेवारी सिर्फ राज्य और केंद्र सरकार की ही नहीं है, अपितु बैंकर्स का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। झारखण्ड की बात की जाए तो सामाजिक प्रक्षेत्र, महिला और कमजोर वर्ग के लोगों का आर्थिक विकास, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग प्रक्षेत्र में उद्यमियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना, प्राथमिकता/गैर प्राथमिकता, कृषि, गृह निर्माण और शिक्षा ऋण आदि में लाभान्वितों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने की जिम्मेवारी बैंकर्स की होती है। श्री हेमंत सोरेन सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना- गुरूजी क्रेडिट कार्ड की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी इस प्रतिवेदन से प्राप्त किया जा सकता है।

झारखण्ड के सभी बैंकों में कुल जमा राशि और उसके विरुद्ध ऋण अग्रिम (CD Ratio), जिलावार किस बैंक की कितनी शाखाएं एवं एटीएम है, इसकी जानकारी माननीय सदस्यगण प्रस्तुत प्रतिवेदन से प्राप्त कर सकते हैं।

माननीय सदस्यों से अनुरोध होगा कि वे जिलावार बैंकर्स समिति की बैठक में अवश्य अपनी उपस्थिति प्रदान करें। आपकी उपस्थिति जिले में बैंकों को क्रियाशील बनाने में मजबूती प्रदान करेगी तथा जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों में लिए जाने वाले निर्णय आपके जिले को सतत समावेशी एवं आर्थिक विकास की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

(राधाकृष्ण किशोर)

शिल्पी नेहा तिर्की
मंत्री
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड सरकार



पत्रांक : ..... **संदेश** दिनांक : .....

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 96वीं बैठक, जून, 2026 को समाप्त तिमाही के संदर्भ में राज्य में बैंकिंग क्षेत्र की प्रगति तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए संस्थागत वित्त की उपलब्धता की समीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर बैठक में सम्मिलित सभी प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

झारखण्ड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं आजीविका में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषक समुदाय की आर्थिक सुरक्षा, कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा ग्रामीण आजीविका के सुदृढ़ीकरण के लिए समयबद्ध एवं पर्याप्त संस्थागत ऋण की उपलब्धता आवश्यक है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अधिकाधिक किसानों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने तथा कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण सुविधा का विस्तार इस दिशा में महत्वपूर्ण है।

कृषि विविधीकरण एवं ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने की दृष्टि से मिलेट्स, लाख एवं तसर जैसी स्थानीय गतिविधियों को प्रोत्साहन देना महत्वपूर्ण है। इनसे जुड़े कृषकों एवं ग्रामीण उद्यमियों को उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन हेतु संस्थागत ऋण की उपलब्धता से आय एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार किया जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन एवं अनियमित मौसम की परिस्थितियों में फसल जोखिम प्रबंधन का महत्व और बढ़ गया है। El Nino जैसी मौसमी परिस्थितियों के संभावित प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पात्र किसानों को आच्छादित करना आवश्यक है। फसल बीमा का व्यापक कवरेज कृषकों को प्राकृतिक आपदाओं एवं मौसम संबंधी जोखिमों से वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के साथ कृषि क्षेत्र में निवेश एवं आय की स्थिरता को बढ़ावा देगा। इस दिशा में बैंकों, कृषि विभाग, बीमा कंपनियों एवं जिला प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय एवं समयबद्ध कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।

राज्य के बिरसा किसानों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। बिरसा किसानों को बैंकिंग सेवाओं, KCC तथा आवश्यकतानुसार कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के लिए संस्थागत ऋण सुविधाओं से जोड़कर उनकी वित्तीय पहुँच एवं आर्थिक क्षमता को सुदृढ़ किया जा सकता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बैंक शाखाओं, कृषि विभाग एवं जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारियों के समन्वित प्रयास अपेक्षित हैं।

कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यपालन, बागवानी तथा अन्य संबद्ध गतिविधियाँ ग्रामीण आय एवं रोजगार के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इन क्षेत्रों में कार्यरत कृषकों एवं ग्रामीण परिवारों तक संस्थागत ऋण की पहुँच बढ़ाने तथा स्वयं सहायता समूहों एवं किसान समूहों को वित्तीय सहायता से जोड़ने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकता है। मिलेट्स, लाख एवं तसर सहित स्थानीय एवं पारंपरिक कृषि-आधारित गतिविधियों में मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित उद्यमों को वित्तीय सहयोग प्रदान करना किसानों की आय में वृद्धि तथा ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसरों के विस्तार में सहायक होगा।

मुझे विश्वास है कि 96वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक के अवसर पर प्रस्तुत जून, 2026 को समाप्त तिमाही के आँकड़े, प्रगति विवरण एवं विभिन्न अनुबंध (Annexures) राज्य में कृषि ऋण, KCC, बिरसा PMFBY, बिरसा किसान तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में संस्थागत वित्त की स्थिति का समग्र परिदृश्य प्रस्तुत करेंगे। इनकी समीक्षा के आधार पर किसानों की बैंकिंग व्यवस्था में कवरेज बढ़ाने, फसल बीमा के दायरे को व्यापक बनाने तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में ऋण प्रवाह को अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक कार्ययोजना निर्धारित की जा सकेगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य में कार्यरत सभी बैंक एवं वित्तीय संस्थान कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वित प्रयास करते हुए झारखण्ड के कृषक समुदाय को समयबद्ध ऋण, फसल जोखिम से सुरक्षा एवं सुलभ बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा कृषि विविधीकरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

96वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की सफलता तथा झारखण्ड के कृषक समुदाय के समृद्ध, सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

जोहार!

जय झारखण्ड!

Shilpi N. Tirkey

(शिल्पी नेहा तिर्की)

शुभ संदेश



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड राज्य सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड तथा बैंकिंग संस्थानों के मध्य समन्वय स्थापित करने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थागत मंच है। यह न केवल राज्य में बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि राज्य की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप ऋण प्रवाह, वित्तीय समावेशन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक नीति-आधारित संवाद एवं समन्वय को भी सुदृढ़ करता है।

मुझे प्रसन्नता है कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 96वीं बैठक के अवसर पर जून, 2026 को समाप्त तिमाही की बैंकिंग उपलब्धियों, प्रगति, विश्लेषण एवं विभिन्न सांख्यिकीय विवरणों को समाहित करते हुए यह प्रकाशन तैयार किया गया है। इस पुस्तक में संकलित तथ्य एवं आँकड़े राज्य में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन, ऋण प्रवाह, वित्तीय समावेशन तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण की प्रगति का व्यापक परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं, जो नीति-निर्माण एवं प्रभावी निर्णय प्रक्रिया में उपयोगी सिद्ध होंगे।

विगत वर्षों में राज्य में वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार तथा संस्थागत ऋण की उपलब्धता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 30 जून, 2026 को राज्य का ऋण-जमा अनुपात 54.97 प्रतिशत तक पहुँचना इस दिशा में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। तथापि, राज्य की विकास आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बैंकिंग संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने, वित्तीय समावेशन को और व्यापक बनाने, Re-KYC, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा सुरक्षित साइबर व्यवहार के प्रति जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने हेतु सभी संबंधित संस्थाओं के बीच प्रभावी समन्वय अपेक्षित है।

मुझे विश्वास है कि यह प्रकाशन राज्य सरकार, नीति-निर्माताओं, बैंकिंग संस्थानों, जिला प्रशासन एवं अन्य हितधारकों के लिए एक उपयोगी संदर्भ दस्तावेज के रूप में कार्य करेगा तथा 96वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में राज्य की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप ठोस एवं परिणामोन्मुखी निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होगा।

मैं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड तथा इस प्रकाशन की तैयारी में योगदान देने वाले सभी बैंकिंग संस्थानों एवं संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों से झारखण्ड में समावेशी, संतुलित एवं सतत आर्थिक विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति और अधिक प्रभावी रूप से सुनिश्चित होगी।

जोहार!
जय झारखण्ड!

(प्रशांत कुमार, भा॰प्र॰से)
सचिव, वित्त विभाग , झारखण्ड सरकार



संदेश

प्रिये साथियों एवं पाठकों,
जोहार।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 96वीं बैठक के अवसर पर जून 2026 को समाप्त तिमाही की प्रगति को समाहित करती यह संदर्भ पुस्तिका प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

झारखण्ड के समावेशी, संतुलित एवं सतत आर्थिक विकास में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका निरंतर सुदृढ़ होती जा रही है। राज्य सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, नाबार्ड तथा सभी सदस्य बैंकों के समन्वित प्रयासों से वित्तीय समावेशन को गति मिली है तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, कृषि, एमएसएमई, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

विगत वर्षों में झारखण्ड में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग, कृषि एवं एमएसएमई वित्तपोषण तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब आवश्यकता है कि इन उपलब्धियों को आधार बनाकर विकास की गति को और अधिक तीव्र बनाया जाए तथा बैंकिंग सेवाओं का लाभ राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक, प्रत्येक जिले एवं प्रत्येक समुदाय तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे।

हमारी प्राथमिकताएँ – "विकास के साथ अनुशासन"

1. समावेशी विकास के प्रमुख आयाम

- **कृषि एवं किसान कल्याण:** किसान क्रेडिट कार्ड एवं बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से सभी पात्र ऋणी किसानों को समय पर सुरक्षा कवच देना। कृषि को केवल ऋण से नहीं, बल्कि आय और आजीविका से जोड़ना।
- **मातृशक्ति का आर्थिक सशक्तिकरण:** स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों को PMEGP, PMFME, PM SVANidhi सहित विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना।
- **एमएसएमई एवं स्वरोजगार:** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित कर स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों का विस्तार करना।
- **वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता:** Re-KYC, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को शत-प्रतिशत कवरेज, हमारा राष्ट्रीय दायित्व है।

2. वित्तीय अनुशासन एवं उत्कृष्टता: विकास तभी सतत होगा जब परिसंपत्ति गुणवत्ता सुदृढ़ होगी एवं समय से ऋण का भुगतान करने के लिए लोगो मे हैबिट बनेगी , जिससे उनकी क्रेडिट हिस्ट्री अच्छी होगी और भविष्य मे उन्हे एवं उनके परिवार को लोन आसानी से मिल सकेगा।

SLBC की भूमिका: DLCC, BLBC, LDM और शाखा स्तर तक समन्वय को और मजबूत करना होगा। SLBC एक प्रभावी समन्वय मंच के रूप में राज्य सरकार, RBI, NABARD एवं सभी हितधारकों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे।

यह प्रकाशन केवल आँकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि झारखण्ड के आर्थिक विकास, वित्तीय समावेशन एवं बैंकिंग क्षेत्र की सामूहिक प्रतिबद्धता का दर्पण है। आशा है कि इसमें संकलित जानकारी राज्य के विकास संबंधी निर्णयों एवं नीतिगत विमर्श में उपयोगी सिद्ध होगी तथा बैंकिंग क्षेत्र और जनप्रतिनिधियों के मध्य प्रभावी संवाद को और सुदृढ़ करेगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्पण से हम झारखण्ड को अधिक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं वित्तीय रूप से सशक्त राज्य बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर रहेंगे।

इस उपयोगी प्रकाशन के सफल प्रकाशन हेतु मैं सभी सहयोगी संस्थाओं, सदस्य बैंकों एवं योगदानकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित,

(गुरु प्रसाद गोंड)
महाप्रबंधक एवं संयोजक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ



क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची

आमुख

जोहार! वित्तीय वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही के अंत में राज्य की बैंकिंग एवं वित्तीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए यह संतोष का विषय है कि ऋण प्रवाह में निरंतर वृद्धि बनी हुई है। जून 2026 के अंत तक राज्य का ऋण-जमा (CD) अनुपात 54.97% रहा, जबकि सकल एनपीए (GNPA) 4.30% रहा। वार्षिक ऋण योजना (ACP) के अंतर्गत पहली तिमाही में 38.33% की उपलब्धि भी ऋण प्रवाह की दिशा में सकारात्मक प्रगति को दर्शाती है। इन उपलब्धियों के लिए मैं राज्य के बैंकिंग समुदाय, राज्य सरकार तथा अन्य सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करती हूँ।

इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में जहाँ राज्य में समग्र रूप से बैंकों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है, वहीं ऋण प्रवाह को और अधिक संतुलित एवं समावेशी बनाने की आवश्यकता अभी भी बनी हुई है। विशेष रूप से चतरा, दुमका, गुमला, जामताड़ा, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम — इन छह जिलों में CD अनुपात अभी भी 40% से कम है। अतः इन जिलों में ऋण की उपलब्धता बढ़ाने, स्थानीय स्तर पर ऋण माँग (credit demand) को प्रोत्साहित करने तथा ऋण प्रवाह में आ रही संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने के लिए बैंकों, जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित हितधारकों द्वारा समन्वित एवं लक्षित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

इस संदर्भ में, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 19 जून 2026 को जारी संशोधित Lead Bank Scheme (LBS) दिशानिर्देशों का प्रभावी कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। संशोधित दिशानिर्देशों में प्राथमिकता क्षेत्र (priority sector) ऋण के प्रवाह एवं वित्तीय समावेशन पर अधिक स्पष्ट बल, LBS से जुड़े विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं में स्पष्टता, बैठकों के लिए संरचित एजेंडा एवं समय-सीमा, निर्णयों के क्रियान्वयन की निगरानी हेतु सुदृढ़ मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा जिला स्तर पर CD अनुपात एवं ACP उपलब्धि की अधिक प्रभावी निगरानी जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। विशेष रूप से 40% से कम CD अनुपात अथवा पूर्ववर्ती वर्ष में 100% से कम ACP उपलब्धि वाले जिलों में विशेष उप-समितियों के माध्यम से लक्षित कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। अतः सभी हितधारकों से अपेक्षा है कि वे संशोधित LBS दिशानिर्देशों की भावना के अनुरूप अपनी-अपनी भूमिकाओं का प्रभावी निर्वहन करें तथा BLBC, DCC एवं SLBC जैसे मंचों को नीति एवं रणनीतिक मुद्दों के समाधान तथा ठोस परिणाम प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम बनाएँ।

साथ ही, राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति (NSFI) 2025–30 के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु SLBC एवं सभी संबंधित हितधारकों द्वारा समयबद्ध कार्ययोजना एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वित्तीय सेवाओं की पहुँच एवं उपयोग को समाज के अंतिम व्यक्ति तक और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इसके साथ ही, बैंकों से मेरी अपेक्षा है कि पुनः केवाईसी हेतु लंबित कुल खातों, विशेषकर 'फोकस ग्रुप' में लंबित खातों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने हेतु आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित करें ताकि इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके। आइए, हम सभी मिलकर झारखंड में संतुलित ऋण प्रवाह, सुदृढ़ बैंकिंग व्यवस्था एवं समावेशी वित्तीय विकास को और गति देने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करें, ताकि राज्य के प्रत्येक जिले और प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

शुभकामनाओं सहित

(रक्षा मिश्र)
क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची



Message – Mrs Deepmala Ghosh, CGM, NABARD

Natural Farming in Jharkhand: Nurturing nature, empowering farmers.

Jharkhand's rich biodiversity, traditional farming practices, and predominance of small and marginal farmers make it well suited for the adoption of natural farming. At a time when soil degradation, rising input costs and climate variability are affecting agricultural productivity, natural farming offers a practical approach to restore soil health, reduce dependence on external inputs and improve farm sustainability.

Despite its environmental and economic benefits, many farmers find it difficult to adopt natural farming due to limited awareness, lack of technical guidance, initial yield uncertainty, and inadequate market support.

As India's apex development financial institution for rural development, NABARD has been at the forefront of promoting sustainable agriculture through its flagship JIVA Agroecology Programme. Building on the learnings of watershed and tribal development initiatives, JIVA promotes natural farming by strengthening farmer institutions, encouraging farmer-to-farmer learning, and adopting a landscape-based approach for long-term ecological sustainability. The Programme seeks to rejuvenate rural ecosystems, enhance livelihoods, and foster self-reliant farming communities across Jharkhand.

The Government of India has further reinforced this momentum through the National Mission on Natural Farming launched in the year 2024, aimed at scaling up chemical-free farming by improving access to quality bio-inputs, certification and market linkages.

The banking sector has a pivotal role in accelerating this transition. Timely and affordable institutional credit can support farmers in establishing bio-input units, water conservation measures, and on-farm value addition. Banks can also leverage Kisan Credit Cards, priority sector lending and convergence with government schemes to facilitate investments in natural farming and allied activities.

Natural farming represents not merely a change in agricultural practices but a movement towards ecological harmony, farmer self-reliance and sustainable prosperity. By combining India's traditional agricultural wisdom with scientific knowledge, institutional support and community participation, Jharkhand has the potential to emerge as a leading model of agro-ecological transformation. Together, we can create a future where agriculture remains productive, climate-resilient and environmentally sustainable, ensuring prosperity for present and future generations.

(Deepmala Ghosh)



प्रस्तावना
96वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक – झारखंड

जमीनी सशक्तिकरण की ओर: झारखंड में समावेशी विकास की रूपरेखा

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 96वीं बैठक के अवसर पर प्रकाशित इस पुस्तक के माध्यम से राज्य के बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की प्रगति, उपलब्धियों तथा आगामी कार्यदिशा को साझा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

झारखण्ड के समावेशी एवं संतुलित आर्थिक विकास की दिशा में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य की विविध सामाजिक एवं आर्थिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि वित्तीय सेवाओं की पहुँच समाज के प्रत्येक वर्ग तक सुनिश्चित हो तथा कृषि, MSME, ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में पर्याप्त एवं समयबद्ध ऋण प्रवाह बना रहे।

आज आवश्यकता इस बात की है कि अब तक की उपलब्धियों को आधार बनाकर विकास की गति को और तेज किया जाए तथा वित्तीय समावेशन को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ते हुए राज्य के प्रत्येक वर्ग तक विकास के अवसर पहुँचाए जाएँ। इस दिशा में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच बढ़ाने, डिजिटल वित्तीय सेवाओं को प्रोत्साहित करने, वित्तीय साक्षरता को सुदृढ़ करने तथा पात्र लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने में बैंकों, राज्य सरकार, RBI, NABARD एवं अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

वित्तीय समावेशन का उद्देश्य केवल बैंक खाते खोलने अथवा वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे वित्तीय सशक्तिकरण, आजीविका के विस्तार और आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाना आवश्यक है। इसके लिए कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों, KCC, MSME, PMEGP, PMFME, PM SVANidhi, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता तथा अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को और गति प्रदान करना आवश्यक है। साथ ही, Re-KYC, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर सुरक्षा के प्रति व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित करने पर भी निरंतर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

इस दिशा में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति, प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति, अग्रणी जिला प्रबंधक तथा बैंक शाखाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय स्तर पर विकास की आवश्यकताओं की पहचान कर उन्हें उपयुक्त बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं से जोड़ना ही समावेशी विकास को जमीनी स्तर पर प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने का आधार है। बैंकों द्वारा लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ ऋण की गुणवत्ता, समयबद्ध वितरण, प्रभावी निगरानी तथा स्वस्थ ऋण संस्कृति पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

मेरा विश्वास है कि SLBC एक प्रभावी समन्वय मंच के रूप में राज्य के आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं को बैंकिंग क्षेत्र की कार्ययोजना से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राज्य सरकार, RBI, NABARD, सभी सदस्य बैंक, वित्तीय संस्थान एवं अन्य हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से हम झारखण्ड के प्रत्येक जिले और प्रत्येक समुदाय तक विकास के अवसरों को पहुँचाने में सफल हो सकते हैं।

96वीं SLBC बैठक हमें पिछली तिमाही की प्रगति की समीक्षा करने, उपलब्धियों एवं चुनौतियों का आकलन करने तथा आगामी अवधि के लिए स्पष्ट एवं परिणामोन्मुख कार्यदिशा निर्धारित करने का अवसर प्रदान करती है। हमारा प्रयास केवल निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति तक सीमित न होकर ऐसे ठोस परिणाम सुनिश्चित करने का होना चाहिए, जिनका प्रत्यक्ष एवं स्थायी प्रभाव राज्य के नागरिकों के जीवन पर दिखाई दे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी हितधारकों के निरंतर सहयोग, समन्वय एवं प्रतिबद्धता से झारखण्ड में बैंकिंग क्षेत्र विकास की गति को और तेज करते हुए वित्तीय समावेशन, आर्थिक सशक्तिकरण और सतत विकास के लक्ष्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

96वीं SLBC बैठक के सफल आयोजन एवं इस अवसर पर प्रकाशित पुस्तक के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

शुभकामनाओं सहित।

(संतोष कुमार सिन्हा)
उप महाप्रबंधक एवं संयोजक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड

झारखण्ड राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 96वीं बैठक की कार्यसूची

(जून 2026 पर प्रदर्शन की समीक्षा)

सूची-पत्र

क्र.स.	विषय	कार्य सूची सं	पृष्ठ सं
1	झारखण्ड – एक नज़र में परिचय	*********	01-10
2	राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड की 95वीं तिमाही बैठक की कार्य विवर	*********	11-30
3	दिनांक 05 जून 2026 को आयोजित 95वीं SLBC बैठक के कार्यवृत की पुष्टि	1	31
4	पूर्व में आयोजित 95वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही रिपोर्ट	2	32-43
5	वित्तीय पहलों की समीक्षा, बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार एवं वित्तीय साक्षरता	3	44-47
6	सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का महत्वपूर्ण संकेतक	4	48-50
7	5.1. वार्षिक ऋण योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 वार्षिक ऋण योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के विभिन्न पैरामीटर के तहत उपलब्धियों की समीक्षा	5	51-53
8	निम्न के तहत ऋण की समीक्षा	6	
	6.1. कृषि किसान क्रेडिट कार्ड		54-61
	6.2. (क) सुक्ष्म एवं लघु और मध्यम उद्योगों का वित्त पोषण		62-71
	6.2. (ख) "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना"		
	6.3 स्टैंड अप इंडिया ऋण योजना / PSB LOANSIN59MINUTES		
	6.4. शिक्षा ऋण		72-76
	6.5. आवास ऋण		
	6.6. उधारकर्ताओं की विशेष श्रेणी		
	6.7. महिला स्वयं सहायता समूहों के वित्तीयन हेतु योजना		
	6.8. एन आर एल एम के तहत्त की गई प्रगति की समीक्षा		
	6.9. आत्म निर्भर भारत अभियान		77-91
9	वित्तीय समावेशन - बी॰सी॰ संख्या, प्रधानमंत्री जन धन योजना की उपलब्धियां एवं सुरक्षा बीमा योजना	7	92-99
10	एनपीए और वसूली - एन पी ए/बैंकों के स्ट्रेस्ड आस्तियों के रुकाव हेतु नियंत्रक उपाय और वसूली से संबधित जानकारी	8	100-103
11	सरकार प्रायोजित कार्यक्रम – PMEGP, NULM, PMAY	9	104-105
12	ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान(RSETI) / वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (FLCC) का परिचालन	10	106-112
13	एस एल बी सी की विभिन्न उपसमितियों का कामकाज	11	113-115
14	विविध कार्यसूची	12	116-123
15	Less cash /Digital transaction	13	124
16	National Bamboo Mission	14	
17	BLBC/DLCC/DLRC कि ज़िलावार स्थिति		125
18	Area Development Scheme	15	126
19	अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय	16	128

(ANNEXURE)

परिशिष्ट की सूची-पत्र

Sl No	Particular	Annexure	Page no
01	Outstanding Position Deposit and Advances-Bank Wise	01 (A)	131
02	Outstanding Position Deposit and Advances-District Wise	01 (B)	132
03	ACP Achivement of FY 2026-27 Bank wise	02(A)i,ii,iii,iv,v,vi,vii	133-139
04	ACP Achivement of FY 2026-27 District wise	02(B) i,ii,iii,iv,v,vi,vii	140-146
05	Branch Network - Bank Wise	03(A)	147
06	Branch Network - District Wise	03(B)	148
07	Agri, MSME, Priority, Non Priority, Weaker Section-Bank Wise	04(A) i,ii,iii,iv,v	149-153
08	Agri, MSME, Priority, Non Priority, Weaker Section-District Wise	04(B) i,ii,iii,iv,v	154-158
09	Investment Credit as per place of utilization – Bank Wise	05(A)	159
10	Investment Credit as per place of utilization – District Wise	05(B)	160
11	Progress under Education loan-Bank Wise	06(A)	161
12	Progress under Education loan-District Wise	06(B)	162
13	Progress under Housing loan-Bank Wise	07(A)	163
14	Progress under Housing loan-District Wise	07(B)	164
15	PMEGP Progress report Bank Wise-**(Data unavailable due to technical reasons)**	08(A)	****
16	PMEGP Progress report District Wise-**(Data unavailable due to technical reasons)**	08(B)	****
17	SHG Bank linkage Programme-Bank Wise	09(A)	165
18	SHG Bank linkage Programme-District Wise	09(B)	166
19	Position of NPA-Bank Wise	10(A)- i,ii,iii,iv,v,vi,vii	167-173
20	Position of NPA-District Wise	10(B)- i,ii,iii,iv,v,vi,vii	174-180
21	Position of Certificate Case – Bank Wise	11(A)	181
22	Position of Certificate Case – District Wise	11(B)	182
23	Position of DRT Case – Bank Wise	12(A)	183
24	Position of DRT Case – District Wise	12(B)	184
25	Bank Wise report on Action taken in NPA A/c's under SARFAESI Act	13(A)	185
26	District Wise report on Action taken in NPA A/c's under SARFAESI Act	13(B)	186
27	Data on Investment Credit-Bank Wise	14(A)	187
28	Data on Investment Credit-District Wise	14(B)	188
29	Loan Disbursed to minority community-Bank Wise	15(A)	189
30	Loan Disbursed to minority community-District Wise	15(B)	190
31	Loan O/S to Minority Community-Bank Wise	16(A)	191
32	Loan O/S to Minority Community-District Wise	16(B)	192
33	Loan Disbursement and Outstanding to ST/SC-Bank Wise	17(A)	193
34	Loan Disbursement and Outstanding to ST/SC-District Wise	17(B)	194
35	Advances to Women-Bank Wise	18(A)	195
36	Advances to Women-District Wise	18(B)	196
37	CASA and Aadhar Authentication – Bank Wise	19 (A)	197
38	CASA and Aadhar Authentication – District Wise	19 (B)	198
39	State Heads-Contact Details	**********	***
40	State Heads-LDM Details	**********	***
41	State Heads-RSETI Directors	**********	***

झारखण्ड – एक नज़र में परिचय


झारखण्ड भारत का 28वां राज्य है, जो अपने समृद्ध खनिज संसाधनों और वनस्पतियों के लिए प्रसिद्ध है। राज्य का नाम दो शब्दों से मिलकर बना है - "झार" जिसका अर्थ है वन, और "खंड" जिसका अर्थ है भू-भाग।

झारखण्ड एक ऐसा राज्य है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक समृद्धि के लिए जाना जाता है। झारखण्ड की राजधानी रांची है, जो एकमहत्वपूर्ण शहर है और झारखण्ड के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है। झारखण्ड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से खनिज संसाधनों, कृषि और उद्योगों पर आधारित है। झारखण्ड में कई प्रमुख नदियाँ हैं, जिनमें गंगा, सोन, स्वर्णरेखा और दामोदर शामिल हैं। झारखण्ड की सांस्कृतिक विरासत में कई प्रमुख त्योहार, नृत्य और संगीत शामिल हैं।

झारखण्ड की स्थापना 15 नवंबर 2000 को बिहार पुनर्गठन अधिनियम के तहत हुई थी, जो महान भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर थी। राज्य अपने विशाल खनिज भंडार के लिए जाना जाता है, जिसमें यूरेनियम, अभ्रक, बॉक्साइट, ग्रेनाइट, सोना, चांदी, ग्रेफाइट, मैग्नेटाइट, डोलोमाइट, फायरक्ले, क्वार्टज, फेल्डस्पार, कोयला (भारत का 32%), लोहा, तांबा (भारत का 25%) शामिल हैं।

झारखण्ड की वनस्पतियों और जंगलों का क्षेत्रफल राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग 29% है, जो भारत में सबसे अधिक है। राज्य की राजधानी रांची है, और इसके 24 जिले हैं। झारखण्ड की आधिकारिक भाषा हिंदी है, और इसकी स्थानीय भाषाओं में खोरठा, हो, नागपुरी, बंगाली शामिल हैं।

झारखण्ड राज्य के बारे में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य (**2011** की जनगणना के अनुसार):



जनसंख्या और लिंग अनुपात

- झारखण्ड की कुल जनसंख्या 32,988,134 है।
- पुरुष जनसंख्या 16,930,315 है।
- महिला जनसंख्या 16,057,819 है।
- जनसंख्या का घनत्व 414 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

प्रशासनिक विभाजन

- झारखण्ड में 5 प्रशासनिक विभाजन हैं।
- राज्य में 24 जिले हैं।
- उप-विभाजनों की संख्या 38 है।
- ब्लॉकों की संख्या 264 है।

भौगोलिक विवरण

- झारखण्ड का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 79.70 लाख हेक्टेयर है।
- राज्य में गांवों की संख्या 32,620 है।
- राज्य राजमार्गों की कुल लंबाई 6,880 किलोमीटर है।

1. इतिहास

झारखण्ड का इतिहास बहुत पुराना और समृद्ध है, जो पाषाण युग से लेकर आधुनिक काल तक फैला हुआ है [1]।

प्रागैतिहासिक काल

इस क्षेत्र में मध्यपाषाण और नवपाषाण काल के पत्थर के उपकरण और माइक्रोलिथ की खोज की गई है। छोटा नागपुर पठार में ताम्रपाषाण काल के तांबे के उपकरण भी मिले हैं। यह क्षेत्र ईसा पूर्व दूसरी सहस्राब्दी के मध्य में लौह युग में प्रवेश कर गया।

प्राचीन काल

महाभारत में इस क्षेत्र को कर्क खंड कहा गया था। यह क्षेत्र मगध और अंग का हिस्सा था। चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान नंद साम्राज्य ने इस क्षेत्र पर शासन किया था। मौर्य काल में, इस क्षेत्र पर कई राज्यों का शासन था, जिन्हें सामूहिक रूप से अटविका (वन) राज्यों के रूप में जाना जाता था। ये विजित राज्य अशोक के विस्तारवादी शासनकाल (लगभग 232 ईसा पूर्व) के दौरान मौर्य साम्राज्य के आधिपत्य में आ गए।

मध्य काल

7वीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग इस क्षेत्र से गुजरे थे। उन्होंने कर्णसुवर्ण राज्य का वर्णन किया और शशांक को शासक के रूप में दर्शाया। यह क्षेत्र पाल साम्राज्य का भी हिस्सा था। भीम कर्ण मध्यकाल में नागवंशी राजा थे जिन्होंने सरगुजा के रक्सेल राजवंश को हराया।

आधुनिक काल

मध्यकाल के अंत और आधुनिक काल की शुरुआत तक, यह क्षेत्र कई राजवंशों के शासन के अधीन था, जिनमें नागवंशी, खयारवाला, रामगढ़ राज, रक्सेल, चेरो, राज धनवार और कोडरमा के खड़गडीहा जमींदारी सम्पदा, गादी पालगंज और लेडो गादी शामिल थे।

झारखण्ड की स्थापना

1947 में भारतीय स्वतंत्रता के बाद, इस क्षेत्र को मध्य प्रदेश, ओड़िशा और बिहार के नए राज्यों के बीच विभाजित किया गया था। 2000 में बिहार पुनर्गठन अधिनियम के पारित होने के बाद, झारखण्ड एक नए भारतीय राज्य के रूप में स्थापित हुआ।



राज्य पशु: हाथी (Elephas Maximus Indicus)



राज्य पक्षी: कोयल (Eudynamys Scolopaceus)



राज्य पुष्प: पलाश (Butea monosperma)



राज्य वृक्ष: साल (Shorea robusta)

2. भौगोलिक संरचना


झारखण्ड एक पूर्वी भारतीय राज्य है, जो अपनी विविध भौगोलिक संरचना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। यहाँ झारखण्ड के भौगोलिक और वातावरणीय पहलुओं का विस्तृत विवरण दिया गया है:

झारखण्ड की सीमाएँ बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लगती हैं। राज्य का कुल क्षेत्रफल लगभग 79,714 वर्ग किलोमीटर है। झारखण्ड की भौगोलिक संरचना में कई पहाड़ियाँ, पठार और नदियाँ शामिल हैं।

पहाड़ियाँ और पठार

झारखण्ड में कई महत्वपूर्ण पहाड़ियाँ और पठार हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं:

- छोटा नागपुर पठार: यह पठार झारखण्ड के अधिकांश हिस्से में फैला हुआ है।
- रांची पठार: यह पठार रांची जिले में स्थित है।
- हजारीबाग पठार: यह पठार हजारीबाग जिले में स्थित है।
- कोडरमा पठार: यह पठार कोडरमा जिले में स्थित है।




नदियाँ : झारखण्ड में कई महत्वपूर्ण नदियाँ हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं:

- गंगा नदी: यह नदी झारखण्ड की उत्तरी सीमा से लगती है।
- दामोदर नदी: यह नदी झारखण्ड के दक्षिणी हिस्से से होकर गुजरती है।
- स्वर्णरेखा नदी: यह नदी झारखण्ड के पूर्वी हिस्से से होकर गुजरती है।
- सुबर्णरेखा नदी: यह नदी झारखण्ड के दक्षिणी हिस्से से होकर गुजरती है।

वातावरणीय परिस्थितियाँ : झारखण्ड की वातावरणीय परिस्थितियाँ गर्मियों में गर्म और शीतकाल में शीतल रहती हैं। राज्य में वर्षा की मात्रा अधिक होती है, जो कृषि के लिए अनुकूल है।

तापमान :

झारखंड की जलवायु परिवर्तनशील होती है, जिसमें ठंड, गर्मी, मानसून और शीतकालीन मौसम शामिल हैं। नवंबर से फरवरी तक का समय सबसे सुखद मौसम होता है, जब तापमान मध्यम रहता है और पर्यटन और आउटडोर गतिविधियों के लिए आदर्श होता है। मार्च से जून तक का समय गर्मी का मौसम होता है, जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है और मई का महीना सबसे गर्म होता है। जुलाई से सितंबर तक का समय मानसून का मौसम होता है, जब भारी वर्षा होती है और कृषि के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। झारखंड में वर्षा की मात्रा अधिक होती है, जो कृषि के लिए अनुकूल है। राज्य में औसत वर्षा 1,400 मिमी होती है। झारखंड की मिट्टी कृषि के लिए अनुकूल है, जिसमें जलोढ़ मिट्टी, लाल मिट्टी और काली मिट्टी शामिल हैं ।



3. पर्यटन

वैद्यनाथ मन्दिर, देवघर



वैद्यनाथ मंदिर, देवघर झारखण्ड का एक प्रमुख हिंदू तीर्थ स्थल है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर देवघर शहर में स्थित है, जो झारखण्ड के देवघर जिले में आता है। वैद्यनाथ मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है, जो लगभग 8वीं शताब्दी का माना जाता है। वैद्यनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जो हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है। यह मंदिर अपनी विशेष वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। हर वर्ष सावन के महीने में स्रावण मेला लगता है जिसमें लाखों श्रद्धालु "बोल-बम!" "बोल-बम!" का जयकारा लगाते हुए बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं। ये सभी श्रद्धालु अजगैबीनाथ मंदिर , सुल्तानगंज से पवित्र गंगा का जल लेकर लगभग सौ किलोमीटर की अत्यन्त कठिन पैदल यात्रा कर बाबा को जल चढाते हैं।

छिन्नमस्तिका मन्दिर, रजरप्पा, रामगढ़



छिन्नमस्तिका मंदिर झारखण्ड के रामगढ़ जिले में स्थित एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो देवी छिन्नमस्तिका को समर्पित है। यह मंदिर अपनी विशेष वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। मंदिर में देवी छिन्नमस्तिका की प्रतिमा स्थापित है, जो हिंदू धर्म में बहुत पवित्र मानी जाती है। यहाँ पूजा-अर्चना की विशेष व्यवस्था है, जिसमें पुजारी और भक्तगण देवी छिन्नमस्तिका की पूजा करते हैं। मंदिर में कई त्योहार और उत्सव मनाए जाते हैं, जिनमें नवरात्रि, दुर्गा पूजा, और काली पूजा जैसे त्योहार शामिल हैं। छिन्नमस्तिका मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है, जो लगभग 18वीं शताब्दी का माना जाता है। यह मंदिर राजा बिक्रम सिंह द्वारा बनाया गया था, जो रामगढ़ के राजा थे।

पारसनाथ पहाड़ी, गिरिडीह



पारसनाथ पहाड़ी गिरिडीह जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। पारसनाथ पहाड़ी की ऊंचाई लगभग 4,430 फीट है, जो झारखण्ड की सबसे ऊंची चोटी है। यहाँ से पूरे क्षेत्र का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है। पारसनाथ पहाड़ी पर कई जैन मंदिर और अन्य धार्मिक स्थल हैं, जो यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। पारसनाथ अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है।

नेतरहाट, लातेहार



नेतरहाट में सूर्यास्त

नेतरहाट झारखण्ड के लातेहार जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यह स्थल लगभग 3,622 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो झारखण्ड के पठारी क्षेत्र में आता है। नेतरहाट की विशेषता यह है कि यहाँ से सूर्योदय और सूर्यास्त का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है, जो पर्यटकों के लिए एक आकर्षक अनुभव है। नेतरहाट में कई प्राकृतिक स्थल हैं, जिनमें झीलें, झरने, और वनस्पतियों से भरे जंगल शामिल हैं। यह स्थल झारखण्ड के पर्यटन मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

लोध जलप्रपात, लातेहार



रांची से लगभग 120 किलोमीटर दूर लातेहार जिले के महुआडांड़ अनुमंडल में लोध जलप्रपात है. महुआडांड़ से 15 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर-पश्चिम दिशा में अवस्थित यह जलप्रपात राज्य का सबसे ऊंचा जलप्रपात है. बूढ़ा नदी पर अवस्थित होने के कारण इसे बूढ़ा घाघ भी कहते हैं. यहां तकरीबन 143 मीटर की ऊंचाई से पानी नीचे गिरता है. इतनी ऊंचाई से गिरते पानी को देखने पर लगता है कि यहां चांदी की कोई परत पड़ी हो. जिस स्थान पर पानी गिरता है. लोध जलप्रपात के आसपास साल (सखुआ) के घने जंगल हैं. लातेहार का लोध फॉल महुआडांड़ प्रखंड से 17 किमी दूर है. नेतरहाट से 62 किमी की दूरी पर है. लातेहार से 107 किमी की दूरी पर है. रांची से 217 किमी और मेदिनीनगर से 117 किमी दूर है.

दशम जलप्रपात, रांची



दशम जलप्रपात रांची जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यह जलप्रपात लगभग 144 फीट की ऊंचाई से गिरता है, जो एक सुंदर और आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। दशम जलप्रपात के आसपास का क्षेत्र वनस्पतियों से भरा हुआ है, जो यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता को और भी बढ़ाता है। यह जलप्रपात पिकनिक और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए एक आदर्श स्थल है, जो रांची शहर से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित है।

पतरातू, रामगढ़



पतरातू झारखण्ड के रामगढ़ जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह स्थल लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर रामगढ़ शहर से स्थित है और झारखण्ड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। पतरातू जलाशय और पतरातू डैम यहाँ के प्रमुख आकर्षण हैं, जो यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को और भी बढ़ाते हैं। यह स्थल पिकनिक और वन्यजीव दर्शन के लिए भी एक आदर्श स्थल है, जहाँ पर्यटक अपने परिवार और मित्रों के साथ पिकनिक मना सकते हैं और वन्यजीवों को देख सकते हैं।

मैक्लुस्कीगंज, झारखण्ड




क्लुस्कीगंज झारखण्ड का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह स्थल झारखण्ड के रांची जिले में स्थित है, जो लगभग 62 किमी की दूरी पर है। मैक्लुस्कीगंज का इतिहास बहुत पुराना है, जो लगभग 19वीं शताब्दी का माना जाता है। यह स्थल अंग्रेजों के शासनकाल में एक प्रमुख हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया था, जो गर्मियों में आराम करने के लिए एक आदर्श स्थल था। मैक्लुस्कीगंज अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, जिसमें हरे-भरे जंगल, झीलें, और झरने शामिल हैं। इसका ऐतिहासिक महत्व भी बहुत अधिक है, जिसमें अंग्रेजों के शासनकाल के अवशेष शामिल हैं। मैक्लुस्कीगंज में कई पर्यटन गतिविधियाँ हैं, जिनमें ट्रेकिंग, पिकनिक, और वन्यजीव दर्शन शामिल हैं।

बेतला राष्ट्रीय उद्यान



बेतला राष्ट्रीय उद्यान झारखण्ड के लातेहार जिले में स्थित एक प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यह उद्यान लगभग 226 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है, जो झारखण्ड के पठारी क्षेत्र में आता है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान का इतिहास बहुत पुराना है, जो लगभग 1974 का माना जाता है। यह उद्यान पहले एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था, जो बाद में 1989 में एक राष्ट्रीय उद्यान में परिवर्तित हो गया था।

जगन्नाथ मंदिर



झारखंड के रांची शहर में स्थित जगन्नाथ मंदिर एक प्रमुख हिंदू तीर्थस्थल है, जो भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को समर्पित है। यह मंदिर अपनी सुंदर वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर की विशेषता यह है कि यह ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की तरह ही बनाया गया है, जो भगवान जगन्नाथ का सबसे प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर की स्थापना 17वीं शताब्दी में हुई थी, जब यहाँ के राजा ने भगवान जगन्नाथ की मूर्ति की स्थापना की थी। तब से, यह मंदिर झारखंड के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल बन गया है

त्रिकूट पर्वत, देवघर



झारखंड के देवघर जिले में स्थित त्रिकूट पर्वत एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह पर्वत लगभग 2470 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी चोटी से आप देवघर शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। त्रिकूट पर्वत का महत्व न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय स्थल भी है। यहाँ पर आप विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे, जानवर और पक्षी देख सकते हैं। त्रिकूट पर्वत का नाम तीन चोटियों के कारण पड़ा है, जो इस पर्वत की विशेषता है। यह पर्वत झारखंड के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल भी है, क्योंकि यहाँ पर कई प्रमुख मंदिर और धार्मिक स्थल स्थित हैं। इनमें से सबसे प्रमुख मंदिर बैद्यनाथ धाम मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है।

4. संस्कृति

झारखण्ड की संस्कृति बहुत ही समृद्ध और विविध है, जो यहाँ के आदिवासी समुदायों की परंपराओं और रीति-रिवाजों से प्रभावित है। झारखण्ड की संस्कृति में कई प्रमुख तत्व शामिल हैं।

झारखण्ड की भाषाएँ:

हिन्दी - झारखण्ड की राजकीय भाषा है.
उर्दू - झारखण्ड की द्वितीय राजकीय भाषा है.
नागपुरी - 1947 तक झारखण्ड की राजभाषा थी.
मुंडारी - पश्चिमी सिंहभूम और गुमला में बोली जाती है.
हो - आदिवासी भाषा है.
कुड़ुख - उरांव जनजाति बोलती है.
संथाली - झारखण्ड की सबसे प्रचलित भाषा है.
भूमिज - आदिवासी भाषा है.
खड़िया - आदिवासी भाषा है.
खोरठा - उतरी छोटानागपुर प्रमंडल और संथाल परगना में बोली जाती है.

झारखण्ड के त्योहार: झारखण्ड के त्योहारों में प्रकृति की महत्ता देखने को मिलती है. इनके पर्व-त्योहार एवं उत्सवों में सूर्य-चंद्रमा के साथ-साथ जल और जंगल की भी काफी अहमियत होती है.



सरहुल: यह वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो नए साल की शुरुआत का प्रतीक है. सरहुल त्योहार में झारखण्ड के आदिवासी समुदायों द्वारा विशेष भोजन और पेय का आयोजन किया जाता है, जो इस त्योहार को और भी स्वादिष्ट और आनंददायक बनाता है।

करम: करम पूजा करम त्योहार की एक प्रमुख रस्म है, जिसमें झारखण्ड के आदिवासी समुदायों द्वारा करम देवता की पूजा की जाती है।

टुसू परब: यह मुख्य रूप से झारखण्ड के बुंडू, तमाड़ और रायडीह क्षेत्र में मनाया जाता है. यह सर्दियों के दौरान पौष महीने के आखिरी दिन मनाया जाता है।

सोहराई: यह पशुओं के प्रति श्रद्धा से जुड़ा होता है. इस पर्व के दिन लोग अपने पशुओं को नदी में स्नान कराते हैं और फिर पशु का श्रृंगार करते हैं।

झारखण्ड का संगीत और नृत्य: झारखण्ड का संगीत और नृत्य बहुत ही समृद्ध और विविध है, जो यहाँ के आदिवासी समुदायों की परंपराओं से प्रभावित है।



झुमइर: यह झारखण्ड का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है, जो फसल और त्योहारों के मौसम में किया जाता है, जिसमें लोग हाथ पकड़कर गोलाकार नृत्य करते हैं.

डोमकच: करम पूजा करम त्योहार की एक प्रमुख रस्म है, जिसमें झारखण्ड के आदिवासी समुदायों द्वारा करम देवता की पूजा की जाती है।

पाइका: यह मुख्य रूप से झारखण्ड के बुंडू, तमाड़ और रायडीह क्षेत्र में मनाया जाता है. यह सर्दियों के दौरान पौष महीने के आखिरी दिन मनाया जाता है।

छऊ: यह पशुओं के प्रति श्रद्धा से जुड़ा होता है. इस पर्व के दिन लोग अपने पशुओं को नदी में स्नान कराते हैं और फिर पशु का श्रृंगार करते हैं।

लोकगीत: झारखण्ड के लोकगीत के कुछ लोकप्रिय रूपों में झूमर गीत, सोहराई गीत, करमा गीत और फगुआ गीत शामिल हैं।

वाद्य यंत्र: मांदर, ढोल, बंसी, नगाड़ा, ढाक, शहनाई और खरताल जैसे वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है.।

झारखण्ड के मुख्य व्यंजन: झारखण्ड के व्यंजन अपने अनोखे स्वाद और पारंपरिक तरीकों से बनाए जाने के लिए जाने जाते हैं।



ढुस्का: यह उड़द की दाल, चना दाल और चावल से बनाया जाता है, जिसे पीसकर पेस्ट बनाया जाता है और फिर तेल में तला जाता है.

रोहद हकू: यह तली हुई मछली का व्यंजन है। मछली को धूप में सुखाया जाता है और फिर तेल में तला जाता है।

बांस की टहनियाँ: झारखण्ड में बांस की टहनियों का उपयोग सब्जी के रूप में किया जाता है।

छिलका: यह अरवा चावल से बनाई जाती है, जिसे रात भर भिगोकर, मिट्टी के ढक्कन में कोयले की आंच पर पतला बनाया जाता है.

आरू सब्जी: यह केवल झारखण्ड में पाई जाने वाली जड़ वाली सब्जी से बनाई जाती है।

झारखण्ड का पारंपरिक परिधान

झारखण्ड में पारंपरिक परिधानों की एक समृद्ध विविधता है, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। महिलाओं के पारंपरिक परिधानों में पंची, पैरहन, साड़ी और विभिन्न प्रकार के आभूषण शामिल हैं। पुरुषों के पारंपरिक परिधानों में भगवान, धोती, कुर्ता और आधुनिक परिधान शामिल हैं।

महिलाओं के पारंपरिक परिधान:

1. पंची: यह तीन मीटर लंबा, टखने तक का स्कर्ट होता है जिसे महिला की कमर के चारों ओर लपेटा जाता है।
2. साड़ी: महिलाएं अक्सर टसर रेशम से बनी साड़ियों से खुद को सजाती हैं, जो अपने मिट्टी के रंगों और प्राकृतिक रूपांकनों के लिए जानी जाती हैं।
3. आभूषण: आदिवासी आभूषण भी बहुत लोकप्रिय हैं, जिनमें चांदी के आभूषण शामिल हैं।
4. खोंगसो: बालों को सजाने के लिए आदिवासी महिलाएं चांदी से बने खोंगसो का प्रयोग करती हैं।
5. कंपस: कानों में यह कंपस पहनती हैं जो पूरे कान को ढंक लेता है।
6. मठिया: महिलाएं हाथों में चूड़ी कि जगह चांदी की मठिया पहनती हैं।
7. झटिया: पैरों के आभूषण में झटिया है जो पैरों के अंगलियों में पहनी जाती है।
8. पैरी: पैरी काफी भारी होती है और यह काफी आवाज करता है।



पुरुषों के पारंपरिक परिधान:

1. भगवान: पुरुष पारंपरिक रूप से भगवान पहनते हैं।
2. धोती और कुर्ता: पुरुष धोती और कुर्ता भी पहनते हैं।
3. आधुनिक परिधान: इस क्षेत्र में आधुनिक परिधान भी आम हैं जिनमें पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता-पायजामा और शर्ट शामिल हैं।

इन पारंपरिक परिधानों के अलावा, झारखण्ड में कई अन्य पारंपरिक परिधान भी हैं जो विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों में पहने जाते हैं।

5. झारखण्ड में खनिज

झारखण्ड एक ऐसी भूमि है जो प्राकृतिक रूप से खनिज संसाधनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। झारखण्ड राज्य देश के खनिज मानचित्र पर एक मजबूत स्थिति का आनंद लेता है। दुनिया में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जो इतने करीबी वातावरण में इतने विशाल खनिज संसाधनों से संपन्न हो। राज्य में ऊर्जा, फेरस, नॉन-फेरस, उर्वरक, औद्योगिक, रिफ्रैक्टरी, परमाणु, रणनीतिक, कीमती और अर्ध-कीमती खनिज समूहों के संभावित जमाव हैं। राज्य 79,714 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें 29.61% वन क्षेत्र है और भारत के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40% हिस्सा है। झारखण्ड कोयला भंडार में पहला स्थान, लोहे में दूसरा स्थान, तांबा अयस्क भंडार में तीसरा स्थान, बॉक्साइट भंडार में सातवां स्थान हासिल है, और यह प्राइम कोकिंग कोयला का एकमात्र उत्पादक है। वर्तमान में झारखण्ड राज्य विभिन्न प्रकार के खनिजों का लगभग 160 मिलियन टन उत्पादन कर रहा है, जिसकी कीमत लगभग 15,000 करोड़ रुपये है, और खनिज राजस्व लगभग 3,500 करोड़ रुपये पैदा कर रहा है। कोयला, लोहा अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, चूना पत्थर, डोलोमाइट, पायरॉक्सीनाइट, क्वार्ट्ज और क्वार्टजाइट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। चीनी मिट्टी, फायरक्ले, मैग्नेटाइट, ग्रेफाइट, कायनाइट, फेल्डस्पार, मीका और सजावटी पत्थरों के जमाव भी पर्याप्त मात्रा में हैं। एंडालुसाइट, मैंगनीज, क्रोमाइट, बेरिल, टैल्क, गोल्ड, बेंटोनाइट के जमाव भी कम मात्रा में उपलब्ध हैं।

कोयला: झारखण्ड कोयला का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल कोयला भंडार का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और रामगढ़ जिलों में कोयला की खानें हैं, जो देश की बिजली उत्पादन, इस्पात और अन्य उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का कोयला उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो बिजली उत्पादन, इस्पात उत्पादन और अन्य उद्योगों में उपयोग किया जाता है। झारखण्ड कोयला उत्पादन में देश का सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

लौह अयस्क: झारखण्ड लौह अयस्क का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल लौह अयस्क भंडार का लगभग 19% हिस्सा है। झारखण्ड के सिंहभूम जिले का दक्षिणी भाग लौह अयस्क का प्राप्ति क्षेत्र है, जहां 48 किलोमीटर लंबी पट्टी के रूप में लौह अयस्क की पेटी है। यह पट्टी विश्व के सबसे बड़े लौह भंडार के रूप में मानी जाती है। झारखण्ड में उच्च कोटि का हेमेटाइट वर्ग का लौह अयस्क उत्पादित किया जाता है, जिसमें लोहे के अंश 60% से 68% तक होते हैं।

अभ्रक: झारखण्ड अभ्रक (माइका) का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल अभ्रक भंडार का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के गिरिडीह, हजारीबाग और कोडरमा जिलों में अभ्रक की खानें हैं, जो देश की विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्माण उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का अभ्रक उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो विद्युत उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्माण सामग्री में उपयोग किया जाता है।

बॉक्साइट: झारखण्ड बॉक्साइट का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल बॉक्साइट भंडार का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के लोहरदग्गा, गुमला, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में बॉक्साइट की खानें हैं, जो देश की एल्युमीनियम और अलॉय स्टील उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का बॉक्साइट उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो एल्युमीनियम उत्पादन, अलॉय स्टील उत्पादन और अन्य उद्योगों में उपयोग किया जाता है।

यूरेनियम: झारखण्ड यूरेनियम का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल यूरेनियम भंडार का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड में यूरेनियम की खोज 1950 के दशक में हुई थी और तब से यहाँ पर कई यूरेनियम खानें स्थापित की गई हैं। झारखण्ड के जादूगोड़ा, तुरामडीह और बागजाता में यूरेनियम की खानें हैं, जो देश की परमाणु ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

पाइराइट: झारखण्ड पाइराइट (लोहे का पायराइट) का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल पाइराइट भंडार का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के हजारीबाग, गिरिडीह और धनबाद जिलों में पाइराइट की खानें हैं, जो देश की इस्पात और लोहा उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का पाइराइट उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो इस्पात उत्पादन में उपयोग किया जाता है।


ग्रेफाइट: झारखण्ड ग्रेफाइट का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल ग्रेफाइट भंडार का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के पलामू, लातेहार और गुमला जिलों में ग्रेफाइट की खानें हैं, जो देश की इस्पात, लोहा और इलेक्ट्रिकल उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का ग्रेफाइट उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो इलेक्ट्रिकल और इस्पात उद्योगों में उपयोग किया जाता है।

तांबा: झारखण्ड तांबा का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल तांबा भंडार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के हजारीबाग, गिरिडीह और सिंहभूम जिलों में तांबा की खानें हैं, जो देश की विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स और उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का तांबा उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो विद्युत तारों, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उद्योगों में उपयोग किया जाता है।

कोकिंग कोल: झारखण्ड कोकिंग कोल (कोकिंग कोयला) का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है, जिसमें देश के कुल कोकिंग कोल भंडार का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। झारखण्ड के धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और रामगढ़ जिलों में कोकिंग कोल की खानें हैं, जो देश की इस्पात और लोहा उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। झारखण्ड का कोकिंग कोल उच्च गुणवत्ता वाला होता है, जो इस्पात उत्पादन में उपयोग किया जाता है।

डोलोमाइट: झारखण्ड में डोलोमाइट एक महत्वपूर्ण खनिज है, जो अपने विशिष्ट गुणों के कारण विभिन्न उद्योगों में उपयोग किया जाता है। डोलोमाइट मुख्य रूप से चूना पत्थर में मैग्नीशियम की उपस्थिति के कारण बनता है, और जब यह अनुपात 45% से अधिक हो जाता है, तो इसे शुद्ध डोलोमाइट कहा जाता है। झारखंड में डोलोमाइट के भंडार पलामू, गढ़वा, और सिंहभूम जिलों में पाए जाते हैं। राज्य में डोलोमाइट का उत्पादन मुख्य रूप से लोहा-इस्पात उद्योग में किया जाता है, जहां इसका उपयोग इस्पात उत्पादन में किया जाता है। इसके अलावा, डोलोमाइट का उपयोग उर्वरक, शीशा, और मिश्र धातु उद्योगों में भी किया जाता है।

क्वार्टज: झारखण्ड में क्वार्टज एक महत्वपूर्ण खनिज है, जो अपने विशिष्ट गुणों के कारण विभिन्न उद्योगों में उपयोग किया जाता है। राज्य में क्वार्टज के भंडार पलामू, गढ़वा, और सिंहभूम जिलों में पाए जाते हैं। इसका उपयोग सीमेंट, रिफेक्ट्री, बिजली उद्योग, और अन्य मिश्र धातुओं के निर्माण में किया जाता है। झारखंड में क्वार्टज के संरक्षण और टिकाऊ उपयोग के लिए सरकार द्वारा विभिन्न पहल की जा रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि झारखंड के खनिज संसाधनों का उपयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए भी किया जा सके।



6. झारखण्ड में उपज

प्रमुख वनस्पतियाँ

झारखण्ड के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 29% वन आवरण के अंतर्गत है। झारखण्ड की वनस्पतियों में सबसे महत्वपूर्ण पेड़ों में से कुछ हैं साल, गंभर, कटहल, जामुन, केंदू, शीशम, कत्था, पेसर, लाख, महुआ, आम, बहेड़ा, आसन और बांस। झारखण्ड में पर्यटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा झारखण्ड में वनस्पतियों और सदाबहार जंगलों की विशाल विविधता के कारण ही आता है। झारखण्ड की वनस्पतियों का महत्व न केवल आर्थिक और औषधीय दृष्टिकोण से है, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी है। राज्य के वनों में पाई जाने वाली वनस्पतियाँ जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने, मिट्टी का क्षरण रोकने, और जानवरों के लिए आवास प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा, झारखण्ड की वनस्पतियों का उपयोग स्थानीय स्तर पर किया जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

झारखण्ड में प्रमुख फसलें, सब्ज़ियाँ एवं फ़लो का उत्पादन, और उनकी उत्पाद आवश्यकताएँ



झारखण्ड एक कृषि प्रधान राज्य है, जहाँ विभिन्न प्रकार की **फसलें** उगाई जाती हैं। राज्य की प्रमुख फसलें चावल, गेहूँ, मक्का, जौ और बाजरा हैं। चावल का उत्पादन व्यापक रूप से हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा जिलों में किया जाता है, जबकि गेहूँ का उत्पादन रांची, जमशेदपुर और धनबाद जिलों में किया जाता है। मक्का का उत्पादन भी हजारीबाग, गिरिडीह और कोडरमा जिलों में किया जाता है। झारखण्ड में विभिन्न प्रकार की **सब्जियाँ** उगाई जाती हैं, जिनमें आलू, टमाटर, प्याज, बंदगोभी, लेडीफिंगर, मटर और अन्य सब्जियाँ प्रमुख हैं। झारखण्ड में विभिन्न प्रकार के **फल** उगाए जाते हैं, जिनमें आम, केला, लीची, पपीता, अंगूर और संतरा प्रमुख हैं।

झारखण्ड में फसल उत्पादन के लिए जलवायु, मिट्टी और सिंचाई महत्वपूर्ण कारक हैं। राज्य में गर्मियों में तापमान अधिक होता है, जबकि सर्दियों में तापमान कम होता है। झारखण्ड में विभिन्न प्रकार की मिट्टी पाई जाती है, जैसे कि जलोढ़ मिट्टी, काली मिट्टी और लाल मिट्टी। राज्य में विभिन्न प्रकार की सिंचाई प्रणालियाँ पाई जाती हैं, जैसे कि नहर सिंचाई, ट्यूबवेल सिंचाई और वर्षा सिंचाई।

झारखण्ड में रेशम उत्पादन



झारखण्ड भारत में तसर रेशम का एक प्रमुख उत्पादक है, जहाँ देश के 70% तसर रेशम का उत्पादन होता है। झारखण्ड में रेशम उत्पादन एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो जंगली रेशम कीटों से प्राप्त होता है। झारखण्ड का संथाल परगना क्षेत्र तसर रेशम उत्पादन में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है। तसर रेशम उत्पादन ग्रामीण और आदिवासी समुदायों को आजीविका के अवसर प्रदान करता है, जो रेशम कीट पालन और बुनाई में शामिल हैं। झारखण्ड में तसर रेशम के अलावा, मुलबरी, एरी और मुगा रेशम का भी उत्पादन किया जाता है। झारखण्ड के विभिन्न जिलों में तसर रेशम का उत्पादन किया जाता है, जिनमें सिंहभूम (पश्चिम), सराइकेला, सिंहभूम (पूर्व), दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज, धनबाद, गिरिडीह, लातेहार, पलामू, गरवा और सिमडेगा शामिल हैं। मुलबरी रेशम का उत्पादन लातेहार, गुमला, रांची, खूंटी, पाकुड़ और साहेबगंज जिलों में किया जाता है।

7. झारखण्ड में शिक्षा

झारखण्ड, जिसे अपने समृद्ध खनिज संसाधनों के लिए जाना जाता है, पूर्वी भारत में एक शैक्षिक केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। वर्षों से, राज्य ने प्राथमिक से लेकर उच्च और तकनीकी शिक्षा तक सभी स्तरों पर शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा झारखण्ड में सरकारी और निजी स्कूलों के माध्यम से प्रबंधित की जाती है। झारखण्ड में उच्च माध्यमिक शिक्षा सीबीएसई, आईसीएसई और झारखण्ड अकादमिक काउंसिल (जेएसी) बोर्डों का पालन करती है। कई सरकारी और निजी स्कूल विज्ञान, वाणिज्य और कला धाराओं के साथ 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्रदान करते हैं। झारखण्ड में कई विश्वविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रम प्रदान करते हैं। राज्य में विभिन्न अनुशासनों को पूरा करने वाले सार्वजनिक और निजी विश्वविद्यालय हैं। झारखण्ड अपने चिकित्सा शिक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थान शामिल हैं। झारखण्ड एक अच्छी तरह से स्थापित शिक्षा प्रणाली के साथ एक प्रमुख शैक्षिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जो छात्रों को सभी स्तरों पर शिक्षा प्रदान करता है। प्राथमिक स्कूलों से लेकर आईआईटी, आईआईएम और एम्स तक, राज्य विभिन्न विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। सरकारी प्रयासों और निजी निवेश के साथ, झारखण्ड पूर्वी भारत में एक प्रमुख शैक्षिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

8. झारखण्ड में चिकित्सा प्रणाली

झारखण्ड में सरकारी और निजी दोनों तरह की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। सरकारी सुविधाओं में एम्स देवघर, राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं, जबकि निजी विकल्पों में टाटा मेन हॉस्पिटल, मेदांता अस्पताल (रांची) जैसे अस्पताल शामिल हैं। झारखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला है, जिसमें सरकारी और निजी दोनों तरह के अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। राज्य सरकार, खासकर दूर-दराज और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

9. झारखण्ड के उद्योग

टाटा समूह भारत का सबसे बड़ा और सबसे पुराना कॉर्पोरेट घराना है, जिसका इतिहास 150 से अधिक वर्षों से फैला हुआ है। यह समूह विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है, जिनमें ऑटोमोबाइल, इस्पात, आईटी, होटल, एयरलाइन और कई अन्य शामिल हैं। टाटा समूह की स्थापना 1868 में जमशेदजी टाटा ने की थी, जो एक व्यवसायी और उद्योगपति थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई सफल व्यवसाय शुरू किए, जिनमें टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और टाटा पावर शामिल हैं। आज, टाटा समूह दुनिया भर में फैला हुआ है, जिसमें 100 से अधिक देशों में कारोबार है। समूह की कुल आय 100 अरब डॉलर से अधिक है, और इसमें 7 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं।

टाटा स्टील भारत की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी इस्पात उत्पादक कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है। यह कंपनी टाटा समूह की एक प्रमुख कंपनी है और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती है। टाटा स्टील की स्थापना 1907 में हुई थी और तब से यह कंपनी देश में इस्पात उत्पादन में अग्रणी है। कंपनी के पास देश भर में फैले कई इस्पात संयंत्र हैं और यह कंपनी देश की इस्पात आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

बोकारो स्टील प्लांट झारखंड के बोकारो में स्थित एक प्रमुख इस्पात संयंत्र है, जो स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की एक इकाई है। यह संयंत्र 1964 में स्थापित किया गया था और इसकी कुल उत्पादन क्षमता 4.5 मिलियन टन प्रति वर्ष है। बोकारो स्टील प्लांट में विभिन्न प्रकार के इस्पात उत्पादों का निर्माण किया जाता है, जिनमें हॉट रोल्ड कॉइल, कोल्ड रोल्ड कॉइल, गैल्वनाइज्ड शीट और अन्य शामिल हैं। यह संयंत्र झारखंड की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करता है और रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

टाटा मोटर्स भारत की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक है, जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है। यह कंपनी टाटा समूह की एक प्रमुख कंपनी है और देश की ऑटोमोबाइल उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान करती है। टाटा मोटर्स की स्थापना 1945 में हुई थी और तब से यह कंपनी देश में विभिन्न प्रकार के वाहनों का निर्माण करती है, जिनमें यात्री कार, वाणिज्यिक वाहन और रक्षा वाहन शामिल हैं। टाटा मोटर्स की कुछ प्रमुख मॉडलों में टाटा नैनो, टाटा इंडिका, टाटा सफारी और टाटा हेक्सा शामिल हैं।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) भारत की एक प्रमुख कोयला खनन कंपनी है, जिसका मुख्यालय झारखंड के रांची में स्थित है। यह कंपनी कोयला इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की एक सहायक कंपनी है और देश की कोयला आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सीसीएल की स्थापना 1975 में हुई थी और तब से यह कंपनी झारखंड और बिहार में फैले अपने कोयला खनन क्षेत्रों में कोयला का उत्पादन करती है। सीसीएल देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनियों में से एक है और इसकी कुल कोयला उत्पादन क्षमता 61 मिलियन टन प्रति वर्ष है।

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) एक वैधानिक निकाय है जो भारत के पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों के दामोदर नदी क्षेत्र में दामोदर घाटी परियोजना को संभालने के लिए काम करता है, जो स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है। यह भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के स्वामित्व में थर्मल पावर स्टेशन और हाइडल पावर स्टेशन दोनों का संचालन करता है। डीवीसी के पास झारखंड में कई थर्मल पावर प्लांट हैं, जिनमें चंद्रपुरा और बोकारो थर्मल पावर प्लांट प्रमुख हैं।

एसीसी लिमिटेड एक प्रमुख सीमेंट उत्पादक कंपनी है, जिसकी झारखंड में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। कंपनी के झारखंड में कई सीमेंट संयंत्र हैं, जो राज्य की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसीसी लिमिटेड की झारखंड में उपस्थिति न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान करती है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है [1]।

अल्ट्राटेक सीमेंट भारत की सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक कंपनियों में से एक है, जिसकी झारखंड में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। कंपनी के झारखंड में कई सीमेंट संयंत्र हैं, जो राज्य की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट की झारखंड में उपस्थिति न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान करती है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। कंपनी के झारखंड संयंत्रों में से एक जामताड़ा जिले में स्थित है, जो राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित है।

नुवोको विस्टास एक प्रमुख सीमेंट और भवन सामग्री उत्पादक कंपनी है, जिसकी झारखंड में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। कंपनी के झारखंड में कई सीमेंट संयंत्र और वितरण केंद्र हैं, जो राज्य की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नुवोको विस्टास की झारखंड में उपस्थिति न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान करती है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। कंपनी के झारखंड संयंत्रों में से एक झारखंड के रांची जिले में स्थित है।

दलमिया सीमेंट भारत की एक प्रमुख सीमेंट उत्पादक कंपनी है, जिसकी झारखंड में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। कंपनी के झारखंड में कई सीमेंट संयंत्र हैं, जो राज्य की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दलमिया सीमेंट की झारखंड में उपस्थिति न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान करती है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। कंपनी के झारखंड संयंत्रों में से एक झारखंड के बोकारो जिले में स्थित है, जो राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित है।

हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) झारखंड के रांची में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। यह कंपनी भारी इंजीनियरिंग और पूंजीगत सामग्री के क्षेत्र में काम करती है और इस्पात, खनन, रेलवे, ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु और रणनीतिक क्षेत्रों में पूंजीगत उपकरणों की एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। एचईसी की स्थापना 1958 में हुई थी। कंपनी के पास झारखंड में एक विस्तृत उत्पादन सुविधा है, जिसमें इस्पात पिघलाने, ढलाई, फोर्जिंग, फैब्रिकेशन, मशीनिंग, असेंबली और परीक्षण की सुविधाएं शामिल हैं।

10. झारखण्ड की मशहूर हस्तियां एवं पुरस्कार विजेता

स्वतंत्रता सेनानी



बिरसा मुंडा (1875-1900 ई.): बिरसा मुंडा एक महान भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उनका जन्म १५ नवंबर, १८७५ को झारखंड के उलिहातू गाँव में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उन्हें अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और 'धरती आबा' के नाम से भी जाना जाता है। उनकी वीरता और संघर्ष की कहानी आज भी झारखंड और पूरे भारत में प्रेरणा का स्रोत है।



बुधू भगत एक महान भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1832 में कोल विद्रोह का नेतृत्व किया था। उन्होंने अंग्रेजों और जमींदारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी वीरता और साहस ने उन्हें झारखंड के लोगों के बीच एक महान नायक बना दिया है। बुधू भगत की कहानी आज भी झारखंड और पूरे भारत में प्रेरणा का स्रोत है।



तिलका माँझी एक महान भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उनका जन्म 11 फरवरी, 1750 ई. को झारखंड के सुल्तानगंज में हुआ था। वह संथाल जनजाति के थे और उन्हें "दिसोम दीवान" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ कई लड़ाइयाँ लड़ी थीं और अपनी वीरता और साहस के लिए जाने जाते हैं। उनकी विरासत आज भी झारखंड और पूरे भारत में याद की जाती है।



नीलाम्बर-पीताम्बर पलामू के दो महान भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और पलामू के लोगों को स्वतंत्रता की लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनकी वीरता और साहस ने उन्हें झारखंड के लोगों के बीच एक महान नायक बना दिया है। नीलाम्बर-पीताम्बर की कहानी आज भी झारखंड और पूरे भारत में प्रेरणा का स्रोत है।



सिद्धू-कान्हू संथाल जनजाति के दो महान भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1855-1856 में ब्रिटिश सत्ता, साहूकारों, व्यापारियों व जमींदारों के खिलाफ संथाल विद्रोह (हूल विद्रोह) का नेतृत्व किया था। उन्होंने अपने भाइयों चांद और भैरव के साथ मिलकर आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उन्हें अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। उनकी वीरता और संघर्ष की कहानी आज भी झारखंड और पूरे भारत में प्रेरणा का स्रोत है।



पाण्डेय गणपत राम एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जन्म 17 फरवरी, 1809 को झारखंड के लोहरदगा जिले में हुआ था। वह नागवंशी राजा के भूतपूर्व दीवान थे और 1857 के क्रांति के नेता बने थे। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और उन्हें अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया था।

झारखण्ड खेल जगत



जयपाल सिंह मुंडा एक प्रसिद्ध भारतीय हॉकी खिलाड़ी थे जिन्होंने 1928 के अमस्टर्डम ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का नेतृत्व किया था। वह भारतीय हॉकी टीम के पहले आदिवासी कप्तान थे। जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 3 जनवरी 1903 को झारखंड के खूंटी जिले में हुआ था। उन्होंने अपने स्कूली दिनों से ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था और जल्द ही अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमताओं के लिए जाने जाने लगे। जयपाल सिंह मुंडा ने अपने करियर की शुरुआत 1926 में की थी, जब उन्हें भारतीय हॉकी टीम में चुना गया था। उन्होंने 1928 के अमस्टर्डम ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का नेतृत्व किया था, जहां भारत ने स्वर्ण पदक जीता था। जयपाल सिंह मुंडा को उनकी उत्कृष्ट खेल क्षमताओं और नेतृत्व क्षमताओं के लिए जाना जाता था। उन्होंने भारतीय हॉकी को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



महेंद्र सिंह धोनी एक पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी और कप्तान हैं, जिन्हें क्रिकेट के इतिहास में सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उनका जन्म 7 जुलाई, 1981 को रांची, झारखंड में हुआ था। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर में कई रिकॉर्ड बनाए और कई पुरस्कार जीते, जिनमें 2011 क्रिकेट विश्व कप और 2007 आईसीसी विश्व ट्वेंटी20 शामिल हैं। उन्हें 2009 में पद्म श्री और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।



दीपिका कुमारी झारखंड की एक प्रसिद्ध तीरंदाज हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं। उनका जन्म 13 जून, 1994 को झारखंड के रांची जिले में हुआ था। दीपिका ने अपने तीरंदाजी करियर की शुरुआत 2005 में की थी और जल्द ही विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता और 2012 के लंदन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। दीपिका को उनके योगदान के लिए 2012 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।



अशुंता लकड़ा झारखंड की एक पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए कई वर्षों तक खेला। उनका जन्म 21 जून, 1981 को झारखंड के सिमडेगा जिले में हुआ था। अशुंता ने अपने हॉकी करियर की शुरुआत झारखंड के लिए घरेलू हॉकी से की थी और जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुनी गईं। उन्होंने 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता और 2006 के डब्ल्यूएचएल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। अशुंता को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।



प्रेमलता अग्रवाल एक प्रसिद्ध भारतीय पर्वतारोही हैं जिन्होंने अपनी साहसिक और दृढ़ इच्छाशक्ति से पर्वतारोहण के क्षेत्र में एक नए मानक को स्थापित किया है। उन्होंने 2013 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की और सफलतापूर्वक इसके शिखर पर पहुंची, जिससे वे इस उपलब्धि को हासिल करने वाली सबसे उम्रदराज़ भारतीय महिला बन गईं। प्रेमलता अग्रवाल की उपलब्धियों ने न केवल उन्हें एक प्रेरणा के रूप में स्थापित किया है, बल्कि उन्होंने महिलाओं के लिए पर्वतारोहण और अन्य साहसिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसरों को भी बढ़ावा दिया है।



सौरभ तिवारी एक भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जो झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उनका जन्म 30 दिसंबर, 1989 को रांची, झारखंड में हुआ था। वह एक बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपने आक्रामक बल्लेबाजी शैली के लिए जाने जाते हैं। टीवी ने अपने करियर में कई पारियां खेली हैं और उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के लिए भी चुना गया है।



सलीमा टेटे झारखंड की एक प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हैं, जो भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं । उनका जन्म 27 दिसंबर, 2002 को झारखंड के सिमडेगा जिले में हुआ था। सालिमा ने अपने हॉकी करियर की शुरुआत झारखंड के लिए घरेलू हॉकी से की थी और जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुनी गईं। उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने खेल से प्रशंसा प्राप्त की।



लक्ष्मी पाड़िया एक प्रसिद्ध भारतीय मुक्केबाज हैं, जिन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और कई पदक जीते हैं। उनकी उपलब्धियों में 58वीं अखिल भारतीय पुलिस महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप, पुणे, 2010 में स्वर्ण पदक, 11वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, तिरुशूर में, 2010 में रजत पदक, 34वें राष्ट्रीय खेल (महिला मुक्केबाजी), जमशेदपुर, 2011 में स्वर्ण पदक और 60वीं अखिल भारतीय पुलिस महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2012 में स्वर्ण पदक शामिल हैं।



दिवाकर प्रसाद एक प्रसिद्ध भारतीय मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और कई पदक जीते हैं। दिवाकर प्रसाद को उनके खेल के प्रति समर्पण और दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है, और उन्हें भारतीय मुक्केबाजी में एक प्रमुख नाम माना जाता है। उनकी उपलब्धियों ने उन्हें एक प्रेरणा के रूप में स्थापित किया है और उन्होंने भारतीय मुक्केबाजी को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया है।

झारखण्ड की अन्य प्रसिद्ध हस्तियां



राम दयाल मुंडा (23 अगस्त 1939-30 सितंबर 2011) भारत के एक प्रमुख बौद्धिक और सांस्कृतिक व्यक्ति थे। आदिवासी अधिकारों के लिए राँची, पटना, दिल्ली से लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक उन्होंने आवाज उठायी, दुनिया के आदिवासी समुदायों को संगठित किया और देश व अपने गृहराज्य झारखंड में जमीनी सांस्कृतिक आंदोलनों को नेतृत्व प्रदान किया। 2007 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी का सम्मान मिला, तो 22 मार्च 2010 में राज्यसभा के सांसद बनाए गए और 2010 में ही वे पद्मश्री से सम्मानित हुए।




मुकुंद नायक (जन्म 15 अक्टूबर 1949) एक प्रसिद्ध भारतीय कलाकार हैं। वह एक लोक गायक, गीतकार और नर्तक हैं। नायक नागपुरी लोक नृत्य झुमर के एक प्रमुख प्रतिपादक हैं। उन्हें पद्म श्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह झारखंड के सिमडेगा जिले के बोकबा गाँव में जन्मे थे। मुकुंद नायक ने अपने करियर की शुरुआत सार्वजनिक स्थानों पर गीत गाने से की। उन्होंने आकाशवाणी में प्रदर्शन किया और बाद में बिहार सरकार के गीत और नाटक विभाग में शामिल हुए। उन्होंने विदेशों में भी प्रदर्शन किया और नागपुरी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए "कंजबन" संगठन की स्थापना की।



इम्तियाज़ अली एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन शो से की और बाद में फिल्मों में आये। उन्होंने कई सफल फिल्में निर्देशित की हैं, जिनमें "सोचा ना था", "जब वी मेट", "लव आज कल", "रॉकस्टार" और "हाईवे" शामिल हैं। इम्तियाज़ अली को उनकी फिल्मों में प्रेम, संबंधों और आत्म-खोज के विषयों को दर्शाने के लिए जाना जाता है। वह एक प्रभावशाली और सम्मानित फिल्म निर्देशक माने जाते हैं।



प्रियंका चोपड़ा एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री, गायिका, और फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2000 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता जीतने के बाद की थी। उन्होंने कई सफल फिल्मों में अभिनय किया है, जिनमें "फैशन", "कमीने", "7 खून माफ", "बर्फी!", और "मैरी कॉम" शामिल हैं। प्रियंका चोपड़ा को उनके अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और कई फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं। वह एक प्रभावशाली और सम्मानित अभिनेत्री मानी जाती हैं और उन्होंने भारतीय सिनेमा में एक महत्वपर्ण योगदान दिया है।



अशोक भागत, जिन्हें प्यार से बाबा जी के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रसिद्ध भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता और विकास भारती के सचिव हैं, जो झारखंड में ग्रामीण आबादी के उत्थान के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन है। झारखंड में स्वच्छ भारत अभियान के नामित नेता के रूप में, अशोक ने क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके निस्वार्थ सामाजिक सेवा के योगदान ने उन्हें 2015 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया, जो भारत में चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

झारखण्ड के पुरस्कार विजेता

पद्म भूषण

- शैलेश कुमार बंदोपाध्याय - 2010
- महेंद्र सिंह धोनी - 2018
- करिया मुंडा - 2019

पद्म श्री

- ✓ राजकुमार सुधेन्द्र न सिंह देव - 1991
- ✓ परशुराम मिश्रा - 2000
- ✓ केदार नाथ साहू - 2005
- ✓ श्यामा चरण पति - 2006
- ✓ वसुंधरा कोमकली - 2006
- ✓ महेंद्र सिंह धोनी - 2009
- ✓ दीपिका कुमारी - 2016
- ✓ मुकुंद नायक - 2017
- ✓ बलबीर दत्त - 2017
- ✓ दिगंबर हांसदा - 2018
- ✓ बुलु इमाम - 2019
- ✓ जमुना टुडू - 2019
- ✓ राम दयाल मुंडा - 2010
- ✓ मकर ध्वज दरोगा - 2011
- ✓ पंडित गोपाल प्रसाद दुबे - 2012
- ✓ प्रेमलता अग्रवाल - 2013
- ✓ अशोक भगत - 2015
- ✓ साइमन उरांव – 2016
- ✓ शशधर आचार्य - 2020
- ✓ मधु मंसूरी हसमुख - 2020
- ✓ छुटनी महतो - 2021
- ✓ गिरधारी राम गोंझू - 2022
- ✓ जानुम सिंह सोय - 2023

संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

- ➢ चेतन जोशी, बांसुरी वादक
- ➢ महावीर नायक, नागपुरी लोक गायक
- ➢ मुकुंद नायक, लोक कलाकारमहावीर नायक, नागपुरी लोक गायक

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड
95वीं त्रैमासिक बैठक
संयोजक: बैंक ऑफ इंडिया
दिनांक: 05-06-2026
स्थान– प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 95वीं त्रैमासिक बैठक की कार्यवृत

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड की 95वीं त्रैमासिक बैठक दिनांक 05 जून 2026 को प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय से कार्यपालक निदेशक श्री सुब्रत कुमार द्वारा की गई। बैठक में निम्नलिखित वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति उल्लेखनीय रहे:

- श्री अंजनी कुमार ठाकुर, निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार
- श्री मनोज कुमार, भा॰प्र॰से, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार
- श्री अरवा राजकमल, भा॰प्र॰से, सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार
- श्रीमति सीता पुष्पा, भा॰प्र॰से, अपर सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार
- श्रीमति रक्षा मिश्र, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची
- श्री नितिन गोविंदराव देशपांडे, मुख्य महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय
- श्रीमति दीपमाला घोष, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय
- श्री गुरु प्रसाद गोंड, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया एवं संयोजक, एस.एल.बी.सी., झारखंड
- श्रीमती कुमकुम वर्मा, उप महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय
- श्रीमाति संध्या गुप्ता, निदेशक, वित्त विभाग, झारखंड सरकार
- श्री संतोष कुमार सिन्हा, उप महाप्रबंधक, एस.एल.बी.सी., झारखंड

इसके अतिरिक्त, सभी बैंकों के राज्य प्रमुख, सभी जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक, तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारीगण भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक का विधिवत शुभारंभ मंचासीन विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत झारखंड राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 95वीं पुस्तिका, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों हेतु इकाई लागत एवं किसान उत्पादक संगठन पुस्तिका का लोकार्पण सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया।

बैठक में क्रमशः सभा अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न मंचासीन गणमान्यों को सभा सम्बोधन हेतु आमंत्रित किया गया, जिनके अभिभाषण के मुख्य बिन्दु निम्नतः रहे-

क) राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के महाप्रबंधक एवं संयोजक, श्री गुरु प्रसाद गोंड का सम्बोधन-

सर्वप्रथम, महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने सभी बैंकों के राज्य प्रमुखों; अग्रणी जिला प्रबंधकों; तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों का राज्य में बैंकिंग गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य द्वारा प्राप्त कुछ प्रमुख उपलब्धियों की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट किया।

- श्री गोंड ने सदन को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य का ऋण जमा अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 6.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने बताया कि दिनांक 31.03.2026 को राज्य का ऋण-जमा अनुपात बढ़कर 53.78 प्रतिशत हो गया, जो दिनांक 31.03.2025 को 50.68 प्रतिशत था।

  उन्होंने उल्लेख किया कि यद्यपि राज्य का ऋण-जमा अनुपात अभी भी राष्ट्रीय औसत से कम है, तथापि इसमें निरंतर हो रही वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि राज्य के बैंक आम नागरिकों, किसानों, उद्यमियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तक उत्पादक ऋण प्रवाह को सुदृढ़ बनाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। इससे राज्य की आर्थिक गतिविधियों को नई गति एवं मजबूती प्राप्त हो रही है।

  महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने आगे जानकारी दी कि दिनांक 31.03.2026 तक राज्य के कुल जमाओं में 9.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुल अग्रिमों में 14.73 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

(एक्शन- सभी सदस्यों की जानकारी हेतु)

- श्री गोंड ने सदन को अवगत कराया कि माननीय कृषि मंत्री, झारखंड सरकार के परामर्शानुसार खरीफ मौसम के लिए किसानों को संतृप्त करने के उद्देश्य से एसएलबीसी द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक विशेष किसान क्रेडिट कार्ड अभियान संचालित किया गया।
  उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान **कुल 15,965 आवेदन प्राप्त** किए गए, जिनमें से **11,472 आवेदनों को स्वीकृत** किया गया तथा **₹121.07 करोड़** की ऋण राशि स्वीकृत की गई।

  उन्होंने सभी सदस्य बैंकों से आग्रह किया कि नए किसानों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने, किसान क्रेडिट कार्ड कवरेज का विस्तार करने तथा कृषि मूल्य श्रृंखला डेयरी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें, ताकि राज्य में कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के समग्र विकास को और अधिक गति मिल सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री गोंड ने राज्य सरकार से निम्नलिखित विषयों पर आवश्यक सहयोग एवं हस्तक्षेप का अनुरोध किया:

  - **परिसंपत्तियों पर ऑनलाइन चार्ज निर्माण:** श्री गोंड ने अनुरोध किया कि झारखंड में गिरवी रखी जाने वाली परिसंपत्तियों पर ऑनलाइन चार्ज निर्माण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में ऐसी केंद्रीकृत डिजिटल व्यवस्था के अभाव में ऋण स्वीकृति एवं सुरक्षा सृजन की प्रक्रिया में विलंब होता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन चार्ज निर्माण की व्यवस्था लागू होने से ऋण वितरण प्रक्रिया अधिक त्वरित एवं पारदर्शी होगी, धोखाधड़ी की संभावनाओं में कमी आएगी तथा राज्य में व्यवसाय सुगमता (Ease of Doing Business) को बढ़ावा मिलेगा।
  - **प्रदर्शन-आधारित सरकारी जमा आवंटन:** श्री गोंड ने सरकारी प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों के प्रदर्शन के आधार पर सरकारी जमा के आवंटन के विषय को विचाराधीन रखने हेतु राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों के लिए एक सकारात्मक प्रोत्साहन का कार्य करेगी तथा सदस्य बैंकों को सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, वित्तीय समावेशन और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।
  - **झारखंड MSME प्रोत्साहन नीति, 2023:** श्री गोंड ने कहा कि झारखंड MSME प्रोत्साहन नीति, 2023 राज्य में MSME क्षेत्र के विकास एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अनुरोध किया कि बैंक अधिकारियों के लिए एक समर्पित कार्यशाला आयोजित की जाए, जिससे नीति के प्रावधानों की बेहतर समझ विकसित हो सके तथा अधिकाधिक पात्र उद्यमियों को इसका लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

- **किसान आईडी (Farmer ID) का निर्माण:** श्री गोंड ने राज्य में किसानों के लिए Farmer ID के व्यापक एवं समयबद्ध निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि Farmer ID कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण एवं वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से किसानों की प्रमाणिक एवं एकीकृत डिजिटल पहचान उपलब्ध होगी, जिससे कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, DBT, फसल बीमा एवं अन्य कृषि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित एवं लक्षित रूप से उपलब्ध कराया जा सकेगा
- **किसान क्रेडिट कार्ड हेतु बिना LPC ऋण सीमा में वृद्धि:** श्री गोंड ने अवगत कराया कि वर्तमान में झारखंड राज्य में किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत बिना Land Possession Certificate के ₹1.00 लाख तक की ऋण सीमा स्वीकृत की जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि किसानों की ऋण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिना LPC के KCC ऋण सीमा को बढ़ाकर ₹2.00 लाख तक करने की अनुमति प्रदान करने पर विचार किया जाए, जिससे अधिकाधिक किसानों को समय पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा सके।

(एक्शन- राज्य सरकार)

❖ महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने सदन को अवगत कराया कि वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा बैंक शाखाओं में संधारित सरकारी खातों के संचालन हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया (SoP) जारी की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त SoP में नए एवं विद्यमान सरकारी खातों के संचालन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश शामिल हैं।

उन्होंने आगे बताया कि एसएलबीसी द्वारा यह SoP सभी सदस्य बैंकों एवं LDMs के साथ साझा की जा चुकी है। उन्होंने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि इसे अपनी शाखाओं तक प्रसारित कर इसके अनुपालन को सुनिश्चित करें, ताकि सरकारी खातों में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना को रोका जा सके।

(एक्शन- समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक)

❖ अंत में, श्री गोंड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अटल पेंशन योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी बैंकों के राज्य प्रमुखों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों को बधाई दी। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि राज्य ने APY के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 169.70 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने सभी सदस्य बैंकों एवं LDMs से इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की गति को बनाए रखने तथा अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया।

(एक्शन- समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक)

अपने अभिभाषण के अंत में महाप्रबंधक**,** एसएलबीसी ने **RBI,** राज्य सरकार**, NABARD** को उचित मार्गदर्शन एवं अन्य हितधारकों को परस्पर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और यह आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में एस.एल.बी.सी के सभी हितधारक अपनी भूमिका को उचित तथा प्रभावी ढंग से निष्पादित करने मे अहम भूमिका अदा करेंगे।

ख) <u>व्यवसायिक सत्र</u>

व्यावसायिक सत्र का संचालन राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के मुख्य प्रबंधक श्री रौशन चौधरी द्वारा किया गया। इस सत्र के दौरान सभा अध्यक्ष श्री सुब्रत कुमार तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की सहभागिता में श्री चौधरी ने सभी बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों की समीक्षा की। श्री रौशन चौधरी ने अवगत कराया कि पिछली एसएलबीसी

बैठक के कार्यवृत्त में संशोधन हेतु कोई अनुरोध प्राप्त न होने के कारण, 94वीं एसएलबीसी बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती है।

सत्र के दौरान चर्चा में आए कुछ प्रमुख बिंदु एवं महत्वपूर्ण मुद्दे निम्नलिखित रहे:

- सदन को अवगत कराया गया कि मार्च 2026 तक राज्य में कुल 34,594 बैंकिंग संवाददाता निष्क्रिय थे, जिनमें से 27,284 निष्क्रिय BCs Fino Payments Bank से संबंधित थे। आगे बताया गया कि मई 2026 के दौरान बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि 6,184 BCs को पुनः सक्रिय कर दिया गया है।

  बैंक से अनुरोध किया गया कि शेष निष्क्रिय BCs को शीघ्र सक्रिय करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि बैंकिंग सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

  (एक्शन- Fino Payments Bank)

- बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष महोदय ने IndusInd Bank द्वारा मैनुअल डेटा समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बैंक के राज्य प्रमुख से इसका कारण पूछा तथा निर्देश दिया कि आगामी तिमाही से बैंक द्वारा सभी अपेक्षित आंकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं, ताकि राज्य स्तरीय बैंकिंग आंकड़ों के संकलन एवं समीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

  (एक्शन- IndusInd Bank)

- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। सदन को अवगत कराया गया कि HDFC Bank का प्रदर्शन योजना के अंतर्गत संतोषजनक नहीं है। बैंक द्वारा अब तक केवल 11 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है, जबकि 71 आवेदन अभी भी बैंक स्तर पर लंबित हैं।

  निदेशक, वित्तीय सेवाएं ने एसएलबीसी को निर्देश दिया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत बैंकों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक विशेष बैठक आयोजित की जाए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

  (एक्शन- एसएलबीसी एवं एचडीएफ़सी)

- कार्यवाही अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के विषय पर मंच में चर्चा की गई। सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर बिंदुवार उत्तर सहित ATR प्रस्तुत करने की सलाह दी गई।

  साथ ही, सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया गया कि ATR संबंधित बैंक के राज्य प्रमुख के अनुमोदन/हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रतिवेदित कार्रवाई बैंक के राज्य स्तर के प्रबंधन की जानकारी एवं संज्ञान में है।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- फोकस ग्रुप बैंकों के अंतर्गत लंबित Re-KYC मामलों का विषय सदन में उठाया गया। सदन को अवगत कराया गया कि 09 बैंकों में लगभग 5.70 लाख खातों का Re-KYC लंबित है।

  क्षेत्रीय निदेशक, RBI ने बताया कि कुल लंबित खातों में से 94 प्रतिशत मामले केवल 08 बैंकों से संबंधित हैं तथा इनमें से लगभग 50 प्रतिशत लंबित खाते एक ही बैंक के हैं। उन्होंने आगे अवगत कराया कि इस विषय की निगरानी माननीय गवर्नर, RBI स्तर पर की जा रही है। अतः उन्होंने सभी बैंकों से Re-KYC लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा इस दिशा में विशेष प्रयास करने का आग्रह किया।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक ऋण योजना सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई। सदन को अवगत कराया गया कि सभी संबंधित हितधारकों के परामर्श एवं सहमति से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ACP को अंतिम रूप प्रदान किया गया है।

  वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु कुल ACP लक्ष्य ₹1,73,040 करोड़ निर्धारित किया गया है। सभी सदस्य बैंकों एवं संबंधित विभागों से अनुरोध किया गया कि इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समन्वित एवं सतत प्रयास सुनिश्चित किए जाएं, ताकि राज्य के समग्र आर्थिक विकास एवं प्राथमिकता क्षेत्र के वित्तपोषण को और अधिक गति मिल सके।

  (एक्शन- समस्त बैंक एवं एलडीएम)

- श्री रोशन चौधरी ने ब्रिक-एंड-मोर्टार शाखाओं की स्थापना की प्रगति से सदन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग से ऐसे 29 स्थानों की सूची प्राप्त हुई थी, जहां जनसंख्या 3,000 से अधिक है तथा 5 किलोमीटर की परिधि में कोई ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंक शाखा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि इन 29 स्थानों में से 9 स्थानों पर पहले से ही बैंक शाखाएं संचालित थीं तथा शेष स्थानों में 06 बैंकों द्वारा शाखाएं खोली जा चुकी हैं।

  श्री चौधरी ने सभा को अवगत कराया कि कुछ बैंकों द्वारा उपयुक्त भवन एवं सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता से संबंधित समस्याएं उठाई गई हैं। इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा DFS से चर्चा की गई, जिसमें स्पष्ट किया गया कि बैंकों को आवंटित स्थान से 5 किलोमीटर की परिधि के भीतर शाखा खोलनी है तथा उपयुक्त भवन उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित बैंक जिला प्रशासन से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

  निदेशक, DFS ने सभी बैंकों को उक्त स्थानों पर ब्रिक-एंड-मोर्टार शाखाओं के शीघ्र संचालन हेतु सक्रिय पहल करने की सलाह दी। उन्होंने एसएलबीसी को भी इस विषय पर सदस्य बैंकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

  (एक्शन- बैंक जहाँ शाखा खोलना लंबित है, एलडीएम एवं एसएलबीसी)

- श्री रोशन चौधरी ने सदन को PFRDA द्वारा प्रारंभ की गई नई योजना NPS संचय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

  उन्होंने योजना के उद्देश्यों, प्रमुख विशेषताओं एवं लाभों की जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की तथा सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि वे पात्र व्यक्तियों को इस योजना से जोड़ने हेतु विशेष प्रयास करें, जिससे असंगठित क्षेत्र के अधिकाधिक लोगों को पेंशन सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- **श्री रोशन चौधरी ने उन मुद्दों पर प्रकाश डाला जहाँ राज्य सरकार से सहयोग अपेक्षित है। प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं:**

  1. **CNT/SPT अधिनियम** राज्य में ऋण प्रवाह की एक प्रमुख बाधा बने हुए हैं। भूमि को बंधक न रख पाने के कारण न केवल बड़े उद्योगों को ऋण देना कठिन है, बल्कि खुदरा आवास ऋण का विस्तार भी बैंकों के लिए एक चुनौती बनी हुई है। परिणामस्वरूप, जिस भूमि पर बड़े उद्योग स्थापित होने चाहिए थे, उसका उपयोग केवल छोटे कारोबार, जैसे नर्सरी आदि, तक ही सीमित रह गया है।
  2. **LPC/भूमि कब्जा प्रमाण पत्र:** वर्तमान में झारखंड में बैंकों द्वारा बिना LPC के केवल ₹1 लाख तक का केसीसी ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस सीमा को बढ़ाकर ₹2 लाख किया जाए, ताकि किसानों को सहज रूप से ऋण उपलब्ध हो सके और कृषि विकास को प्रोत्साहन मिले।

3. **रजिस्ट्रार/सब-रजिस्ट्रार के साथ चार्ज की नोटिंग:** बैंकों के पास बंधक रखी जाने वाली प्रत्येक संपत्ति पर बैंक के चार्ज/अधिकार की ऑनलाइन नोटिंग यदि रजिस्ट्रार अथवा सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के माध्यम से सुनिश्चित की जाए तो इससे पारदर्शिता में वृद्धि होगी। भारत सरकार के Digital India Land Record Modernization Program (DILRMP) के निर्देशों का पालन करते हुए यदि एनआईसी एवं भू-निबंधन निदेशालय इस दिशा में ठोस पहल करें तो धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।
4. **स्कूली पाठ्यक्रम में वित्तीय साक्षरता:** भारतीय रिज़र्व बैंक ने उप-समिति की बैठक में अवगत कराया कि वित्तीय साक्षरता से संबंधित 70 अध्यायों में से 37 अध्याय स्कूल पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जा चुके हैं। राज्य सरकार से अपेक्षा है कि शेष अध्यायों को भी यथाशीघ्र पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, जिससे विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

(एक्शन- राज्य सरकार)

ग) निदेशक, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार श्री अंजनी कुमार ठाकुर का सम्बोधन-

- निदेशक, DFS ने कहा कि 95वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में सहभागिता उनके लिए सौभाग्य एवं सम्मान की बात है। उन्होंने राज्य सरकार, RBI, SLBC, NABARD, सदस्य बैंकों तथा अग्रणी जिला प्रबंधकों द्वारा राज्य में वित्तीय समावेशन एवं ऋण प्रवाह में निरंतर सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त की कि राज्य में समावेशी बैंकिंग एवं ऋण वितरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह सहयोग आगे भी जारी रहेगा।

(एक्शन- सभी सदस्यों की जानकारी हेतु)

- श्री अंजनी कुमार ठाकुर ने कहा कि एसएलबीसी एक विशिष्ट मंच है, जो सभी हितधारकों को त्रैमासिक आधार पर एकत्र होकर बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा करने तथा आगे की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करता है।

  उन्होंने कहा कि राज्य ने विभिन्न मानकों पर निरंतर एवं संतोषजनक प्रदर्शन किया है। तथापि, कुछ क्षेत्रों में राज्य अभी भी अग्रणी राज्यों की तुलना में पीछे है। उन्होंने कहा कि राज्य के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण चुनौती ऋण-जमा अनुपात में सुधार की है। उन्होंने उल्लेख किया कि राष्ट्रीय स्तर पर ऋण-जमा अनुपात 75 प्रतिशत से अधिक है, जबकि राज्य में इस अनुपात में निरंतर वृद्धि के बावजूद यह अभी 53.78 प्रतिशत पर है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है।

  उन्होंने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान समन्वित प्रयासों के माध्यम से राज्य के ऋण-जमा अनुपात को 53.78 प्रतिशत से बढ़ाकर कम-से-कम 60 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

(एक्शन- समस्त बैंक एवं एलडीएम)

- श्री ठाकुर ने कहा कि वित्तीय सेवा विभाग द्वारा विभिन्न प्रमुख योजनाओं की नियमित निगरानी की जा रही है, जिनमें प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य के लिए ₹10 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया है।

  उन्होंने आगे कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy) वित्तपोषण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है। अतः सभी सदस्य बैंकों को इस योजना के अंतर्गत सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित

करते हुए पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- निदेशक, DFS ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना पर प्रस्तुत व्यवसाय सत्र की समीक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत केवल कुछ बैंकों, जैसे **बैंक ऑफ इंडिया, SBI एवं झारखंड ग्रामीण बैंक**, का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है।

  उन्होंने अन्य सदस्य बैंकों से आग्रह किया कि वे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के नामांकन एवं ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं तथा अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए अग्रणी बैंकों के समकक्ष आने का प्रयास करें।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री ठाकुर ने राज्य में निष्क्रिय बैंकिंग संवाददाताओं के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में BCs वर्तमान में निष्क्रिय हैं, जो वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न कर रहा है।

  उन्होंने एसएलबीसी को निर्देश दिया कि आगामी तिमाही बैठक में बैंकवार कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए तथा सभी सदस्य बैंक यह सुनिश्चित करें कि अगले तिमाही के भीतर अधिकतम निष्क्रिय BCs को पुनः सक्रिय किया जाए।

(एक्शन- एसएलबीसी एवं बैंक)

- श्री ठाकुर ने कहा कि शाखा विस्तार राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता एवं चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने सभी सदस्य बैंकों से आग्रह किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान प्रस्तावित 149 नई बैंक शाखाओं के उद्घाटन का लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

  उन्होंने विशेष रूप से बल दिया कि Unbanked Rural Centres में शाखाओं की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि बैंकिंग सेवाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित की जा सके तथा वित्तीय समावेशन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- निदेशक, DFS ने बैंकों द्वारा SLBC से संबंधित आंकड़ों के विलंबित प्रस्तुतीकरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की नियमित निगरानी एसएलबीसी द्वारा की जानी चाहिए तथा सभी सदस्य बैंक यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक आंकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि समीक्षा एवं रिपोर्टिंग कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न हो सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री ठाकुर ने निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न सरकारी प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत उनका प्रदर्शन अभी भी अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने कहा कि यह विषय एसएलबीसी की बैठकों में नियमित रूप से उठाया जाता रहा है, तथापि निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

  उन्होंने निजी क्षेत्र के सभी बैंकों से आग्रह किया कि वे सरकारी प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें तथा लाभार्थियों के ऋण स्वीकृति एवं नामांकन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करें।

(एक्शन- निजी क्षेत्र के बैंक)

घ) नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्रीमति दीपमाला घोष का सम्बोधन -

- मुख्य महाप्रबंधक, NABARD ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला कृषक वर्ष (**International Year of Women Farmers**) के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के नाते भारत में महिलाओं का कृषि क्षेत्र में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, किन्तु भूमि स्वामित्व एवं परिसंपत्तियों पर अधिकार के अभाव में उनका योगदान प्रायः औपचारिक रूप से दर्ज नहीं हो पाता। इसी कारण अनेक महिला कृषक संस्थागत ऋण एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं।

  उन्होंने राज्य सरकार एवं कृषि विभाग से आग्रह किया कि **महिला कृषकों की पहचान एवं Farmer ID निर्माण** पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसकी शुरुआत डेयरी क्षेत्र से की जा सकती है, क्योंकि डेयरी गतिविधियों में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डेयरी क्षेत्र में प्रगति की पर्याप्त संभावनाएं हैं तथा राज्य दुग्ध महासंघ द्वारा भी सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि, राज्य में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता अभी राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम है, जिससे इस क्षेत्र में विकास की व्यापक संभावनाएं विद्यमान हैं।

  उन्होंने कहा कि यदि महिला कृषकों को विशेष रूप से डेयरी क्षेत्र में Farmer ID से जोड़ा जाए, तो इससे उनकी पहचान सुदृढ़ होगी तथा संस्थागत ऋण एवं अन्य कृषि संबंधी लाभों तक उनकी पहुंच सुगम हो सकेगी।

  (एक्शन- राज्य सरकार)

- श्रीमती दीपमाला घोष ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से मध्य-पूर्व क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ रहा है, जिसका प्रत्यक्ष असर कृषि क्षेत्र, विशेषकर उर्वरकों (Fertilizers) की उपलब्धता एवं लागत पर भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के कारण उर्वरकों की लागत पर अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हो रहा है।

  उन्होंने उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दिशा में **"खेत बचाओ अभियान"** जैसे प्रयास भी किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है। उन्होंने कहा कि यद्यपि झारखंड उन राज्यों में शामिल नहीं है जहां DAP का अत्यधिक उपयोग होता है, फिर भी राज्य में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग पर्याप्त मात्रा में किया जाता है।

  उन्होंने कृषि विभाग एवं कृषि प्रसार सेवाओं (Extension Services) से जुड़े सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

  (एक्शन- राज्य सरकार)

- श्रीमती दीपमाला घोष ने सदन को अवगत कराया कि NABARD द्वारा '**जीवा परियोजना**' संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य Agro-Ecology आधारित, रसायन-मुक्त एवं Climate Resilient कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती (Natural Farming) को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त NABARD द्वारा जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य सतत कृषि पद्धतियों के प्रसार हेतु भी विभिन्न पहलें की जा रही हैं।

  उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक एवं जैविक खेती से संबंधित परियोजनाओं एवं ऋण प्रस्तावों को प्रोत्साहित करें, ताकि राज्य में टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिल सके तथा किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त हो।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- मुख्य महाप्रबंधक, NABARD ने सदन को अवगत कराया कि NABARD केवल Refinance प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि ऋण प्रवाह को सुगम एवं प्रभावी बनाने हेतु जागरूकता सृजन तथा ज्ञान-साझाकरण की दिशा में भी कार्य करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछली एसएलबीसी बैठक में लाख (Lac) मूल्य श्रृंखला पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन किया गया था, जिसमें लाख उद्योग के विभिन्न हितधारकों, मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया तथा वित्तपोषण की संभावनाओं का सरल एवं व्यावहारिक विवरण प्रस्तुत किया गया था।

  उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान बैठक में एसएलबीसी के सहयोग से किसान उत्पादक संगठनों के वित्तपोषण हेतु एक क्रेडिट गाइड का विमोचन किया गया है। इस पुस्तिका में FPOs के विभिन्न कानूनी स्वरूपों, वित्तपोषण से पूर्व आवश्यक जांच बिंदुओं तथा कार्यशील पूंजी एवं Term Loan की आवश्यकताओं का सरल एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया है, जिससे बैंकरों को FPO वित्तपोषण में सुविधा होगी।

  उन्होंने बैंकों को सलाह दी कि वे केवल FPOs तक सीमित न रहकर संपूर्ण Agriculture Value Chain के विभिन्न प्रतिभागियों, जैसे किसानों, FPOs, प्रसंस्करण इकाइयों एवं राइस मिलों आदि के वित्तपोषण पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर वित्तपोषण से न केवल ऋण की गुणवत्ता एवं सुरक्षा में सुधार होता है, बल्कि संपूर्ण कृषि पारितंत्र को भी मजबूती मिलती है।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- मुख्य महाप्रबंधक, NABARD ने सदन को अवगत कराया कि बैठक के दौरान कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की विभिन्न गतिविधियों हेतु चालू वर्ष के लिए तैयार Unit Cost Booklet का भी विमोचन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तिका में कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के लिए Indicative Unit Cost का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया गया है, जो बैंकों के लिए ऋण मूल्यांकन एवं वित्तपोषण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज के रूप में कार्य करेगा।

  (एक्शन- सभी सदस्यों की जानकारी हेतु)

- मुख्य महाप्रबंधक, NABARD ने कहा कि राज्य में MSME क्षेत्र का प्रदर्शन अत्यंत उत्साहजनक रहा है तथा वार्षिक ऋण योजना (ACP) के अंतर्गत MSME क्षेत्र में लगभग 120 प्रतिशत लक्ष्य की उपलब्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यह राज्य में MSME क्षेत्र की बढ़ती संभावनाओं एवं प्रगति का परिचायक है।

  उन्होंने आगे बताया कि MSME एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से NABARD ने XLRI के सहयोग से XLRI Council for Innovation and Entrepreneurship की स्थापना की है। इस केंद्र के माध्यम से नवाचार आधारित उद्यमों एवं स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा उन्हें इनक्यूबेशन, मेंटरशिप, प्रोटोटाइप विकास, कानूनी अनुपालन एवं प्रारंभिक पूंजी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

  उन्होंने कहा कि इस पहल के अंतर्गत विशेष रूप से महिला, जनजातीय एवं ग्रामीण उद्यमियों को बढ़ावा देने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि भविष्य में इस केंद्र द्वारा विकसित एवं इनक्यूबेट किए गए उद्यमों के वित्तपोषण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे राज्य में नवाचार एवं उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- श्रीमती दीपमाला घोष ने सभी अग्रणी जिला प्रबंधकों से अनुरोध किया कि वे NABARD के जिला विकास प्रबंधकों तथा संबंधित जिला स्तरीय तकनीकी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय तकनीकी समिति (DLTC) की बैठकों का आयोजन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

  उन्होंने कहा कि चालू वर्ष में DLTC बैठकों के आयोजन में विलंब होने के कारण वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्केल ऑफ फाइनेंस का निर्धारण अप्रैल माह तक लंबित रहा, जिससे विभिन्न स्तरों पर

कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आग्रह किया कि आगामी वर्षों में DLTC बैठकों का आयोजन वर्ष के प्रारंभ में ही कर लिया जाए, ताकि स्केल ऑफ फाइनेंस का समय पर निर्धारण हो सके और सभी संबंधित संस्थाओं का कार्य सुचारु रूप से संपादित हो सके।

(एक्शन- अग्रणी जिला प्रबंधक)

- मुख्य महाप्रबंधक, NABARD ने निदेशक, DFS से अनुरोध किया कि वार्षिक ऋण योजना एवं कृषि ऋण लक्ष्यों के निर्धारण के उपरांत अतिरिक्त लक्ष्यों के आवंटन की प्रक्रिया में राज्यों की स्थानीय परिस्थितियों एवं Credit Absorption Capacity को भी ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में भूमि अभिलेखों एवं स्वामित्व संबंधी चुनौतियों के कारण कृषि ऋण, विशेषकर फसल ऋण के वितरण में व्यावहारिक कठिनाइयाँ आती हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि कृषि ऋण लक्ष्यों की तुलना में उपलब्धि अपेक्षाकृत कम रहने का एक कारण बाद में आवंटित किए गए अतिरिक्त लक्ष्य भी हैं, जो कई बार राज्य की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं होते। उन्होंने अनुरोध किया कि लक्ष्यों के निर्धारण में राज्य-विशिष्ट परिस्थितियों एवं संभावनाओं को ध्यान में रखा जाए, जिससे निर्धारित लक्ष्य अधिक यथार्थवादी एवं प्राप्त करने योग्य हो सकें।

  निदेशक, वित्त सेवा विभाग ने आश्वस्त किया कि नाबार्ड द्वारा उठाए गए उपर्युक्त विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई एवं समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

(एक्शन- सभी सदस्यों की जानकारी हेतु)

ङ) भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, श्रीमति रक्षा मिश्र का सम्बोधन -

- क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान झारखंड के बैंकिंग क्षेत्र ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार एवं ऋण प्रवाह में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। ऋण-जमा अनुपात में सुधार होकर यह 31.03.2026 तक यह अनुपात 53.78 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके साथ ही बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता (Asset Quality) में भी सुधार परिलक्षित हुआ है तथा MSME क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया गया है, जो राज्य में उद्यमिता, रोजगार सृजन एवं औद्योगिक गतिविधियों को मिल रहे प्रोत्साहन का संकेत है।

  उन्होंने कहा कि यद्यपि परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है, तथापि इस क्षेत्र में निरंतर सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि राज्य का सकल एनपीए स्तर अभी भी राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी अधिक है। अतः बैंकों को परिसंपत्ति गुणवत्ता में और सुधार लाने तथा एनपीए नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने चाहिए।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्रीमती रक्षा मिश्र ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं, जिन पर आगे और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंकों की कुछ प्रमुख प्राथमिकताओं का संक्षिप्त उल्लेख करना चाहेंगी।

  उन्होंने कहा कि राज्य के ऋण-जमा अनुपात में सुधार अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह अभी भी राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऋण विस्तार की पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं, जिन्हें बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से प्रभावी रूप से साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी बैंकों से आग्रह किया कि वे उत्पादक क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने की दिशा में विशेष ध्यान एवं प्रयास करें।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्रीमती रक्षा मिश्र ने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा झारखंड के 11 जिलों की पहचान ऐसे जिलों के रूप में की गई है, जहां प्रति व्यक्ति प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (Per Capita Priority Sector Credit) ₹9,000 से कम है। इन **जिलों में बोकारो, चतरा, दुमका, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, जामताड़ा, खूंटी, लातेहार, पलामू, साहिबगंज एवं सिमडेगा शामिल हैं।**

  उन्होंने बैंकिंग समुदाय से आग्रह किया कि इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए लक्षित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि संतुलित क्षेत्रीय विकास (Balanced Regional Development) सुनिश्चित करने के साथ-साथ राज्य के ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने में भी सहायता मिलेगी।

  (एक्शन- समस्त बैंक एवं संबन्धित अग्रणी जिला प्रबंधक)

- क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने कृषि ऋण पर चर्चा करते हुए उल्लेख किया कि झारखंड की लगभग 80 प्रतिशत ग्रामीण आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों पर निर्भर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र को पर्याप्त संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना सभी हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

  उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं विद्यमान हैं। अतः बैंकों को इन क्षेत्रों के वित्तपोषण पर विशेष ध्यान देनी कि आवश्यकता है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण वितरण को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने फोकस ग्रुप बैंकों के अंतर्गत लंबित Re-KYC मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिशा में पूर्व में सराहनीय प्रगति हुई थी, किन्तु वर्तमान में प्रगति की गति धीमी पड़ती हुई प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि फोकस ग्रुप बैंकों में Re-KYC लंबित मामलों की समीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही है तथा राज्य में लंबित मामलों का अधिकांश भाग 7-8 बैंकों में केंद्रित है।

  उन्होंने विशेष रूप से उन बैंकों से आग्रह किया, जहां Re-KYC की लंबित संख्या अधिक है, कि वे इसके कारणों का विश्लेषण कर मिशन मोड में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि फोकस ग्रुप के अंतर्गत शामिल अधिकांश खाते ऐसे हैं, जिनमें पिछले एक वर्ष के दौरान ग्राहक संपर्क अथवा लेनदेन हुआ है, इसलिए इनके KYC अद्यतनकरण में विशेष कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

  उन्होंने सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि फोकस ग्रुप के अंतर्गत लंबित Re-KYC मामलों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि राज्य का प्रदर्शन और बेहतर हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में RBI द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- श्रीमती रक्षा मिश्र ने राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति (NSFI) 2.0 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड में 23,454 Unbanked Revenue Centres चिन्हित हैं, जहां बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सभी बैंकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बैंक शाखाओं अथवा अन्य उपयुक्त बैंकिंग माध्यमों के जरिए इन क्षेत्रों तक प्रभावी बैंकिंग समाधान पहुंचाए जाने की आवश्यकता है।

  उन्होंने आगे कहा कि NSFI 2.0 के अंतर्गत दिसंबर 2028 तक कुल बैंकिंग संवाददाताओं में कम-से-कम 30 प्रतिशत महिला बैंकिंग संवाददाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने एसएलबीसी एवं सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि इन लक्ष्यों की

नियमित समीक्षा की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनकी प्राप्ति हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

(एक्शन- एसएलबीसी एवं समस्त बैंक)

- श्रीमती रक्षा मिश्र ने उल्लेख किया कि बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की गई कि झारखंड में प्रति लाख आबादी पर बैंक शाखाओं, बैंकिंग आउटलेट्स तथा एटीएम की संख्या राष्ट्रीय औसत की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। यह स्थिति दर्शाती है कि राज्य के अनेक क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच अभी भी सीमित है।

  उन्होंने विशेष रूप से 31 मार्च 2025 के उपलब्ध आँकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि **चतरा, साहिबगंज, पाकुड़, सिमडेगा, गुमला तथा जामताड़ा** जैसे जिले भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रकाशित वित्तीय समावेशन सूचकांक (Financial Inclusion Index) के अनुसार निचले स्तर में आते हैं।

  इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबन्धकों से अनुरोध किया कि इन जिलों में बैंक शाखाओं, एटीएम नेटवर्क तथा अन्य बैंकिंग संपर्क बिंदुओं के विस्तार हेतु विशेष प्रयास किए जाएँ, ताकि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जा सके तथा आम जनता को सुलभ बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

  (एक्शन- समस्त बैंक एवं संबन्धित अग्रणी जिला प्रबंधक)

- भारतीय रिज़र्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक, श्रीमती रक्षा मिश्रा ने वित्तीय समावेशन एवं ऋण प्रवाह को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार के साथ बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (ULI) के माध्यम से डेयरी किसानों को सहज ऋण उपलब्ध कराने, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को गति देने तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु Empowered Committee on MSMEs की बैठकों में उद्योग विभाग की नियमित भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन पहलों से राज्य में वित्तीय समावेशन, ऋण वितरण प्रणाली तथा MSME Ecosystem को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

  (एक्शन- सभी सदस्यों की जानकारी हेतु)

च) सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार श्री मनोज कुमार का सम्बोधन-

- ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने कहा कि ग्रामीण एवं जनजातीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण तथा वित्तीय समावेशन में स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया जाने वाला बैंक ऋण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंकों के सहयोग से 2.27 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराया गया, जो संख्या के आधार पर निर्धारित लक्ष्य का 114 प्रतिशत है। कुल ₹4,653 करोड़ का ऋण वितरण किया गया, जो ₹5,000 करोड़ के लक्ष्य के 90 प्रतिशत से अधिक है।

  उन्होंने उल्लेख किया कि स्वयं सहायता समूहों का एनपीए स्तर 1 प्रतिशत से भी कम है, जो उनकी बेहतर पुनर्भुगतान क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि राज्य में अधिकांश स्वयं सहायता समूह वित्तीय समावेशन से जुड़ चुके हैं तथा 'पलाश' ब्रांड के माध्यम से उनकी आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

  उन्होंने कहा कि अब स्वयं सहायता समूह आंदोलन एक परिपक्व अवस्था में पहुँच चुका है और उनकी उत्पादक गतिविधियों के विस्तार हेतु अधिक ऋण सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वयं सहायता समूहों हेतु निर्धारित ₹5,000 करोड़ के ऋण लक्ष्य को पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। साथ ही, जिन बैंकों का प्रदर्शन पिछले वर्ष अपेक्षानुरूप नहीं रहा, उनसे लक्ष्य प्राप्ति हेतु अतिरिक्त प्रयास करने का अनुरोध किया।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने बैंकिंग संवाददाताओं की नियुक्ति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को बैंकिंग संवाददाता के रूप में अधिकाधिक अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार दिसंबर 2028 तक महिला बैंकिंग संवाददाताओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

  उन्होंने कहा कि इस संबंध में बैंकों को दिया गया लक्ष्य न्यूनतम है तथा बैंक इससे आगे बढ़कर भी कार्य कर सकते हैं। राज्य में वित्तीय सेवाओं के विस्तार तथा लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैंकिंग संवाददाताओं का नेटवर्क सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है, ताकि लोगों को बैंकिंग सेवाएँ उनके निकट उपलब्ध हो सकें।

  उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं सामुदायिक कार्यों का पर्याप्त अनुभव प्राप्त है, जिससे वे प्रभावी बैंकिंग संवाददाता की भूमिका निभा सकती हैं। अतः बैंकों से अनुरोध किया गया कि वे अधिकाधिक एसएचजी सदस्यों को बैंकिंग संवाददाता के रूप में नियुक्त करने पर विचार करें।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त दावों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

  उन्होंने उल्लेख किया कि कई मामलों में दावों के निपटारे में अपेक्षाकृत अधिक समय लग जाता है, जिससे लाभार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि इन योजनाओं के अंतर्गत लंबित दावों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री मनोज कुमार ने स्वयं सहायता समूहों को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में कहा कि जेएसएलपीएस द्वारा अनुशंसित ऋण आवेदनों का विभिन्न स्तरों पर परीक्षण एवं सत्यापन किए जाने के उपरांत ही उन्हें बैंकों को अग्रेषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण बैंक शाखाओं को प्राप्त अधिकांश आवेदन पूर्व-सत्यापित एवं आवश्यक रूप से जांचे-परखे होते हैं।

  उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि यदि किसी आवेदन के संबंध में अतिरिक्त जांच अथवा दस्तावेजों की आवश्यकता हो तो उसका निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अनेक ऋण आवेदन शाखाओं में लंबे समय तक लंबित रहते हैं, जिससे ऋण वितरण प्रक्रिया प्रभावित होती है। अतः बैंकों से लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण तथा समयबद्ध ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने RSETIs के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कहा कि गत वर्ष प्रशिक्षण का निर्धारित लक्ष्य पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो सका था। उन्होंने बैंकों से चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित प्रशिक्षण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

  उन्होंने यह भी कहा कि RSETIs द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु बैंक ऋण उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों के निस्तारण एवं क्रेडिट लिंकेज की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि बैंक अपने ही संस्थानों द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं देंगे, तो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रभावित होगा।

उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि RSETIs से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा उनकी क्रेडिट लिंकेज में सुधार लाया जाए, ताकि प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री मनोज कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह आंदोलन एवं RSETI कार्यक्रम झारखंड के ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने बैंकों द्वारा अब तक प्रदान किए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की वर्तमान प्रगति में बैंकिंग क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

  उन्होंने बैंकों से आगामी वर्षों में और अधिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त उद्यमी के रूप में विकसित किया जा सके तथा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के समावेशी विकास को गति मिल सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

छ) सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार श्री अरवा राजकमल का सम्बोधन-

- उद्योग विभाग के सचिव ने PMFME की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यद्यपि राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एमएसएमई ऋण वितरण में निर्धारित ₹40,000 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध ₹48,000 करोड़ से अधिक की उपलब्धि हासिल की है, तथापि PMFME जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समर्थित महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा है।

  उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म उद्यमों के लिए यह एक आकर्षक योजना है, जिसमें अनौपचारिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को भी लाभ प्रदान किया जाता है। इसके बावजूद स्वीकृतियों एवं ऋण वितरण की प्रगति संतोषजनक नहीं रही, जिस पर सभी हितधारकों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।

  उन्होंने बैंकों का ध्यान बड़ी संख्या में अस्वीकृत आवेदनों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि कई मामलों में आवेदन ऐसे कारणों से अस्वीकृत किए गए हैं, जिनकी पुनः समीक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से आवेदक बैंक का ग्राहक नहीं होना, आवेदक का शाखा में उपस्थित न होना, सेवा क्षेत्र से बाहर होना अथवा अस्पष्ट कारणों से आवेदन अस्वीकृत किए जाने पर चिंता व्यक्त की।

  उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि PMFME योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सकारात्मक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन किया जाए तथा अस्वीकृति के कारणों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता में सुधार लाया जाए, ताकि योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री अरवा राजकमल ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण स्वरोजगार योजनाओं में से एक है तथा वर्तमान में भी युवाओं को उद्यमिता के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

  उन्होंने कहा कि यह विचारणीय विषय है कि जहाँ बैंक विभिन्न ऋण योजनाओं, विशेषकर मुद्रा योजना, में लक्ष्यों से अधिक उपलब्धि प्राप्त कर रहे हैं, वहीं PMEGP के लक्ष्यों की प्राप्ति अपेक्षानुरूप नहीं हो पा रही है, जबकि इस योजना को केंद्र सरकार का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।

  उन्होंने उल्लेख किया कि एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पहलें संचालित की जा रही हैं। एक ओर भारत सरकार द्वारा उद्यम पोर्टल एवं अन्य सहायता तंत्र के माध्यम

से एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, वहीं राज्य सरकार भी अपनी एमएसएमई प्रोत्साहन नीति एवं अन्य सहायक कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि PMEGP के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण एवं ऋण वितरण में विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित हो सके तथा राज्य में रोजगार सृजन एवं उद्यमिता विकास को और गति मिल सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- उद्योग विभाग के सचिव ने कहा कि राज्य में एमएसएमई ऋण प्रवाह में वृद्धि एक सकारात्मक संकेत है तथा वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि प्राप्त की गई है। तथापि उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एमएसएमई की संशोधित परिभाषा के कारण आंकड़ों की समीक्षा करते समय यह भी देखा जाना आवश्यक है कि ऋण वृद्धि का कितना हिस्सा वास्तविक नए वित्तपोषण का परिणाम है।

  उन्होंने विशेष रूप से PMFME एवं PMEGP जैसी राष्ट्रीय महत्व की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत उपलब्धियों में अपेक्षित सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि इन योजनाओं के आवेदनों के प्रति अधिक संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि सूक्ष्म उद्यमियों को समयबद्ध ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके।

  उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं बैंकिंग क्षेत्र को एक टीम के रूप में कार्य करते हुए इन योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे छोटे उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने, उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा एमएसएमई क्षेत्र के समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहायता मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि उद्योग विभाग इस दिशा में बैंकों के साथ निरंतर समन्वय एवं सहयोग बनाए रखेगा।

(एक्शन- समस्त बैंक)

ज) कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया श्री सुब्रत कुमार का सम्बोधन –

- बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक ने राज्य में बैंकिंग क्षेत्र द्वारा विभिन्न मानकों पर प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि बैंकों ने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति, अटल पेंशन योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन, ऋण जमा अनुपात में सुधार तथा एनपीए में कमी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

  उन्होंने कहा कि यद्यपि बैंकिंग क्षेत्र का समग्र प्रदर्शन संतोषजनक रहा है, फिर भी PMFME, PMEGP तथा अन्य प्राथमिकता वाली सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सभी बैंकों से इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयास करने का आग्रह किया।

  उन्होंने आश्वासन दिया कि बैंकिंग क्षेत्र राज्य सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा, ताकि इन योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुँच सके तथा राज्य के समावेशी विकास के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।

(एक्शन- समस्त बैंक)

- बैठक के अध्यक्ष श्री सुब्रत कुमार ने अपने संबोधन में बैंकों का ध्यान भारत सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

  उन्होंने सभी बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों से अनुरोध किया कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से जुड़ सकें तथा योजना का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुँच सके।

(एक्शन- समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक)

- श्री सुब्रत कुमार ने राज्य सरकार की गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि योजना के तहत ऋण स्वीकृतियों में 166 प्रतिशत तथा ऋण वितरण में 108 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

  उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त इस सकारात्मक गति को आगामी वर्षों में भी बनाए रखा जाए, ताकि अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक ने KRISHIKA ऐप के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कृषि ऋण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड अभियान एवं संस्थागत कृषि ऋण की पहुँच को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा रहा है।

  उन्होंने सभी बैंकों एवं संबंधित हितधारकों से अनुरोध किया कि कृषिका ऐप को मिशन मोड में अपनाते हुए अभियान को सक्रिय रूप से संचालित करें तथा अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का प्रयास करें, ताकि कृषि ऋण की पहुँच और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल सके।

  (एक्शन- समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक)

- श्री सुब्रत कुमार ने बैंक शाखा विस्तार की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के दौरान निर्धारित 97 शाखाओं के लक्ष्य के विरुद्ध 92 शाखाएँ खोली गई हैं। उन्होंने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कुछ बैंक अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नई शाखाएँ खोलने में सफल नहीं हो सके हैं।

  उन्होंने संबंधित बैंकों से अनुरोध किया कि वे लंबित शाखा विस्तार प्रस्तावों की पुनः समीक्षा करें तथा वर्तमान वर्ष के लक्ष्यों के साथ-साथ पिछले वर्ष के अपूर्ण लक्ष्यों को भी शीघ्र पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आगामी SLBC बैठक में इस विषय की पुनः समीक्षा की जाएगी।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- श्री सुब्रत कुमार ने डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते प्रसार के साथ डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग एवं यूपीआई आधारित लेनदेन के बढ़ते उपयोग के साथ ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी कॉल एवं ओटीपी आधारित ठगी जैसी घटनाओं से सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।

  उन्होंने सभी बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों से आग्रह किया कि ग्राहकों के बीच डिजिटल सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएँ तथा सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के शिकार ग्राहकों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उनकी सहायता एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

  (एक्शन- समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक)

- श्री सुब्रत कुमार ने भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई ECLGS 5.0 योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना उन पात्र व्यवसायों एवं उधारकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों एवं Supply Chain में व्यवधान के कारण प्रभावित हुए हैं।

  उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि योजना के प्रावधानों के अनुरूप पात्र एमएसएमई एवं अन्य योग्य उधारकर्ताओं तक इसका लाभ पहुँचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रभावित इकाइयों को आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा बैंकिंग प्रणाली में उत्पन्न तनाव को कम करने में सहायता मिलेगी।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक ने Customer Service Excellence के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न विभागों एवं बैंकों के ग्राहक सेवा प्रदर्शन का नियमित मूल्यांकन एवं रैंकिंग की जाती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भी ग्राहक सेवा के संबंध में मूल्यांकन एवं रैंकिंग की व्यवस्था विकसित की जा रही है।
  उन्होंने सभी बैंकों से आग्रह किया कि वे Liability एवं Asset दोनों पक्षों सहित सभी बैंकिंग सेवाओं में ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्राहक सेवा के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बैंकिंग सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार आएगा।

  (एक्शन- समस्त बैंक)

- अपने समापन संबोधन में श्री सुब्रत कुमार ने कहा कि वित्तीय समावेशन तभी सार्थक होगा जब बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि शाखा विस्तार से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए तथा शाखाओं के संबंध में किसी भी परिवर्तन को विभागीय दिशा-निर्देशों एवं आवश्यक अनुमतियों के अनुरूप ही किया जाए।
  उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को समन्वित प्रयास, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए झारखंड को वित्तीय समावेशन, कृषि विकास, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण एवं सतत आर्थिक विकास के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।
  उन्होंने विशेष रूप से प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने बैंकों से अपेक्षा की कि वे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सक्रिय योगदान दें, ताकि राज्य का आर्थिक विकास एवं जनकल्याण सुनिश्चित हो सके।
  अंत में उन्होंने सभी बैंकों एवं संबंधित विभागों को आगामी वित्तीय वर्ष के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके सहयोग एवं योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

  (एक्शन- समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक)

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड द्वारा प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

1. **Crop Loan Excellence Award** – वित्तीय वर्ष 2025-26 में फसल ऋण वितरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु **बैंक ऑफ इंडिया** को सम्मानित किया गया।
2. **SHG-NRLM Credit Linkage Excellence Award** – स्वयं सहायता समूहों के ऋण संबद्धीकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु **झारखंड ग्रामीण बैंक** को सम्मानित किया गया।
3. **Social Security Inclusion Excellence Award** – सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन हेतु **भारतीय स्टेट बैंक** को सम्मानित किया गया।
4. **Asset Quality Excellence Award –** एनपीए में कमी एवं परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु **इंडियन बैंक** को सम्मानित किया गया।
5. **Re-KYC Excellence Award –** तीन माह के री-केवाईसी संतृप्ति अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु **बैंक ऑफ इंडिया** को सम्मानित किया गया।
6. **District Coordination Leadership Award –** वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिला स्तरीय बैंकिंग समन्वय में उत्कृष्ट योगदान हेतु **अग्रणी जिला प्रबंधक, धनबाद** को सम्मानित किया गया।
7. **Branch Expansion Leadership Award** – शाखा विस्तार एवं वित्तीय समावेशन में उत्कृष्ट योगदान हेतु **अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची** को सम्मानित किया गया।

8. **<u>Customer Compliance Achievement Award –</u>** तीन माह के री-केवाईसी अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु **अग्रणी जिला प्रबंधक, लातेहार** को सम्मानित किया गया।

बैठक के अंत में, एसएलबीसी के उप महाप्रबंधक श्री संतोष कुमार सिन्हा ने एस.एल.बी.सी की 95वीं बैठक में शामिल सदस्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा का संचालन श्रीमती भव्या सेहगल ,अधिकारी, रा. स्त. बै. स द्वारा किया गया।

(गुरु प्रसाद गोंड)
महाप्रबंधक, रा. स्त. बै. स.

95 वीं एसएलबीसी बैठक, मार्च 2026

05 जून 2026, प्रोजेक्ट भवन धुर्वा, राँची

क्रमांक	नाम	पद	विभाग	संपर्क
1	श्री सुब्रत कुमार	कार्यकारी निदेशक	बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय	
2	श्री अंजनी कुमार ठाकुर	निदेशक	वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार	
3	श्री अरवा राजकमल,भा॰प्र॰से॰	सचिव	सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार	
4	श्री मनोज कुमार,भा॰प्र॰से॰	सचिव	ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार	
5	श्रीमती रक्षा मिश्र	क्षेत्रीय निदेशक	भारतीय रिज़र्व बैंक	
6	श्री नितिन गोविंदराव देशपांडे	मुख्य महाप्रबंधक	बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय	
7	श्रीमति दीपमाल घोष	मुख्य महाप्रबंधक	नाबार्ड	
8	श्री गुरु प्रसाद गौंड	महाप्रबंधक	बैंक ऑफ इंडिया, एसएलबीसी	
9	श्रीमती सीता पुष्पा,भा॰प्र॰से॰	अपर सचिव	स्कूली शिक्षा विभाग	9431102008
10	श्रीमती संध्या गुप्ता	अपर सचिव	वित्त विभाग	
11	श्री कपिलदेव पंडित	अपर सचिव	वित्त विभाग	7903028430
12	श्री आर एस भगवाने	महाप्रबंधक	नाबार्ड	941016067
13	श्री संतोष कुमार सिन्हा	उप महाप्रबंधक	एसएलबीसी	
14	श्री दीप शंकर	उप महाप्रबंधक	बैंक ऑफ इंडिया	
15	श्री अमित कुमार भदानी	उप महाप्रबंधक	बैंक ऑफ इंडिया, रांची अंचल	
16	श्रीमति कुमकुम वर्मा	उप महाप्रबंधक	भारतीय रिज़र्व बैंक	8757062640
17	श्री आर सी गोयल	उप महाप्रबंधक	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	9264291876
18	श्री राकेश कुमार	उप महाप्रबंधक	पंजाब नेशनल बैंक	9967953108
19	श्री बेनुधर पाढ़ी	महाप्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक	6372446470
20	श्री मनीष कुमार मिश्रा	उप महाप्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक	9890499987
21	श्री ऋषि गुप्ता	महाप्रबंधक	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	9920613772
22	श्री राजू मोहन	महाप्रबंधक	केनरा बैंक	9205277451
23	श्रीमति रानी कुमारी	सहयाक महाप्रबंधक	केनरा बैंक	9436543225
24	श्री रवि शंकर विध्यार्थी	संयुक्त सचिव	कृषि और सहकारी बैंक	7739830634
25	श्री राजेश शरण	उप महाप्रबंधक	इंडियन बैंक	9800005483
26	श्रीमति सोनम शिखा तिर्की	वरिष्ठ प्रबंधक	पंजाब नेशनल बैंक	7509079490
27	श्री कुन्दन कुमार सिन्हा	उप महाप्रबंधक	यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया	7011560806
28	श्री नीलमणि	उप महाप्रबंधक	बैंक ऑफ़ बड़ौदा	7261096555
29	श्री सुशांत कुमार	वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	9650681565
30	श्री सोनू कुमार	प्रबंधक	बैंक ऑफ़ बड़ौदा	6287395612
31	श्री व नागद्वार	वरिष्ठ प्रबंधक	इंडियन बैंक	9304886075
32	श्री दीपेन्द्र घोष	क्लस्टर प्रमुख	उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक	9334821144
33	श्री देओराज़	आंचलिक प्रबन्धक	उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक	6203373884
34	श्री पंकज कुमार मिश्रा	प्रबंधक	एयरटेल पेमेंट बैंक	7541049651
35	श्री रमेश कुमार राजेश	शाखा प्रमुख	डीबीएस बैंक	9631574749
36	श्री कुयर्मरूल होदा	आंचलिक प्रमुख	इंडसइंड बैंक	9830992994
37	श्री परिशेष पाठक	मुख्य प्रबंधक	झारखंड राज्य सहकारी बैंक	8709199091
38	श्री दिलीप कुमार	प्रबंधक	झारखंड राज्य सहकारी बैंक	8084173101
39	श्री अमन आदित्य	सहायक प्रबंधक	राष्ट्रीय आवास बैंक	8448291940
40	श्री परिचय	आरएम	राष्ट्रीय आवास बैंक	8448291940
41	श्री सुनील कुमार	सहायक महाप्रबंधक	नाबार्ड	8420664993
42	श्री मृत्युंजय बक्शी	डीडीएम चतरा	नाबार्ड	9654396091
43	श्री अजय कुमार दुबे	उप क्षेत्रीय प्रबंधक	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	9630785957
44	श्री सिद्धार्थ पाण्डेय	प्रबंधक	नाबार्ड	8349148188
45	श्री इंद्रजीत यादव	निदेशक	एमएसएमई डीएफ़ओ	8126248984
46	श्री मदन मोहन बरियार	अध्यक्ष	जेआरजी बैंक	9304118032
47	श्री संजय कुमार	सहायक महाप्रबंधक	जेआरजी बैंक	8709316664
48	श्री उज्ज्वल घोष	सहायक महाप्रबंधक	भारतीय रिजर्व बैंक	
49	श्री सनी	प्रबंधक	भारतीय रिजर्व बैंक	8809501850
50	श्री गौरव कुमार	प्रबंधक	भारतीय रिजर्व बैंक	6201473823
51	श्रीमति ममता रानी	मुख्य प्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक	977144155
52	श्री अरुण	सहायक. महाप्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक	9204135554
53	श्री कुमार राहुल	प्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक	9689783711
54	श्री विकाश पांडे	मुख्य प्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक	6353917674
55	श्री राजीव कुमार	सहायक निदेशक	केवीआईसी	9474059775
56	श्री सौरभ श्रीवस्त्वा	सहायक. महाप्रबंधक	यूको बैंक	9644050800
57	श्री हरिचन्द मुरमु	वरिष्ठ प्रबंधक	यूको बैंक	9792301302
58	श्री धीरज कुमार होरो	एसपीएम-एफआई	जेएसएलपीएस	8969170434
59	श्री प्रवाया कुमार सिंह	सहायक महाप्रबंधक	SIDBI	9082867930
60	श्री शिवम सिंह	सचिव	जेएसआईए	9835334399
61	श्री शंभू प्रसाद यादव	उप निदेशक	मत्स्य पालन निदेशालय	7903097749
62	श्री विनय कुमार	मुख्य कार्यकारी कार्यालय	धनबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड	9430145773
63	श्री रमन बनैत	मुख्य प्रबंधक	कर्नाटक बैंक	9654170177
64	श्री अमित कुमार	वरिष्ठ प्रबंधक	पंजाब एंड सिंध बैंक	7321003511
65	श्री सुशील कुमार	प्रबंधक	इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक	7903233764
66	श्री विवेक जमवाल	शाखा प्रबंधक	जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड	9622095966
67	श्री अंगद राय	उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रबंधक	कोटक महिंद्रा बैंक	9932290705
68	श्री कृष्ण शंकर ओझा	मुख्य प्रबंधक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	9431359893
69	श्री अभिषेक पांडे	एवीपी	ईएसएएफ एसएफबी	9977278978

95 वीं एसएलबीसी बैठक, मार्च 2026

05 जून 2026, प्रोजेक्ट भवन धुर्वा, राँची

क्रमांक	नाम	पद	विभाग	संपर्क
70	श्री तनु कुमार वर्मा	क्षेत्र प्रमुख	ईएसएएफ एसएफबी	7000983718
71	श्री रत्नेश पांडे	एवीपी	यस बैंक	9006782257
72	श्री मनीष केशरी	एवीपी	यस बैंक	
73	श्री शैलेन हल्दर	डिस्ट्रिब्यूशन मैनेजर	उज्जीवन लघु वित्त बैंक	
74	श्री सप्तऋषि समंता	आरएनओ	आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड	9334489624
75	श्री अशोक साहू	क्लस्टर प्रमुख	बंधन बैंक	
76	श्री हिमांशु कमल	क्षेत्रीय प्रमुख	बंधन बैंक	7703803372
77	**अनुपस्थित**		**जना एसएफबी**	
78	श्री आनंद कुमार	मुख्य प्रबंधक	एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	9257091532
79	श्री शशि कपूर	मुख्य प्रबंधक	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	6302901245
80	श्री अमीतांशु कुमार	प्रबंधक	द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड	9037854474
81	श्री सुनील तिवारी	राज्य प्रमुख	करूर वास्या बैंक	7818949135
82	श्रीमति अल्पना शर्मा	प्रबंधक	सिटी यूनियन बैंक	9959607525
83	श्री राजीव मिश्रा	क्षेत्रीय प्रमुख	फिनो पेमेंट बैंक	9670526836
84	श्री नितेश चंद्रा	क्षेत्रीय प्रमुख एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	9162646931
85	श्री परविंदर सिंह	राज्य प्रमुख	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	9771413009
86	श्री सुभास कुमार	राज्य प्रमुख	एक्सिस बैंक	7260811600
87	श्री अनिल कुमार	स्रो आरसेटी	जेएसएलपीएस	9431901016
88	श्री राजीव कुमार मिश्रा	क्षेत्रीय प्रमुख	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	7004418421
89	श्री जयबर्धन गोविंदा	एएसएम	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	7260899287
90	श्री गोपाल कुमार	शाखा प्रमुख	आरबीएल बैंक	8877888807
91	श्रीमति जया सिन्हा	अनुभाग अधिकारी	वित्त विभाग	8210334544
92	श्रीमति मनीषा कुमारी	अनुभाग अधिकारी	वित्त विभाग	8252839397
93	श्री रुद्र कुमार गुप्ता	अनुभाग अधिकारी	वित्त विभाग	7979718022
94	**अनुपस्थित**		**फेडरल बैंक**	
95	श्री ब्रजेन्द्र हेमरोम	ओएसडी	MGNREGA	6201293332
96	श्रीमति शीला मेहता	प्रोग्रामर	MGNREGA	9471714164
97	श्री कमल बगारिया	एसएओ	MGNREGA	9973706770
98	सी .ए. एम के जैन	अध्यक्ष	एफ़जेसीसीआई	9431170418
99	श्री संजीव रंजन	सहायक निदेशक	डेयरी निदेशालय	9304600712
100	श्री चन्द्र भूषण पांडे	एससीआर	नेशनल अकादमी ऑफ RUDSETI	9073396646
101	श्री एस के चौधरी	बैंकिंग प्रॉफेश्नल	NASSHO	9760245415
102	श्री प्रकाश चन्द्र मिश्रा	बोकारो	अग्रणी जिला प्रबंधक	7319167837
103	श्री अहसन अहमद	चतरा	अग्रणी जिला प्रबंधक	7236935784
104	श्री अमित कुमार	धनबाद	अग्रणी जिला प्रबंधक	8298715715
105	श्री संजीव कुमार चौधरी	पूर्वी सिंहभूम	अग्रणी जिला प्रबंधक	9735825487
106	श्री अमृत चौधरी	गिरिडीह	अग्रणी जिला प्रबंधक	8210169991
107	श्री विनोद कुमार	गुमला	अग्रणी जिला प्रबंधक	9893692652
108	श्री किशोर कुमार	हज़ारीबाग	अग्रणी जिला प्रबंधक	9572016960
109	श्री अजित कुमार	खूंटी	अग्रणी जिला प्रबंधक	9007826480
110	श्री विमल कांत झा	कोडरमा	अग्रणी जिला प्रबंधक	7710967100
111	श्री दिवाकर सिन्हा	लोहरदगा	अग्रणी जिला प्रबंधक	8936802753
112	श्री देवनारायण उराँव	रामगढ़	अग्रणी जिला प्रबंधक	8521443753
113	श्री प्रकाश उराँव	रांची	अग्रणी जिला प्रबंधक	7764842162
114	श्री बरुण कुमार चौधरी	सरायकेला खरसावां	अग्रणी जिला प्रबंधक	7903255293
115	श्री सानिस मिंज	सिमडेगा	अग्रणी जिला प्रबंधक	7991140367
116	श्री विष्णु जी	पश्चिम सिंहभूम	अग्रणी जिला प्रबंधक	8789054483
117	श्री चंदन चौहान	दुमका	अग्रणी जिला प्रबंधक	7781919295
118	श्री प्रभात रंजन	गोड्डा	अग्रणी जिला प्रबंधक	82986 67607
119	श्री आनंद मोहन	देवघर	अग्रणी जिला प्रबंधक	9771435410
120	श्री एस के रंजन	गढ़वा	अग्रणी जिला प्रबंधक	9934363709
121	श्री बालादित्य कुमार	जामताड़ा	अग्रणी जिला प्रबंधक	9470650026
122	श्री नरेन्द्र श्रीवास्तव	लातेहार	अग्रणी जिला प्रबंधक	7781011677
123	श्री अमित कुमार सिंह	पाकुर	अग्रणी जिला प्रबंधक	9470230901
124	श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव	पलामू	अग्रणी जिला प्रबंधक	9934363710
125	श्री प्रदीप झा कुमार दीपक	साहिबगंज	अग्रणी जिला प्रबंधक	9163044938
126	श्री रोशन चौधरी		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
127	श्री अभजीत टनडन		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
128	श्रीमती भव्या सहगल		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
129	श्री प्रशांत कुमार		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
130	श्री कुमार ऋषभ		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
131	श्री प्रदीप चटर्जी		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
132	श्री मनीकान्त रवि		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
133	श्री अश्विनी कुमार		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
134	श्री सौरभ कुमार		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
135	श्रीमती प्रेरणा प्रियंवदा		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
136	श्रीमति निशा सिंह		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	
137	श्री शैलेश कुमार		राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति	

कार्यसूची सं.	**1**
बैठक सं.	**96**

दिनांक 05 जून, 2026 को आयोजित 95वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

- दिनांक 05 जून, 2026 को आयोजित 95वीं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक के कार्यवृत्त सभी संबंधित कार्यालयों को संप्रेषित किए गए थे।

- सभा के द्वारा उपर्युक्त बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की जा सकती है क्योंकि इस संबंध में किसी भी कार्यालय / विभाग द्वारा किसी प्रकार के संशोधन हेतु कोई अनुरोध प्राप्त नही हुआ है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
1	किसानों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने हेतु।	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	श्री गोंड ने सदन को अवगत कराया कि माननीय कृषि मंत्री, झारखंड सरकार के परामर्शानुसार खरीफ मौसम के लिए किसानों को संतृप्त करने के उद्देश्य से एसएलबीसी द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक विशेष किसान क्रेडिट कार्ड अभियान संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल 15,965 आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमें से 11,472 आवेदनों को स्वीकृत किया गया तथा ₹121.07 करोड़ की ऋण राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने सभी सदस्य बैंकों से आग्रह किया कि नए किसानों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने, किसान क्रेडिट कार्ड कवरेज का विस्तार करने तथा कृषि मूल्य श्रृंखला डेयरी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें, ताकि राज्य में कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के समग्र विकास को और अधिक गति मिल सके।	समस्त बैंक	उक्त के अनुपालन में, एसएलबीसी द्वारा उक्त अभियान को निरंतर जारी रखते हुए भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के "खेत बचाओ अभियान" के अंतर्गत KCC saturation अभियान को भी आगे बढ़ाया गया। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सदस्य बैंकों, LDMs तथा एसएलबीसी के बीच सतत एवं प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए राज्य के सभी प्रखंडों में विशेष KCC शिविर आयोजित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत कुल 8,700 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7,296 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। अभियान की सकारात्मक प्रगति को दृष्टिगत रखते हुए सदस्य बैंकों के सहयोग से इसे जुलाई माह में भी निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया गया।
2	परिसंपत्तियों पर ऑनलाइन चार्ज निर्माण	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	परिसंपत्तियों पर ऑनलाइन चार्ज निर्माण: श्री गोंड ने अनुरोध किया कि झारखंड में गिरवी रखी जाने वाली परिसंपत्तियों पर ऑनलाइन चार्ज निर्माण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में ऐसी केंद्रीकृत डिजिटल व्यवस्था के अभाव में ऋण स्वीकृति एवं सुरक्षा सृजन की प्रक्रिया में विलंब होता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन चार्ज निर्माण की व्यवस्था लागू होने से ऋण वितरण प्रक्रिया अधिक त्वरित एवं पारदर्शी होगी, धोखाधड़ी की संभावनाओं में कमी आएगी तथा राज्य में व्यवसाय सुगमता (Ease of Doing Business) को बढ़ावा मिलेगा।	राज्य सरकार	इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा दिनांक 05 जून की बैठक की कार्यवृत्त (Minutes) के साथ-साथ दिनांक 19th अगस्त 2026 को एक पत्र भी राज्य सरकार को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सूचना साझा कर दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।
3	प्रदर्शन-आधारित सरकारी जमा आवंटन	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	प्रदर्शन-आधारित सरकारी जमा आवंटन: श्री गोंड ने सरकारी प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों के प्रदर्शन के आधार पर सरकारी जमा के आवंटन के विषय को विचाराधीन रखने हेतु राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों के लिए एक सकारात्मक प्रोत्साहन का कार्य करेगी तथा सदस्य बैंकों को सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, वित्तीय समावेशन और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।	राज्य सरकार	इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा दिनांक 05 June की बैठक की कार्यवृत्त (Minutes) के साथ-साथ दिनांक 19th अगस्त 2026 को एक पत्र भी राज्य सरकार को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सूचना साझा कर दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।
4	झारखंड MSME प्रोत्साहन नीति, 2023	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	झारखंड MSME प्रोत्साहन नीति, 2023: श्री गोंड ने कहा कि झारखंड MSME प्रोत्साहन नीति, 2023 राज्य में MSME क्षेत्र के विकास एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अनुरोध किया कि बैंक अधिकारियों के लिए एक समर्पित कार्यशाला आयोजित की जाए, जिससे नीति के प्रावधानों की बेहतर समझ विकसित हो सके तथा अधिकाधिक पात्र उद्यमियों को इसका लाभ उपलब्ध कराया जा सके।	राज्य सरकार	इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा दिनांक 05 June को बैठक की कार्यवृत्त (Minutes) के साथ-साथ दिनांक 19th अगस्त 2026 को एक पत्र भी राज्य सरकार को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सूचना साझा कर दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।
5	किसान आईडी (Farmer ID) का निर्माण	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	किसान आईडी (Farmer ID) का निर्माण: श्री गोंड ने राज्य में किसानों के लिए Farmer ID के व्यापक एवं समयबद्ध निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि Farmer ID कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण एवं वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से किसानों की प्रमाणिक एवं एकीकृत डिजिटल पहचान उपलब्ध होगी, जिससे कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, DBT, फसल बीमा एवं अन्य कृषि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित एवं लक्षित रूप से उपलब्ध कराया जा सकेगा	राज्य सरकार	इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा दिनांक 05 जून की बैठक की कार्यवृत्त (Minutes) के साथ-साथ दिनांक 19th अगस्त 2026 को एक पत्र भी राज्य सरकार को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सूचना साझा कर दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।
6	किसान क्रेडिट कार्ड हेतु बिना LPC ऋण सीमा में वृद्धि	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	किसान क्रेडिट कार्ड हेतु बिना LPC ऋण सीमा में वृद्धि: श्री गोंड ने अवगत कराया कि वर्तमान में झारखंड राज्य में किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत बिना Land Possession Certificate के ₹1.00 लाख तक की ऋण सीमा स्वीकृत की जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि किसानों की ऋण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिना LPC के KCC ऋण सीमा को बढ़ाकर ₹2.00 लाख तक करने की अनुमति प्रदान करने पर विचार किया जाए, जिससे अधिकाधिक किसानों को समय पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा सके।	राज्य सरकार	इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा दिनांक 05 जून को बैठक की कार्यवृत्त (Minutes) के साथ-साथ दिनांक 19th अगस्त 2026 को एक पत्र भी राज्य सरकार को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कर सूचना साझा कर दी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
7	सरकारी खातों के संचालन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	महाप्रबंधक, एसएलबीसी ने सदन को अवगत कराया कि वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा बैंक शाखाओं में संधारित सरकारी खातों के संचालन हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया (SoP) जारी की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त SoP में नए एवं विद्यमान सरकारी खातों के संचालन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि एसएलबीसी द्वारा यह SoP सभी सदस्य बैंकों एवं LDMs के साथ साझा की जा चुकी है। उन्होंने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि इसे अपनी शाखाओं तक प्रसारित कर इसके अनुपालन को सुनिश्चित करें, ताकि सरकारी खातों में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना को रोका जा सके।	समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक	इस संबंध मे सभी सदस्य बैंकों एवं जिलों के एलडीएम द्वारा अवगत कराया गया कि वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा सरकारी खातों के संचालन हेतु जारी मानक संचालन प्रक्रिया (SoP) के अनुपालन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
8	अटल पेंशन योजना हेतु	श्री गुरु प्रसाद गोंड (महाप्रबंधक एवं संयोजक, एसएलबीसी)	श्री गोंड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अटल पेंशन योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी बैंकों के राज्य प्रमुखों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों को बधाई दी। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि राज्य ने APY के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 169.70 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी सदस्य बैंकों एवं LDMs से इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की गति को बनाए रखने तथा अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया।	समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक	उक्त के अनुपालन में, सदस्य बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों (LDMs) द्वारा अटल पेंशन योजना (APY) के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। एसएलबीसी द्वारा भी समय-समय पर सदस्य बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है।वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए PFRDA द्वारा झारखंड राज्य को अटल पेंशन योजना (APY) के अंतर्गत 3,18,435 नवीन नामांकन (Fresh Enrolment) का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसके विरुद्ध वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून, 2026) के दौरान राज्य में 87,453 नवीन नामांकन किए गए हैं, जो वार्षिक लक्ष्य का 26.92 प्रतिशत है। सदस्य बैंकों एवं LDMs द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु अभियान को निरंतर गति प्रदान की जा रही है।
9	निष्क्रिय बैंकिंग संवाददाता हेतु	श्री रोशन चौधरी (मुख्य प्रबंधक, एसएलबीसी)	सदन को अवगत कराया गया कि मार्च 2026 तक राज्य में कुल 34,594 बैंकिंग संवाददाता निष्क्रिय थे, जिनमें से 27,284 निष्क्रिय BCs Fino Payments Bank से संबंधित थे। आगे बताया गया कि मई 2026 के दौरान बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि 6,184 BCs को पुनः सक्रिय कर दिया गया है। बैंक से अनुरोध किया गया कि शेष निष्क्रिय BCs को शीघ्र सक्रिय करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि बैंकिंग सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके।	Fino Payments Bank	उक्त के अनुपालन में, फिनो पेमेंट्स बैंक ने सूचित किया है कि जिन बैंकिंग संवाददाताओं (BCs) को विभिन्न प्रयासों के बावजूद लंबे समय तक पुनः सक्रिय नहीं किया जा सका, उनके लिए बैंक की आंतरिक नीतियों एवं प्रचलित नियामकीय दिशानिर्देशों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से Bank Induced Exit अथवा Self Exit की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। प्रथम चरण में लगभग 4,784 निष्क्रिय BCs को Bank Induced Exit प्रक्रिया के माध्यम से हटाया जा चुका है तथा शेष निष्क्रिय BCs के संबंध में भी चरणबद्ध कार्रवाई जारी है। साथ ही, बैंक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिन क्षेत्रों में निष्क्रिय BCs को हटाया जा रहा है, वहाँ ग्राहकों को निर्बाध बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक बैंकिंग संवाददाताओं (BCs) की समुचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित न हो।
10	मैनुअल डेटा समय पर प्रस्तुत करने हेतु	श्री सुब्रत कुमार (कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया)	बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष महोदय ने IndusInd Bank द्वारा मैनुअल डेटा समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बैंक के राज्य प्रमुख से इसका कारण पूछा तथा निर्देश दिया कि आगामी तिमाही से बैंक द्वारा सभी अपेक्षित आंकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं, ताकि राज्य स्तरीय बैंकिंग आंकड़ों के संकलन एवं समीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।	IndusInd Bank	उक्त के अनुपालन में, इंडसइंड बैंक द्वारा अवगत कराया गया कि डेटा प्रस्तुत करने में विलंब बैंक के आंतरिक विभागों पर निर्भरता के कारण हुआ। बैंक ने आश्वासन दिया है कि आगामी तिमाहियों में सभी अपेक्षित आँकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराए जाएंगे। तथापि, चालू तिमाही के दौरान भी बैंक द्वारा मैनुअल डेटा विलंब से प्रस्तुत किया गया तथा डिजिटल कवरेज, मुद्रा ऋण, सर्टिफिकेट केस एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु शाखा विस्तार लक्ष्य से संबंधित आँकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए। अतः संबंधित बैंक को पुनः निर्देशित किया गया है कि भविष्य में निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी अपेक्षित आँकड़े एवं लंबित रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे राज्य स्तरीय बैंकिंग आँकड़ों के संकलन एवं समीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
11	गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना हेतु	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। सदन को अवगत कराया गया कि HDFC Bank का प्रदर्शन योजना के अंतर्गत संतोषजनक नहीं है। बैंक द्वारा अब तक केवल 11 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है, जबकि 71 आवेदन अभी भी बैंक स्तर पर लंबित हैं। निदेशक, वित्तीय सेवाएं ने एसएलबीसी को निर्देश दिया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत बैंकों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक विशेष बैठक आयोजित की जाए तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।	एसएलबीसी एवं एचडीएफ़सी	उक्त के अनुपालन में, HDFC Bank द्वारा अवगत कराया गया है कि अब तक योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी 11 आवेदनों में ऋण वितरण किया जा चुका है। बैंक ने यह भी सूचित किया है कि 21 आवेदन नवीन शैक्षणिक सत्र से संबंधित हैं, जिनमें आवेदकों द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अभी तक शाखा में उपस्थित नहीं होने के कारण कार्रवाई लंबित है। शेष लंबित आवेदन पूर्व अवधि के हैं, जिनके निस्तारण हेतु बैंक द्वारा आवेदकों के साथ निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई (Follow-up) की जा रही है। इस संबंध में, एसएलबीसी द्वारा दिनांक 07.07.2026 को सदस्य बैंकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना की विशेष समीक्षा की गई। उक्त बैठक की कार्यवाही विवरणिका (Minutes of the Meeting) दिनांक 08.07.2026 को ई-मेल के माध्यम से उपस्थित सदस्य बैंकों को प्रेषित कर दी गई, ताकि बैठक में दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।
12	ATR प्रस्तुत करने हेतु	श्री रोशन चौधरी (मुख्य प्रबंधक, एसएलबीसी)	कार्यवाही अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के विषय पर मंच में चर्चा की गई। सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर बिंदुवार उत्तर सहित ATR प्रस्तुत करने की सलाह दी गई। साथ ही, सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया गया कि ATR संबंधित बैंक के राज्य प्रमुख के अनुमोदन/हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रतिवेदित कार्रवाई बैंक के राज्य स्तर के प्रबंधन की जानकारी एवं संज्ञान में है।	समस्त बैंक	उक्त के अनुपालन में, यह पाया गया है कि कुछ सदस्य बैंक, विशेषकर IDBI Bank, Kotak Mahindra Bank, Yes Bank एवं Utkarsh Small Finance Bank द्वारा अब तक कार्यवाही अनुपालन प्रतिवेदन (ATR) उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके अतिरिक्त, अनेक बैंकों द्वारा ATR संबंधित बैंक के राज्य प्रमुख के अनुमोदन/हस्ताक्षर सहित भी प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। अतः सभी सदस्य बैंकों को पुनः निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक SLBC बैठक के कार्यवाही बिंदुओं के अनुपालन में निर्धारित समय-सीमा के भीतर बिंदुवार ATR, संबंधित बैंक के राज्य प्रमुख के अनुमोदन/हस्ताक्षर सहित, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रतिवेदित कार्रवाई बैंक के राज्य स्तर के प्रबंधन की जानकारी एवं संज्ञान में होने के साथ-साथ SLBC द्वारा समयबद्ध समीक्षा एवं समेकन की प्रक्रिया भी सुचारु रूप से संपादित की जा सके।
13	Re-KYC हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	फोकस ग्रुप बैंकों के अंतर्गत लंबित Re-KYC मामलों का विषय सदन में उठाया गया। सदन को अवगत कराया गया कि 09 बैंकों में लगभग 5.70 लाख खातों का Re-KYC लंबित है। क्षेत्रीय निदेशक, RBI ने बताया कि कुल लंबित खातों में से 94 प्रतिशत मामले केवल 08 बैंकों से संबंधित हैं तथा इनमें से लगभग 50 प्रतिशत लंबित खाते एक ही बैंक के हैं। उन्होंने आगे अवगत कराया कि इस विषय की निगरानी माननीय गवर्नर, RBI स्तर पर की जा रही है। अतः उन्होंने सभी बैंकों से Re-KYC लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा इस दिशा में विशेष प्रयास करने का आग्रह किया।	समस्त बैंक	क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुपालन में सभी 9 बैंकों द्वारा लंबित री-केवाईसी कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। एसएलबीसी द्वारा इस संबंध में निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा विभिन्न उप-समितियों में भी इसे प्रमुख एजेंडा के रूप में शामिल किया गया है।
14	ACP लक्ष्य हेतु	श्री रोशन चौधरी (मुख्य प्रबंधक, एसएलबीसी)	वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक ऋण योजना सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई। सदन को अवगत कराया गया कि सभी संबंधित हितधारकों के परामर्श एवं सहमति से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ACP को अंतिम रूप प्रदान किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु कुल ACP लक्ष्य ₹1,73,040 करोड़ निर्धारित किया गया है। सभी सदस्य बैंकों एवं संबंधित विभागों से अनुरोध किया गया कि इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समन्वित एवं सतत प्रयास सुनिश्चित किए जाएं, ताकि राज्य के समग्र आर्थिक विकास एवं प्राथमिकता क्षेत्र के वित्तपोषण को और अधिक गति मिल सके।	समस्त बैंक एवं एलडीएम	उक्त के अनुपालन में, एसएलबीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अनुमोदित वार्षिक ऋण योजना (ACP) अग्रणी जिला प्रबंधकों (LDMs) को प्रेषित कर दी गई है। साथ ही, सभी LDMs को निर्देशित किया गया है कि वे पर ACP का प्रखंडवार वितरण सुनिश्चित करें तथा इसकी प्रगति की नियमित एवं प्राथमिकता के आधार पर BLBC, DCC एवं DLRC बैठकों में समीक्षा करें, ताकि निर्धारित वार्षिक ऋण लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
15	ब्रिक-एंड-मोर्टार शाखाओं हेतु	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	श्री रोशन चौधरी ने ब्रिक-एंड-मोर्टार शाखाओं की स्थापना की प्रगति से सदन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग से ऐसे 29 स्थानों की सूची प्राप्त हुई थी, जहां जनसंख्या 3,000 से अधिक है तथा 5 किलोमीटर की परिधि में कोई ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंक शाखा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि इन 29 स्थानों में से 9 स्थानों पर पहले से ही बैंक शाखाएं संचालित थीं तथा शेष स्थानों में 06 बैंकों द्वारा शाखाएं खोली जा चुकी हैं। श्री चौधरी ने सभा को अवगत कराया कि कुछ बैंकों द्वारा उपयुक्त भवन एवं सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्धता से संबंधित समस्याएं उठाई गई हैं। इस संबंध में एसएलबीसी द्वारा DFS से चर्चा की गई, जिसमें स्पष्ट किया गया कि बैंकों को आवंटित स्थान से 5 किलोमीटर की परिधि के भीतर शाखा खोलनी है तथा उपयुक्त भवन उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित बैंक जिला प्रशासन से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। निदेशक, DFS ने सभी बैंकों को उक्त स्थानों पर ब्रिक-एंड-मोर्टार शाखाओं के शीघ्र संचालन हेतु सक्रिय पहल करने की सलाह दी। उन्होंने एसएलबीसी को भी इस विषय पर सदस्य बैंकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।	बैंक जहाँ शाखा खोलना लंबित है, एलडीएम एवं एसएलबीसी	इस संदर्भ में अवगत कराना है कि निदेशक, DFS के निर्देशानुसार SLBC द्वारा सभी संबंधित बैंकों के साथ दिनांक 07 जुलाई 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से उक्त चिन्हित स्थानों पर ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंक शाखा खोलने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही, दिनांक 06 अगस्त 2026 को आयोजित SLBC Sub-Committee on Opening of Banking Outlet की बैठक में भी उक्त विषय की समीक्षा की गई। वर्तमान में, चिन्हित 29 स्थानों में से 16 स्थानों पर या तो नई ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंक शाखाएं खोली जा चुकी हैं अथवा DFS के निर्धारित मानदंडों के अनुसार संबंधित स्थानों को ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंक शाखाओं द्वारा कवर कर लिया गया है। शेष चिन्हित स्थानों के संबंध में सभी संबंधित बैंकों को निर्देशित किया गया है कि वे ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंक शाखा खोलने की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करते हुए शाखाओं का संचालन सुनिश्चित करें।
16	NPS संचय हेतु	श्री रोशन चौधरी (मुख्य प्रबंधक, एसएलबीसी)	श्री रोशन चौधरी ने सदन को PFRDA द्वारा प्रारंभ की गई नई योजना NPS संचय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने योजना के उद्देश्यों, प्रमुख विशेषताओं एवं लाभों की जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की तथा सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि वे पात्र व्यक्तियों को इस योजना से जोड़ने हेतु विशेष प्रयास करें, जिससे असंगठित क्षेत्र के अधिकाधिक लोगों को पेंशन सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में अवगत कराना है कि NPS संचय के प्रचार-प्रसार एवं व्यापक जागरूकता हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में PFRDA द्वारा राज्य के कुल 05 जिलों में Customer Awareness Outreach Programme आयोजित किए जाने हैं। इनमें से 03 जिलों—धनबाद, हजारीबाग तथा राँची में उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। उक्त कार्यक्रमों में सभी सदस्य बैंकों, LDMs, NABARD, Rural Based Nano Units, SHG सदस्यों, FPO सदस्यों एवं CSEs द्वारा भाग लिया जा रहा है, ताकि NPS संचय योजना के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए योजना की पहुँच अधिकाधिक लोगों तक बनाई जा सके।
17	CNT/SPT अधिनियम, LPC/भूमि कब्जा प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रार/सब-रजिस्ट्रार के साथ चार्ज की नोटिंग एवं स्कूली पाठ्यक्रम में वित्तीय साक्षरता हेतु	श्री रोशन चौधरी (मुख्य प्रबंधक, एसएलबीसी)	**CNT/SPT अधिनियम** राज्य में ऋण प्रवाह की एक प्रमुख बाधा बने हुए हैं। भूमि को बंधक न रख पाने के कारण न केवल बड़े उद्योगों को ऋण देना कठिन है, बल्कि खुदरा आवास ऋण का विस्तार भी बैंकों के लिए एक चुनौती बनी हुई है। परिणामस्वरूप, जिस भूमि पर बड़े उद्योग स्थापित होने चाहिए थे, उसका उपयोग केवल छोटे कारोबार, जैसे नर्सरी आदि, तक ही सीमित रह गया है। **LPC/भूमि कब्जा प्रमाण पत्र:** वर्तमान में झारखंड में बैंकों द्वारा बिना LPC के केवल ₹1 लाख तक का केसीसी ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस सीमा को बढ़ाकर ₹2 लाख किया जाए, ताकि किसानों को सहज रूप से ऋण उपलब्ध हो सके और कृषि विकास को प्रोत्साहन मिले। **रजिस्ट्रार/सब-रजिस्ट्रार के साथ चार्ज की नोटिंग:** बैंकों के पास बंधक रखी जाने वाली प्रत्येक संपत्ति पर बैंक के चार्ज/अधिकार की ऑनलाइन नोटिंग यदि रजिस्ट्रार अथवा सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के माध्यम से सुनिश्चित की जाए तो इससे पारदर्शिता में वृद्धि होगी। भारत सरकार के Digital India Land Record Modernization Program (DILRMP) के निर्देशों का पालन करते हुए यदि एनआईसी एवं भू-निबंधन निदेशालय इस दिशा में ठोस पहल करें तो धोखाधड़ी के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी। **स्कूली पाठ्यक्रम में वित्तीय साक्षरता:** भारतीय रिज़र्व बैंक ने उप-समिति की बैठक में अवगत कराया कि वित्तीय साक्षरता से संबंधित 70 अध्यायों में से 37 अध्याय स्कूल पाठ्यक्रम में सम्मिलित किए जा चुके हैं। राज्य सरकार से अपेक्षा है कि शेष अध्यायों को भी यथाशीघ्र पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, जिससे विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।	राज्य सरकार	इस संबंध में झारखंड राज्य सरकार के संबंधित विभागों से CNT/SPT अधिनियम के कारण ऋण प्रवाह में आ रही कठिनाइयों, बिना LPC के KCC ऋण की सीमा ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹2 लाख किए जाने, बंधक संपत्तियों पर बैंक चार्ज की ऑनलाइन नोटिंग की व्यवस्था तथा वित्तीय साक्षरता से संबंधित शेष अध्यायों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु दिनांक 19th अगस्त 2026 को पत्राचार के माध्यम से अनुरोध किया गया है तथा उक्त विषयों पर आवश्यक विचार एवं कार्रवाई करने का निवेदन किया गया है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
18	ऋण-जमा अनुपात हेतु	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	श्री अंजनी कुमार ठाकुर ने कहा कि एसएलबीसी एक विशिष्ट मंच है, जो सभी हितधारकों को त्रैमासिक आधार पर एकत्र होकर बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा करने तथा आगे की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राज्य ने विभिन्न मानकों पर निरंतर एवं संतोषजनक प्रदर्शन किया है। तथापि, कुछ क्षेत्रों में राज्य अभी भी अग्रणी राज्यों की तुलना में पीछे है। उन्होंने कहा कि राज्य के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण चुनौती ऋण-जमा अनुपात में सुधार की है। उन्होंने उल्लेख किया कि राष्ट्रीय स्तर पर ऋण-जमा अनुपात 75 प्रतिशत से अधिक है, जबकि राज्य में इस अनुपात में निरंतर वृद्धि के बावजूद यह अभी 53.78 प्रतिशत पर है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। उन्होंने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान समन्वित प्रयासों के माध्यम से राज्य के ऋण-जमा अनुपात को 53.78 प्रतिशत से बढ़ाकर कम-से-कम 60 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।	समस्त बैंक एवं एलडीएम	बैंकों एवं LDMs द्वारा निदेशक, DFS के सुझावों एवं निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है, ताकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में संबंधित जिले एवं बैंक 60% ऋण-जमा अनुपात (CD Ratio) का बेंचमार्क प्राप्त कर सकें।
19	प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना हेतु	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	श्री ठाकुर ने कहा कि वित्तीय सेवा विभाग द्वारा विभिन्न प्रमुख योजनाओं की नियमित निगरानी की जा रही है, जिनमें प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य के लिए ₹10 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy) वित्तपोषण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है। अतः सभी सदस्य बैंकों को इस योजना के अंतर्गत सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित की जा सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु SLBC द्वारा बैंकवार एवं जिलावार लक्ष्य निर्धारित कर आवंटित किया गया है। राज्य के लिए ₹20.00 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी सदस्य बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।
20	गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	निदेशक, DFS ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना पर प्रस्तुत व्यवसाय सत्र की समीक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत केवल कुछ बैंकों, जैसे बैंक ऑफ इंडिया, SBI एवं झारखंड ग्रामीण बैंक, का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। उन्होंने अन्य सदस्य बैंकों से आग्रह किया कि वे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के नामांकन एवं ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं तथा अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए अग्रणी बैंकों के समकक्ष आने का प्रयास करें।	समस्त बैंक	इस संबंध में अवगत कराना है कि सभी संबंधित सदस्य बैंकों द्वारा राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के नामांकन एवं ऋण स्वीकृति में तेजी लाने तथा अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए अग्रणी बैंकों के समकक्ष आने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।
21	निष्क्रिय बैंकिंग संवाददाताओं	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	श्री ठाकुर ने राज्य में निष्क्रिय बैंकिंग संवाददाताओं के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में BCs वर्तमान में निष्क्रिय हैं, जो वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों की प्राप्ति में बाधा उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने एसएलबीसी को निर्देश दिया कि आगामी तिमाही बैठक में बैंकवार कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए तथा सभी सदस्य बैंक यह सुनिश्चित करें कि अगले तिमाही के भीतर अधिकतम निष्क्रिय BCs को पुनः सक्रिय किया जाए।	एसएलबीसी एवं बैंक	इस संबंध में अवगत कराना है कि राज्य में मार्च तिमाही में निष्क्रिय BCs की संख्या 34,594 थी, जो जून तिमाही में घटकर 29,411 हो गई है। अर्थात, एक तिमाही में निष्क्रिय BCs की संख्या में 5,183 की कमी आई है। कुल 29,411 निष्क्रिय BCs में से 24,203 BCs Fino Payment Bank से संबंधित हैं। इस संबंध में Fino Payment Bank द्वारा अवगत कराया गया है कि निष्क्रिय BCs को पुनः सक्रिय करने हेतु कॉलिंग, फील्ड विजिट एवं SMS आदि के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लंबे समय से निष्क्रिय BCs के संबंध में बैंक द्वारा चरणबद्ध तरीके से BC Self-Exit अथवा Bank-Induced Exit की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। प्रथम चरण में बैंक द्वारा लगभग 4,784 निष्क्रिय BCs को Bank-Induced Exit प्रक्रिया के तहत हटाया गया है। आगे भी आंतरिक नीतियों एवं नियामकीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से जारी रखी जाएगी। साथ ही, बैंक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित क्षेत्रों में वैकल्पिक BCs की उपलब्धता बनी रहे, ताकि ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।
22	Unbanked Rural Centres में शाखाओं की स्थापना हेतु	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	श्री ठाकुर ने कहा कि शाखा विस्तार राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता एवं चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने सभी सदस्य बैंकों से आग्रह किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान प्रस्तावित 149 नई बैंक शाखाओं के उद्घाटन का लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बल दिया कि Unbanked Rural Centres में शाखाओं की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि बैंकिंग सेवाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित की जा सके तथा वित्तीय समावेशन को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी संबंधित सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित 149 नई बैंक शाखाओं के उद्घाटन का लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, Unbanked Rural Centres में बैंक शाखाओं की स्थापना को प्राथमिकता देते हुए बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ किया जाएगा।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
23	आंकड़ों के विलंबित प्रस्तुतीकरण हेतु	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	निदेशक, DFS ने बैंकों द्वारा SLBC से संबंधित आंकड़ों के विलंबित प्रस्तुतीकरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की नियमित निगरानी एसएलबीसी द्वारा की जानी चाहिए तथा सभी सदस्य बैंक यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक आंकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि समीक्षा एवं रिपोर्टिंग कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न हो सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी संबंधित सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि SLBC से संबंधित आवश्यक आंकड़े निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही, SLBC द्वारा आंकड़ों के प्रस्तुतीकरण की नियमित निगरानी की जा रही है। तथापि, Kotak Mahindra Bank, IndusInd Bank, Yes Bank एवं Bandhan Bank द्वारा अभी भी कुछ मामलों में आंकड़े विलंब से प्रस्तुत किए जा रहे हैं अथवा अपेक्षित आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए जा रहे हैं। अतः सभी संबंधित बैंकों से अनुरोध है कि SLBC से संबंधित आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, ताकि समीक्षा एवं रिपोर्टिंग कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न किया जा सके।
24	सरकारी प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन	श्री अंजनी कुमार ठाकुर (निदेशक, वित्त सेवा विभाग, भारत सरकार)	श्री ठाकुर ने निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न सरकारी प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत उनका प्रदर्शन अभी भी अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने कहा कि यह विषय एसएलबीसी की बैठकों में नियमित रूप से उठाया जाता रहा है, तथापि निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। उन्होंने निजी क्षेत्र के सभी बैंकों से आग्रह किया कि वे सरकारी प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें तथा लाभार्थियों के ऋण स्वीकृति एवं नामांकन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करें।	निजी क्षेत्र के बैंक	इस संबंध में सभी संबंधित निजी क्षेत्र के सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, पात्र लाभार्थियों के नामांकन एवं ऋण स्वीकृति में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में अपने प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
25	महिला कृषकों की पहचान एवं Farmer ID निर्माण हेतु	श्रीमति दीपमाला घोष (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड	मुख्य महाप्रबंधक, NABARD ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला कृषक वर्ष (International Year of Women Farmers) के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के नाते भारत में महिलाओं का कृषि क्षेत्र में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, किन्तु भूमि स्वामित्व एवं परिसंपत्तियों पर अधिकार के अभाव में उनका योगदान प्रायः औपचारिक रूप से दर्ज नहीं हो पाता। इसी कारण अनेक महिला कृषक संस्थागत ऋण एवं अन्य वित्तीय सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने राज्य सरकार एवं कृषि विभाग से आग्रह किया कि महिला कृषकों की पहचान एवं Farmer ID निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसकी शुरुआत डेयरी क्षेत्र से की जा सकती है, क्योंकि डेयरी गतिविधियों में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में डेयरी क्षेत्र में प्रगति की पर्याप्त संभावनाएं हैं तथा राज्य दुग्ध महासंघ द्वारा भी सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि, राज्य में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता अभी राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी कम है, जिससे इस क्षेत्र में विकास की व्यापक संभावनाएं विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि यदि महिला कृषकों को विशेष रूप से डेयरी क्षेत्र में Farmer ID से जोड़ा जाए, तो इससे उनकी पहचान सुदृढ़ होगी तथा संस्थागत ऋण एवं अन्य कृषि संबंधी लाभों तक उनकी पहुंच सुगम हो सकेगी।	राज्य सरकार	इस संबंध में झारखंड राज्य के कृषि विभाग से महिला कृषकों के साथ-साथ राज्य के समस्त अन्य कृषकों की पहचान एवं Farmer ID निर्माण को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें संस्थागत ऋण एवं अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं से जोड़ने हेतु , दिनांक 19th अगस्त 2026 को पत्राचार के माध्यम से अनुरोध किया गया है तथा इस संबंध में आवश्यक विचार एवं कार्रवाई करने का निवेदन किया गया है।
26	खेत बचाओ अभियान	श्रीमति दीपमाला घोष (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड	उन्होंने उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दिशा में "खेत बचाओ अभियान" जैसे प्रयास भी किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है। उन्होंने कहा कि यद्यपि झारखंड उन राज्यों में शामिल नहीं है जहां DAP का अत्यधिक उपयोग होता है, फिर भी राज्य में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग पर्याप्त मात्रा में किया जाता है। उन्होंने कृषि विभाग एवं कृषि प्रसार सेवाओं (Extension Services) से जुड़े सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।	राज्य सरकार	इस संबंध में अवगत कराना है कि SLBC द्वारा भारत सरकार के "खेत बचाओ अभियान" के सफल आयोजन हेतु निदेशक, कृषि विभाग, झारखंड सरकार से पत्राचार के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए LDMs एवं बैंक शाखाओं के साथ समन्वय स्थापित कर SLBC द्वारा निर्धारित कैंपों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे जून माह में राज्य के सभी प्रखंडों में "खेत बचाओ अभियान" के अंतर्गत LDMs, बैंक शाखाओं एवं जिला कृषि पदाधिकारियों के सहयोग से कैंपों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
27	जीवा परियोजना हेतु	श्रीमति दीपमाला घोष (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड	श्रीमती दीपमाला घोष ने सदन को अवगत कराया कि NABARD द्वारा 'जीवा परियोजना' संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य Agro-Ecology आधारित, रसायन-मुक्त एवं Climate Resilient कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती (Natural Farming) को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त NABARD द्वारा जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य सतत कृषि पद्धतियों के प्रसार हेतु भी विभिन्न पहलें की जा रही हैं। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक एवं जैविक खेती से संबंधित परियोजनाओं एवं ऋण प्रस्तावों को प्रोत्साहित करें, ताकि राज्य में टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिल सके तथा किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त हो।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी संबंधित सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती से संबंधित परियोजनाओं एवं ऋण प्रस्तावों को प्राथमिकता देते हुए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
28	किसान उत्पादक संगठनों के वित्तपोषण हेतु	श्रीमति दीपमाला घोष (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड	उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान बैठक में एसएलबीसी के सहयोग से किसान उत्पादक संगठनों के वित्तपोषण हेतु एक क्रेडिट गाइड का विमोचन किया गया है। इस पुस्तिका में FPOs के विभिन्न कानूनी स्वरूपों, वित्तपोषण से पूर्व आवश्यक जांच बिंदुओं तथा कार्यशील पूंजी एवं Term Loan की आवश्यकताओं का सरल एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया है, जिससे बैंकरों को FPO वित्तपोषण में सुविधा होगी। उन्होंने बैंकों को सलाह दी कि वे केवल FPOs तक सीमित न रहकर संपूर्ण Agriculture Value Chain के विभिन्न प्रतिभागियों, जैसे किसानों, FPOs, प्रसंस्करण इकाइयों एवं राइस मिलों आदि के वित्तपोषण पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर वित्तपोषण से न केवल ऋण की गुणवत्ता एवं सुरक्षा में सुधार होता है, बल्कि संपूर्ण कृषि पारितंत्र को भी मजबूती मिलती है।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी संबंधित सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि FPOs के वित्तपोषण के साथ-साथ संपूर्ण Agriculture Value Chain के विभिन्न प्रतिभागियों, जैसे किसानों, FPOs, प्रसंस्करण इकाइयों एवं राइस मिलों आदि के वित्तपोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा पात्र परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
29	उद्यमों के वित्तपोषण हेतु	श्रीमति दीपमाला घोष (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड	उन्होंने आगे बताया कि MSME एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से NABARD ने XLRI के सहयोग से XLRI Council for Innovation and Entrepreneurship की स्थापना की है। इस केंद्र के माध्यम से नवाचार आधारित उद्यमों एवं स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा उन्हें इनक्यूबेशन, मेंटरशिप, प्रोटोटाइप विकास, कानूनी अनुपालन एवं प्रारंभिक पूंजी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस पहल के अंतर्गत विशेष रूप से महिला, जनजातीय एवं ग्रामीण उद्यमियों को बढ़ावा देने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि भविष्य में इस केंद्र द्वारा विकसित एवं इनक्यूबेट किए गए उद्यमों के वित्तपोषण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, जिससे राज्य में नवाचार एवं उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी संबंधित सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि NABARD एवं XLRI के सहयोग से स्थापित XLRI Council for Innovation and Entrepreneurship के माध्यम से विकसित एवं इनक्यूबेट किए गए पात्र उद्यमों एवं स्टार्टअप्स के वित्तपोषण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही, महिला, जनजातीय एवं ग्रामीण उद्यमियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
30	DLTC की बैठकों का आयोजन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने हेतु	श्रीमति दीपमाला घोष (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड	श्रीमती दीपमाला घोष ने सभी अग्रणी जिला प्रबंधकों से अनुरोध किया कि वे NABARD के जिला विकास प्रबंधकों तथा संबंधित जिला स्तरीय तकनीकी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय तकनीकी समिति (DLTC) की बैठकों का आयोजन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष में DLTC बैठकों के आयोजन में विलंब होने के कारण वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्केल ऑफ फाइनेंस का निर्धारण अप्रैल माह तक लंबित रहा, जिससे विभिन्न स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने आग्रह किया कि आगामी वर्षों में DLTC बैठकों का आयोजन वर्ष के प्रारंभ में ही कर लिया जाए, ताकि स्केल ऑफ फाइनेंस का समय पर निर्धारण हो सके और सभी संबंधित संस्थाओं का कार्य सुचारु रूप से संपादित हो सके।	अग्रणी जिला प्रबंधक	इस संबंध में सभी संबंधित LDMs द्वारा NABARD के जिला विकास प्रबंधकों एवं संबंधित जिला स्तरीय तकनीकी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर DLTC बैठकों का समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।
31	एनपीए नियंत्रण हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान झारखंड के बैंकिंग क्षेत्र ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार एवं ऋण प्रवाह में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। ऋण-जमा अनुपात में सुधार होकर यह 31.03.2026 तक यह अनुपात 53.78 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके साथ ही बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता (Asset Quality) में भी सुधार परिलक्षित हुआ है तथा MSME क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया गया है, जो राज्य में उद्यमिता, रोजगार सृजन एवं औद्योगिक गतिविधियों को मिल रहे प्रोत्साहन का संकेत है। उन्होंने कहा कि यद्यपि परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है, तथापि इस क्षेत्र में निरंतर सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि राज्य का सकल एनपीए स्तर अभी भी राष्ट्रीय औसत की तुलना में काफी अधिक है। अतः बैंकों को परिसंपत्ति गुणवत्ता में और सुधार लाने तथा एनपीए नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने चाहिए।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा परिसंपत्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने तथा NPA नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। राज्य का सकल NPA वर्ष-दर-वर्ष (YoY) 15.25% घटकर जून तिमाही 2026 में 4.30% हो गया है। NPA में निरंतर सुधार बनाए रखने हेतु सभी सदस्य बैंकों द्वारा आवश्यक कदम सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
32	ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	श्रीमती रक्षा मिश्र ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्राप्त उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं, जिन पर आगे और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंकों की कुछ प्रमुख प्राथमिकताओं का संक्षिप्त उल्लेख करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के ऋण-जमा अनुपात में सुधार अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह अभी भी राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऋण विस्तार की पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं, जिन्हें बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से प्रभावी रूप से साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी बैंकों से आग्रह किया कि वे उत्पादक क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने की दिशा में विशेष ध्यान एवं प्रयास करें।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा ऋण-जमा अनुपात में सुधार हेतु उत्पादक क्षेत्रों, विशेषकर कृषि, MSME एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, राज्य के ऋण-जमा अनुपात में मार्च 2026 तिमाही से जून 2026 तिमाही के दौरान सुधार हुआ है तथा यह 53.78% से बढ़कर 54.97% हो गया है। ऋण-जमा अनुपात में और सुधार हेतु सभी सदस्य बैंकों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।
33	ऋण प्रवाह कम रहने हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	श्रीमती रक्षा मिश्र ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा झारखंड के 11 जिलों की पहचान ऐसे जिलों के रूप में की गई है, जहां प्रति व्यक्ति प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (Per Capita Priority Sector Credit) ₹9,000 से कम है। इन जिलों में बोकारो, चतरा, दुमका, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, जामताड़ा, खूंटी, लातेहार, पलामू, साहिबगंज एवं सिमडेगा शामिल हैं। उन्होंने बैंकिंग समुदाय से आग्रह किया कि इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए लक्षित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि संतुलित क्षेत्रीय विकास (Balanced Regional Development) सुनिश्चित करने के साथ-साथ राज्य के ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने में भी सहायता मिलेगी।	समस्त बैंक एवं संबन्धित अग्रणी जिला प्रबंधक	इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के LDMs एवं सदस्य बैंकों द्वारा RBI द्वारा चिन्हित 11 जिलों में प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रवाह बढ़ाने हेतु विशेष एवं लक्षित प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। सभी LDMs एवं सदस्य बैंकों को निर्देशित किया गया है कि वे कृषि, MSME एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण उपलब्धता बढ़ाने हेतु आपसी समन्वय से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि इन जिलों में वित्तीय समावेशन, आर्थिक गतिविधियों एवं संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा दिया जा सके तथा राज्य के ऋण-जमा अनुपात में भी सुधार हो सके।
34	किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण वितरण को भी बढ़ाने हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने कृषि ऋण पर चर्चा करते हुए उल्लेख किया कि झारखंड की लगभग 80 प्रतिशत ग्रामीण आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों पर निर्भर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र को पर्याप्त संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना सभी हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं विद्यमान हैं। अतः बैंकों को इन क्षेत्रों के वित्तपोषण पर विशेष ध्यान देनी कि आवश्यकता है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण वितरण को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन जैसे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने तथा किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के अंतर्गत अधिकाधिक पात्र किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। इस दिशा में SLBC द्वारा राज्य के सभी प्रखंडों में LDMs, बैंक शाखाओं एवं जिला कृषि पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर KCC Saturation हेतु विभिन्न चरणों में कैंपों का आयोजन किया गया। Phase-I में 20 अप्रैल से 30 जून, Phase-II में 01 जून से 30 जून तथा Phase-III में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित इन कैंपों के माध्यम से KCC Saturation हेतु प्रयास किए गए, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।
35	लंबित Re-KYC हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक ने फोकस ग्रुप बैंकों के अंतर्गत लंबित Re-KYC मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिशा में पूर्व में सराहनीय प्रगति हुई थी, किन्तु वर्तमान में प्रगति की गति धीमी पड़ती हुई प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि फोकस ग्रुप बैंकों में Re-KYC लंबित मामलों की समीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही है तथा राज्य में लंबित मामलों का अधिकांश भाग 7-8 बैंकों में केंद्रित है। उन्होंने विशेष रूप से उन बैंकों से आग्रह किया, जहां Re-KYC की लंबित संख्या अधिक है, कि वे इसके कारणों का विश्लेषण कर मिशन मोड में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि फोकस ग्रुप के अंतर्गत शामिल अधिकांश खाते ऐसे हैं, जिनमें पिछले एक वर्ष के दौरान ग्राहक संपर्क अथवा लेनदेन हुआ है, इसलिए इनके KYC अद्यतनकरण में विशेष कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि फोकस ग्रुप के अंतर्गत लंबित Re-KYC मामलों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि राज्य का प्रदर्शन और बेहतर हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में RBI द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा लंबित Re-KYC मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाकर मिशन मोड में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। तथापि, वर्तमान तिमाही में Re-KYC लंबितता कम करने में बैंकों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत असंतोषजनक रहा है। RBI के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शीर्ष 07 बैंकों की लंबितता वाली शीर्ष 10 शाखाओं में दिनांक 20 जुलाई से 30 जुलाई 2026 के दौरान Re-KYC कैंप आयोजित किए गए, हालांकि इन कैंपों के परिणाम अपेक्षाकृत असंतोषजनक रहे। इस संबंध में SLBC द्वारा सभी संबंधित बैंकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा SLBC Sub-Committee की बैठकों में नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि लंबित Re-KYC मामलों में प्रभावी कमी सुनिश्चित की जा सके।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
36	NSFI 2.0 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	श्रीमती रक्षा मिश्र ने राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति (NSFI) 2.0 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड में 23,454 Unbanked Revenue Centres चिन्हित हैं, जहां बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना सभी बैंकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बैंक शाखाओं अथवा अन्य उपयुक्त बैंकिंग माध्यमों के जरिए इन क्षेत्रों तक प्रभावी बैंकिंग समाधान पहुंचाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि NSFI 2.0 के अंतर्गत दिसंबर 2028 तक कुल बैंकिंग संवाददाताओं में कम-से-कम 30 प्रतिशत महिला बैंकिंग संवाददाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने एसएलबीसी एवं सभी सदस्य बैंकों से अनुरोध किया कि इन लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनकी प्राप्ति हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।	एसएलबीसी एवं समस्त बैंक	इस संबंध में अवगत कराना है कि NSFI 2.0 के अंतर्गत चिन्हित 23,454 Unbanked Revenue Centers के संबंध में सभी जिलों के LDMs से Covered एवं Uncovered Locations की पहचान की गई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 7,187 Locations को BCs अथवा Brick-and-Mortar Branches के माध्यम से कवर किया जा चुका है, जबकि शेष 16,267 Uncovered Locations को NSFI 2.0 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कवर किया जाना है। उक्त Uncovered Locations हेतु LDMs द्वारा संबंधित बैंकों को Locations आवंटित की गई हैं। SLBC द्वारा विभिन्न बैठकों के माध्यम से संबंधित बैंकों के साथ उक्त कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त, NSFI 2.0 के अंतर्गत दिसंबर 2028 तक कुल BCs में न्यूनतम 30 प्रतिशत महिला BCs की भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में अवगत कराना है कि जून 2026 तिमाही तक झारखंड राज्य में कुल 1,12,475 Active BCs हैं, जिनमें 12,570 अर्थात 11.18 प्रतिशत महिला BCs हैं। दिनांक 05.07.2026 को आयोजित FI Sub-Committee की बैठक में सभी सदस्य बैंकों के साथ इस विषय की समीक्षा की गई। सभी सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि महिला BCs की नियुक्ति को गंभीरता से लेते हुए JSLPS के सहयोग से अधिकाधिक महिला BCs की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जाएगा।
37	बैंक शाखाओं, एटीएम नेटवर्क तथा अन्य बैंकिंग संपर्क बिंदुओं के विस्तार हेतु	श्रीमति रक्षा मिश्र (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक)	श्रीमती रक्षा मिश्र ने उल्लेख किया कि बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की गई कि झारखंड में प्रति लाख आबादी पर बैंक शाखाओं, बैंकिंग आउटलेट्स तथा एटीएम की संख्या राष्ट्रीय औसत की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। यह स्थिति दर्शाती है कि राज्य के अनेक क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच अभी भी सीमित है। उन्होंने विशेष रूप से 31 मार्च 2025 के उपलब्ध आँकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि **चतरा, साहिबगंज, पाकुड़, सिमडेगा, गुमला तथा जामताड़ा** जैसे जिले भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रकाशित वित्तीय समावेशन सूचकांक (Financial Inclusion Index) के अनुसार निचले स्तर में आते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबन्धकों से अनुरोध किया कि इन जिलों में बैंक शाखाओं, एटीएम नेटवर्क तथा अन्य बैंकिंग संपर्क बिंदुओं के विस्तार हेतु विशेष प्रयास किए जाएँ, ताकि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जा सके तथा आम जनता को सुलभ बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।	समस्त बैंक एवं संबन्धित अग्रणी जिला प्रबंधक	इस संबंध में सभी संबंधित सदस्य बैंकों एवं संबंधित LDMs द्वारा राज्य के अपेक्षाकृत कम वित्तीय समावेशन वाले जिलों, विशेषकर चतरा, साहिबगंज, पाकुड़, सिमडेगा, गुमला एवं जामताड़ा में बैंक शाखाओं, ATM नेटवर्क एवं अन्य Banking Outlets के विस्तार हेतु विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, संबंधित LDMs एवं बैंकों को आपसी समन्वय से बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने तथा वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।
38	वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वयं सहायता समूहों हेतु निर्धारित लक्ष्य	श्री मनोज कुमार (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार)	ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने कहा कि अब स्वयं सहायता समूह आंदोलन एक परिपक्व अवस्था में पहुँच चुका है और उनकी उत्पादक गतिविधियों के विस्तार हेतु अधिक ऋण सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वयं सहायता समूहों हेतु निर्धारित ₹5,000 करोड़ के ऋण लक्ष्य को पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। साथ ही, जिन बैंकों का प्रदर्शन पिछले वर्ष अपेक्षानुरूप नहीं रहा, उनसे लक्ष्य प्राप्ति हेतु अतिरिक्त प्रयास करने का अनुरोध किया।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वयं सहायता समूहों (SHGs) हेतु निर्धारित ऋण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेष एवं लक्षित प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है।
39	बैंकिंग संवाददाताओं की नियुक्ति हेतु	श्री मनोज कुमार (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार)	ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने बैंकिंग संवाददाताओं की नियुक्ति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को बैंकिंग संवाददाता के रूप में अधिकाधिक अवसर प्रदान किए जाने चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार दिसंबर 2028 तक महिला बैंकिंग संवाददाताओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में बैंकों को दिया गया लक्ष्य न्यूनतम है तथा बैंक इससे आगे बढ़कर भी कार्य कर सकते हैं। राज्य में वित्तीय सेवाओं के विस्तार तथा लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैंकिंग संवाददाताओं का नेटवर्क सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है, ताकि लोगों को बैंकिंग सेवाएँ उनके निकट उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं सामुदायिक कार्यों का पर्याप्त अनुभव प्राप्त है, जिससे वे प्रभावी बैंकिंग संवाददाता की भूमिका निभा सकती हैं। अतः बैंकों से अनुरोध किया गया कि वे अधिकाधिक एसएचजी सदस्यों को बैंकिंग संवाददाता के रूप में नियुक्त करने पर विचार करें।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की महिला सदस्यों को बैंकिंग संवाददाता (BC) के रूप में अधिकाधिक अवसर प्रदान करने तथा दिसंबर 2028 तक महिला BCs की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, बैंकों द्वारा निर्धारित न्यूनतम लक्ष्य से आगे बढ़कर अधिकाधिक SHG महिला सदस्यों को BC के रूप में नियुक्त करने तथा वित्तीय समावेशन एवं बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
40	PMJJBY एवं PMSBY के दावों के निपटारे हेतु	श्री मनोज कुमार (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार)	श्री मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त दावों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने उल्लेख किया कि कई मामलों में दावों के निपटारे में अपेक्षाकृत अधिक समय लग जाता है, जिससे लाभार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि इन योजनाओं के अंतर्गत लंबित दावों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के अंतर्गत लंबित दावों का शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है। दिनांक 05 अगस्त 2026 को SLBC द्वारा आयोजित FI Sub-Committee की बैठक में इस विषय की समीक्षा की गई तथा अधिक लंबितता वाले बैंकों को लंबित दावों का त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
41	स्वयं सहायता समूहों को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने हेतु	श्री मनोज कुमार (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार)	श्री मनोज कुमार ने स्वयं सहायता समूहों को मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में कहा कि जेएसएलपीएस द्वारा अनुशंसित ऋण आवेदनों का विभिन्न स्तरों पर परीक्षण एवं सत्यापन किए जाने के उपरांत ही उन्हें बैंकों को अग्रेषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के कारण बैंक शाखाओं को प्राप्त अधिकांश आवेदन पूर्व-सत्यापित एवं आवश्यक रूप से जांचे-परखे होते हैं। उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि यदि किसी आवेदन के संबंध में अतिरिक्त जांच अथवा दस्तावेजों की आवश्यकता हो तो उसका निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अनेक ऋण आवेदन शाखाओं में लंबे समय तक लंबित रहते हैं, जिससे ऋण वितरण प्रक्रिया प्रभावित होती है। अतः बैंकों से लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण तथा समयबद्ध ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि स्वयं सहायता समूहों के JSLPS द्वारा अनुशंसित मुद्रा ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण (Disposal) तथा लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, पात्र आवेदनों पर समयबद्ध ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
42	RSETIs से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों हेतु	श्री मनोज कुमार (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार)	ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने RSETIs के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कहा कि गत वर्ष प्रशिक्षण का निर्धारित लक्ष्य पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो सका था। उन्होंने बैंकों से चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित प्रशिक्षण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि RSETIs द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु बैंक ऋण उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों के निस्तारण एवं क्रेडिट लिंकेज की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि बैंक अपने ही संस्थानों द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं देंगे, तो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रभावित होगा। उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि RSETIs से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा उनकी क्रेडिट लिंकेज में सुधार लाया जाए, ताकि प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में RSETI से संबंधित बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित प्रशिक्षण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, सभी सदस्य बैंकों द्वारा RSETIs से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के Credit Linkage में सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।
43	स्वयं सहायता समूह एवं RSETI कार्यक्रम हेतु	श्री मनोज कुमार (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार)	श्री मनोज कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूह आंदोलन एवं RSETI कार्यक्रम झारखंड के ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने बैंकों द्वारा अब तक प्रदान किए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की वर्तमान प्रगति में बैंकिंग क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बैंकों से आगामी वर्षों में और अधिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त उद्यमी के रूप में विकसित किया जा सके तथा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के समावेशी विकास को गति मिल सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों (SHGs) एवं RSETIs के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं एवं युवाओं के सशक्तिकरण हेतु आगामी वर्षों में भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, SHGs को आत्मनिर्भर एवं सशक्त उद्यमी के रूप में विकसित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के समावेशी विकास को बढ़ावा देने हेतु ऋण एवं अन्य आवश्यक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
44	PMFME योजना हेतु	श्री अरवा राजकमल (सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार)	उद्योग विभाग के सचिव ने PMFME की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यद्यपि राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एमएसएमई ऋण वितरण में निर्धारित ₹40,000 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध ₹48,000 करोड़ से अधिक की उपलब्धि हासिल की है, तथापि PMFME जैसी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समर्थित महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म उद्यमों के लिए यह एक आकर्षक योजना है, जिसमें अनौपचारिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को भी लाभ प्रदान किया जाता है। इसके बावजूद स्वीकृतियों एवं ऋण वितरण की प्रगति संतोषजनक नहीं रही, जिस पर सभी हितधारकों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों का ध्यान बड़ी संख्या में अस्वीकृत आवेदनों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि कई मामलों में आवेदन ऐसे कारणों से अस्वीकृत किए गए हैं, जिनकी पुनः समीक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से आवेदक बैंक का ग्राहक नहीं होना, आवेदक का शाखा में उपस्थित न होना, सेवा क्षेत्र से बाहर होना अथवा अस्पष्ट कारणों से आवेदन अस्वीकृत किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि PMFME योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सकारात्मक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन किया जाए तथा अस्वीकृति के कारणों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता में सुधार लाया जाए, ताकि योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित हो सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा PMFME योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों का सकारात्मक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन करने तथा पात्र आवेदनों का शीघ्र निस्तारण एवं ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है। इस संबंध में SLBC द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु PMFME योजना के अंतर्गत Fresh Sanction एवं Disbursement के लिए बजट आवंटित किया गया है तथा विभिन्न बैठकों के माध्यम से इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी, ताकि योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित हो सके।
45	PMEGP योजना हेतु	श्री अरवा राजकमल (सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार)	श्री अरवा राजकमल ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण स्वरोजगार योजनाओं में से एक है तथा वर्तमान में भी युवाओं को उद्यमिता के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह विचारणीय विषय है कि जहाँ बैंक विभिन्न ऋण योजनाओं, विशेषकर मुद्रा योजना, में लक्ष्यों से अधिक उपलब्धि प्राप्त कर रहे हैं, वहीं PMEGP के लक्ष्यों की प्राप्ति अपेक्षानुरूप नहीं हो पा रही है, जबकि इस योजना को केंद्र सरकार का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। उन्होंने उल्लेख किया कि एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न पहलें संचालित की जा रही हैं। एक ओर भारत सरकार द्वारा उद्यम पोर्टल एवं अन्य सहायता तंत्र के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, वहीं राज्य सरकार भी अपनी एमएसएमई प्रोत्साहन नीति एवं अन्य सहायक कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि PMEGP के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण एवं ऋण वितरण में विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि योजना के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित हो सके तथा राज्य में रोजगार सृजन एवं उद्यमिता विकास को और गति मिल सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा PMEGP योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण एवं समयबद्ध ऋण स्वीकृति तथा ऋण वितरण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है, ताकि योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ राज्य में रोजगार सृजन एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा दिया जा सके।
46	सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन	श्री सुब्रत कुमार (कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया)	बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक ने राज्य में बैंकिंग क्षेत्र द्वारा विभिन्न मानकों पर प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि बैंकों ने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति, अटल पेंशन योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन, ऋण जमा अनुपात में सुधार तथा एनपीए में कमी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यद्यपि बैंकिंग क्षेत्र का समग्र प्रदर्शन संतोषजनक रहा है, फिर भी PMFME, PMEGP तथा अन्य प्राथमिकता वाली सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सभी बैंकों से इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैंकिंग क्षेत्र राज्य सरकार एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा, ताकि इन योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुँच सके तथा राज्य के समावेशी विकास के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा PMFME, PMEGP एवं अन्य प्राथमिकता वाली सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण, समयबद्ध ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने तथा योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है।
47	प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना हेतु	श्री सुब्रत कुमार (कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया)	बैठक के अध्यक्ष श्री सुब्रत कुमार ने अपने संबोधन में बैंकों का ध्यान भारत सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबंधकों से अनुरोध किया कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से जुड़ सकें तथा योजना का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुँच सके।	समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, अधिकाधिक परिवारों को योजना से जोड़ने एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु SLBC द्वारा बैंकवार एवं जिलावार लक्ष्य निर्धारित कर आवंटित किया गया है। राज्य के लिए ₹20.00 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी सदस्य बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड की 95वीं त्रैमासिक (मार्च 2026)समीक्षा बैठक की कृत कार्यवाही (ATR)

क्रम संख्या	कार्य विंदु	द्वारा सुझाए गए	विवरण	कृत कार्यवाही हेतु आबंटित	कृत कार्यवाही (ATR)
48	गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना हेतु	श्री सुब्रत कुमार (कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया)	श्री सुब्रत कुमार ने राज्य सरकार की गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि योजना के तहत ऋण स्वीकृतियों में 166 प्रतिशत तथा ऋण वितरण में 108 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त इस सकारात्मक गति को आगामी वर्षों में भी बनाए रखा जाए, ताकि अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त सकारात्मक प्रगति को बनाए रखते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों के नामांकन, ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है, ताकि योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।
49	KRISHIKA ऐप हेतु	श्री सुब्रत कुमार (कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया)	बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक ने KRISHIKA ऐप के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कृषि ऋण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड अभियान एवं संस्थागत कृषि ऋण की पहुँच को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी बैंकों एवं संबंधित हितधारकों से अनुरोध किया कि कृषिका ऐप को मिशन मोड में अपनाते हुए अभियान को सक्रिय रूप से संचालित करें तथा अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का प्रयास करें, ताकि कृषि ऋण की पहुँच और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल सके।	समस्त बैंक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा KRISHIKA ऐप के माध्यम से KCC अभियान एवं संस्थागत कृषि ऋण की पहुंच को बढ़ावा देने हेतु मिशन मोड में आवश्यक कार्रवाई करने तथा अधिकाधिक पात्र किसानों को इससे जोड़ने का आश्वासन दिया गया है, ताकि कृषि ऋण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सके तथा वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ किया जा सके।
50	बैंक शाखा विस्तार हेतु	श्री सुब्रत कुमार (कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया)	श्री सुब्रत कुमार ने बैंक शाखा विस्तार की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के दौरान निर्धारित 97 शाखाओं के लक्ष्य के विरुद्ध 92 शाखाएँ खोली गई हैं। उन्होंने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कुछ बैंक अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नई शाखाएँ खोलने में सफल नहीं हो सके हैं। उन्होंने संबंधित बैंकों से अनुरोध किया कि वे लंबित शाखा विस्तार प्रस्तावों की पुनः समीक्षा करें तथा वर्तमान वर्ष के लक्ष्यों के साथ-साथ पिछले वर्ष के अपूर्ण लक्ष्यों को भी शीघ्र पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आगामी SLBC बैठक में इस विषय की पुनः समीक्षा की जाएगी।	समस्त बैंक	इस संबंध में सभी सदस्य बैंकों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि वित्तीय वर्ष के निर्धारित शाखा विस्तार लक्ष्यों के साथ-साथ पिछले वर्ष के अपूर्ण लक्ष्यों की भी समीक्षा करते हुए लंबित शाखा विस्तार प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा शेष शाखाओं को शीघ्र खोला जाना सुनिश्चित किया जाएगा।
